www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

//-- सुविचार --//

सफलता की सीढ़ियां चढ़ते समय यह भी मायने रखता है कि आपके जूते कितने मजबूत है।

सूर्योदय-सूर्यास्त

उदय : 06:08 प्रात:

अस्त : 05:53 संध्या

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	33.0	18.0
जमशेदपुर	37.0	17.0
हजारीबाग	35.0	18.0
डालटनगंज	37.0	17.0

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 5 | झारखंड 6 | अभिव्यक्ति 7 | झारखंड

रांची, रविवार, 05 मार्च 2023, फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2079 वर्ष-08 अंक-315 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

संक्षिप्त

भारतीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग टीम में झारखंड के पांच खिलाड़ी

रांची। काठमांडू में इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 10 मार्च से 13 मार्च तक हो रहा है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन काठमांडू के दशरथ इनडोर स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें भारत समेत अन्य देशों के खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में प्रतियोगिता के लिए झारखंड के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें हेमा कुमारी, हिमा तिर्की, अशोक कुमार गुप्ता, रत्नेश कुमार एवं शुभम साहू शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को 10 मार्च को काठमांडू में रिपोर्ट करना है।

विराट-अनुष्का ने किए महाकाल के दर्शन

उज्जैन। बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा पति विराट कोहली संग शुक्रवार को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और पति विराट कोहली कड़ी सुरक्षा के बीच महाकाल मंदिर पहुंचे जहां भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान अनुष्का साड़ी और माथे पर भस्म लगाए शिवलिंग की पूजा करती दिखाई दे रही हैं।

कोरोना टीका 'स्पूतनिक वी' के निर्माण से जुड़े वैज्ञानिक की हत्या

मॉस्को। रूस के प्रमुख चिकित्सा विज्ञानी आंद्रे बोतिकोव की उनके घर पर हत्या कर दी गई। 47 वर्षीय आंद्रे की कोविड-19 रोधी टीका स्पूतनिक वी तैयार करने वाले वैज्ञानिकों में प्रमुख भूमिका रही है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने अपनी रिपोर्ट्स में दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिक आंद्रे बोतिकोव की उनके आवास पर बेल्ट से गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस रिपोर्ट में इंवेस्टिगेटिव कमेटी ऑफ द रूसी फेडरेशन के हवाले से साफ किया गया है कि गामालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड मैथमेटिक्स में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में काम करने वाले आंद्रे बोतिकोव गुरुवार को अपने अपार्टमेंट में मृत मिले हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2021 में कोविड टीके के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए बोतिकोव को ऑर्डर ऑफ मेरिट फॉर द फादरलैंड पुरस्कार से सम्मानित किया था।

शिक्षा विभाग में 1.42 लाख समेत झारखंड में 2.87 लाख सरकारी पद रिक्त

गृह व स्वास्थ्य विभाग में 89 हजार पद खाली

कृषि व पथ समेत अन्य सभी विभागों में पद रिक्त

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: झारखंड के युवा रोजगार की तलाश में आंदोलनरत है। वहीं अलग राज्य गठन के 22 साल से अधिक गुजर जाने के बावजूद अब तक नियोजन नीति पर सहमति नहीं बन पाई है। सीएम हेमंत सोरेन की ओर से हाल में नियोजन नीति के नए प्रारूप को मंजूरी दी गई। इस नीति से युवाओं की तकदीर किस तरह से बदल पाएगी, यह बता पाना मुश्किल हैं। लेकिन अगर सरकार की इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो करीब 3 लाख युवाओं को तत्काल सरकारी नौकरी मिल सकती है। झारखंड के विभिन्न विभागों में फिलहाल 2 लाख 87 हजार 1 सौ 29 पद खाली है। सबसे अधिक पद शिक्षा विभाग में खाली है, जहां एक लाख 42 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सकता है। दूसरा स्थान गृह विभाग का है, जहां 58 हजार 4 सौ 67 पद खाली पड़े है। तीसरा स्थान स्वास्थ्य विभाग है, 30 हजार 5 सौ 91 पद रिक्त है। शिक्षा, गृह और स्वास्थ्य विभाग में इतनी संख्या में पद खाली रहने से आम लोगों पर असर पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के लिए अब प्राईवेट स्कूलों पर निर्भरता बढ़ी है। वहीं गृह विभाग में पद रिक्त होने से विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी परेशानी आ रही है। जबकि स्वास्थ्य विभाग में पद रिक्त होने के कारण समय-समय पर निजी अस्पतालों की मनमानी की खबर भी सामने आती हैं। शिक्षा, गृह और स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने से आम लोगों की कई परेशानियां कम हो सकती हैं।

प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में 1.42 लाख पद रिक्त

झारखंड में स्वीकृत नियमित पदों की कुल संख्या 4 लाख 66 हजार 494 है। इसमें से सिर्फ 1 लाख 79 लाख 3 सौ 65 पद पर ही लोग कार्यरत है। इस तरह से 2 लाख 87 हजार से अधिक पद रिक्त है। इसमें सबसे ज्यादा पद शिक्षा विभाग में खाली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्राथमिक और माध्यामिक शिक्षा विभाग में 1लाख 42 हजार 35 पद रिक्त है। प्राथमिक शिक्षा विभाग में 1 लाख 17 हजार स्वीकृत है। जिसमें से सिर्फ 36 हजार पर लोग कार्यरत है। इसी तरह से माध्यमिक शिक्षा में 70083 पद नियमित पद स्वीकृत है, जिसमें सिर्फ 8944 पर ही लोग कार्यरत है।

स्वास्थ्य व गृह विभाग की स्थिति

झारखंड में स्वास्थ्य और गृह विभाग में 89 हजार से अधिक पद खाली है। गृह विभाग में 58 हजार 467 पद खाली है, जबकि स्वास्थ्य विभाग में 30 हजार 591 पद खाली है। रिपोर्ट के अनुसार गृह विभाग में एक लाख 33 हजार पद स्वीकृत है, जिसमें 74 हजार 919 पद पर लोग कार्यरत है। स्वास्थ्य विभाग में 60 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त है। स्वास्थ्य विभाग में 41 हजार 956 पद स्वीकृत है, जिसमें सिर्फ 11 हजार 365 पर ही लोग कार्यरत है।

कई विभागों में 40 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त

झारखंड में शिक्षा, गृह और स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, बल्कि कृषि पथ निर्माण और अन्य सभी विभागों में भी बड़ी संख्या में पद रिक्त है। कई विभागों में तो 40 प्रतिशत पद रिक्त है। कृषि विभाग में 5327 में से 1441 पद पर कार्यरत बल है। इसी तरह से पशुपालन विभाग में 3364 स्वीकृत पद में से 1481 पद पर लोग कार्यरत है। भवन निर्माण में 1284 पद में से 494 पद, वित्त विभाग में 1501 में से 255 और खाद्य आपूर्ति में 1234 में से 325 पद पर लोग कार्यरत है। वन विभाग में 7560 पद में से 3413 पद, उद्योग विभाग में 2034 में से सिर्फ 365 पद पर कार्यरत बल है। श्रम विभाग में 4295 पदों में से सिर्फ 925 पद पर ही कार्यरत बल है। ग्रामीण विकास में 7288 स्वीकृत पद में से 3419 पर लोग कार्यरत है।

त्वरित एक्शन. रांची में बर्ड फ्लू को लेकर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन

संक्रमित क्षेत्र में कुक्कुटों की खरीद बिक्री पर रोक

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। रांची के जेल मोड़ स्थित पुराना अतिथि गृह के समीप से बर्ड फ्लू से कुक्कुटों की मौत की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन किया गया है।

शनिवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर सात आरआरटी टीम का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारी सहित चार सदस्य हैं। एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम की ओर से जेल मोड़ रांची नगर निगम वार्ड नंबर-19 के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करने को कहा गया है। इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है।

आरआरटी एक्शन प्लान के आलोक में एपिसेंटर से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण कार्य करेगी। ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम की ओर से एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में बर्ड फ्लू की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा। आरआरटी टीम को इस दौरान जेल मोड, नगड़ाटोली, वर्धमान कंपाउंड, लालपुर, प्लाजा चौक, लोहराकोचा, जेल मोड़ से अपर बाजार, करमटोली, लोअर करमटोली एवं करमटोली चौक, कचहरी चौक, राजभवन, रातू रोड चौक, मुख्यमंत्री आवास, मोरहाबादी, चडरी, फिरायालाल इलाके में निगरानी रखने का कार्य करेगा। साथ ही संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट, अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगा दी गयी है। उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर जेल मोड़ (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों और अण्डा का खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के घर पर मरी मुर्गियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि

रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के रांची स्थित घर में मरी मुर्गियों में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लुएंजा) होने की पुष्टि हुई है। इससे पहले बोकारो स्थित पशुपालन विभाग के सरकारी फॉर्म में बर्ड फ्लू होने की पुष्टि हुई थी। वहां की सभी मुर्गियों को मार दिया गया है। आसपास के इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है। पशुपालन विभाग ने इससे संबंधित निर्देश भी जारी किया है। पशुपालन विभाग के निदेशक चंदन कुमार ने अर्जुन मुंडा के घर में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लूएंजा) होने की पुष्टि की है। इधर, केन्द्र के पशुपालन विभाग के संयुक्त सचिव यू बासु ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कोलकाता और भोपाल की रिपोर्ट की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी जाए। प्रभावित इलाके के 10 किलोमीटर दायरे को सर्विलांस पर डालने का निर्देश दिया गया है। पशुपालन निदेशक ने बताया कि जहां बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है, उसके एक किमी क्षेत्र में सारे पोल्ट्री का सर्वेक्षण करने का आदेश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया है, ताकि इस क्षेत्र की सारी मुर्गियों को मारने को लेकर शीघ्र निर्णय लिया जा सके। उन्होंने 10 किमी परिधि को सर्विलांस जोन घोषित करते हुए वहां निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। जहां के सैंपल में वायरस की पुष्टि हुई है, वहां की सारी मुर्गियों को वैज्ञानिक विधि से मारने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को पवित्र त्योहार होली की दी शुभकामनाएं

झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन, बजे ढोलक-झाल

रांची। झारखंड विधानसभा में शनिवार को स्पीकर रविन्द्र नाथ महतो ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, राजेश कच्छप, इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर होली त्योहार की हार्दिक बधाई दीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंड वासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि होली त्योहार सभी के बीच खुशियां बांटने का त्योहार है। इस वर्ष की होली एक-एक झारखंड वासियों के जीवन में खुशियों का नया-नया रंग लेकर आए, यही ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड की समस्त जनता साथ मिलकर रंग-रूप, गरीबी-अमीरी, जाति-धर्म से ऊपर उठकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम करें, हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए।

रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन व हारिस बिन जमां ट्रैफिक एसपी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: गृह कारा एंव आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा आठ आईपीएस अधिकारियों स्थानांतरित करते हुये पदस्थापित किया गया है। शनिवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

अनिल पाल्टा, भापुसे (1990). महानिदेशक, रेल, झारखण्ड राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, झारखण्ड, राँची, अनुराग गुप्ता, भापुसे (1990), महानिदेशक, प्रशिक्षण, झारखण्ड, रांची को स्थानांतरित कर अगले आदेश तक महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रांची, के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं उन्हें पदस्थापन अवधि तक के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची के पद को महानिदेशक कोटि में उत्क्रमित किया गया है। वहीं प्रशांत सिंह भापुसे(1992)पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, रांची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची और मनोज कौशिक,भापुसे (2001). पुलिस महानिरीक्षक, सम्प्रति पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत को अगले आदेश तक पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय), झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं मनोज कौशिक अपने कार्यों के अतिरिक्त प्रभात कुमार, भापुसे (2004) के अवकाश अवधि तक के लिए पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखण्ड, राँची तथा पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, झारखण्ड रांची के प्रभार में भी रहेंगे। पंकज कम्बोज,भापुसे (2005). प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित किया जाता है । इसके साथ ही अपने कार्यों के अतिरिक्त प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, राँची के प्रभार में भी रहेंगे। अनुप बिरथरे, भापुसे (2007), पुलिस उप-महानिरीक्षक, एस०टी०एफ०. झारखण्ड, राँची (अतिरिक्त प्रभार- पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, झारखण्ड, राँची) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उप महानिरीक्षक, राँची , हारिस बिन जमाँ, भापुसे (2017). सहायक पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), गिरिडीह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस अधीक्षक (यातायात) और शुभांशु जैन, भापुसे (2019), सहायक पुलिस अधीक्षक (नगर) जमशेदपुर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस अधीक्षक (नगर), राँची रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

सावधान! न पड़े रंग में भंग. होली बर्बाद करने के 'मेगा ऑफर' से सावधान!

'जामताड़ा गैंग' ने बनाया 'मास्टर प्लान'

रांची : होली बस आने ही वाली है, लोगों ने घरों में तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। यहां तक की कई जगहों पर तो होलियां खेली भी जाने लगी हैं। होली देश के बड़े त्योहारों में से एक है और तकरीबन हर राज्य में इसको धूमधाम से मनाया भी जाता है। ऐसे में कुछ लोग इस त्योहार के जरिए लूट को अंजाम देने के मौके भी ढूंढते हैं। होली पर जामताड़ा गैंग ने भी अपनी पूरी तैयारी कर ली है, उसने बिछा दिया है लोगों को लूटने का जाल।

'होली पर पाए मेगा डिस्काउंट', 'रंगो के त्योहार पर बड़ी छूट', 'इलेक्ट्रानिक आइटम पर 50 प्रतिशत तक का डिस्काउंट', 'फेस्टिवल बोनेंजा ऑफर', ऐसे न जाने कितने ही लुभावने विज्ञापन इन दिनों आपके पास आ सकते हैं। कभी मैसेज के इनबॉक्स में, कभी फेसबुक पर, कभी व्हाट्सएप पर तो कभी ईमेल के जरिए, या फिर किसी और तरीके से। होली-दिवाली देश के दो ऐसे बड़े त्योहार है जिसमें हर कोई खरीदारी करता है। खरीदारी के वक्त अगर डिस्काउंट मिल जाए तो ये बात लोगों को बेहद पसंद आती है।

जामताड़ा गैंग की चाल से सावधान!

बस यही से शुरू होता है लूट का बाजार। होली की इन्हीं ऑफर को भेजकर ये साइबर क्रिमिनल लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। फ्री गिफ्ट्स, वाऊचर, कूपन, कैशबैक जैसी स्कीम के जरिए लोगों के नंबरों पर भेजा रहा है एक ऐसा साइबर लिंक जिसके तार जामताड़ा गैंग से जुड़े हुए हैं। लुभावने ऑफर देखकर लोग इनके जाल में फंसते चले जा रहे हैं।

मोबाइल पर भेज जा रहे हैं होली के लिंक

दरअसल जैसे ही आप इनके बताए लिंक पर क्लिक करते हैं तो आपके मोबाइल की सारी डिटेल्स इन तक पहुंच जाती हैं। कई बार इस लिंक को ओपन करने के बाद कुछ जानकारियां भी लोगों से मांगी जाती, ये कहकर की होली से पहले उन तक गिफ्ट या फिर गिफ्ट वाउचर भेजा जाएगा। थोड़ी सी चीजों के लालच में लोग अपने जरूरी डाटा खुद ही इन जालसाजो तक पहुंचा देते हैं। झारखंड के जामताड़ा में ही नहीं इस तरह के साइबर क्रिमिनल्स पूरे देश में होली की ऑफर के नाम पर अपना जाल बिछाए हुए हैं।

पुलिस ने लोगों से की सतर्क रहने की अपील

पुलिस ऐसे अपराधियों को लेकर लगातार लोगों को सतर्कता बरतने की हिदायतें दे रही है। सोशल साइट्स, रेडियो, टेलिविजन और अखबारों के माध्यम से हर स्टेट की पुलिस लोगों से जामताड़ा और दूसरे साइबर क्रिमिनल्स से बचने की अपील कर रही है, लेकिन बावजूद इसके रोज दर्जनों साइबर फ्रॉड दर्ज हो रहे हैं।

राष्ट्रपति ने मुन्नी देवी को किया सम्मानित

कांके प्रखंड की पिठोरिया पंचायत की मुखिया हैं मुन्नी देवी

अपनी पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मान

दिल्ली के विज्ञान भवन में किया गया सम्मानित

रांची/ दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में चार मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राँची जिला के कांके प्रखंड के पिठोरिया पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी को अपने पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छ्ता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मनित किया गया। ये पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। विशेष कर पिठोरिया पंचायत के ग्रामीण इस सम्मान को पा कर अत्यंत प्रसन्न हैं।

बता दें कि स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के लिए स्वच्छता, तरल कचरा प्रबंधन, ओडीएफ प्लस ग्राम, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण (कैच द रैन) श्रेणियों में कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधि स्वच्छ ग्राही नेचुरल लीडर को सम्मानित करने हेतु 15 फरवरी तक ऑनलाइन नॉमिनेशन किया गया था। उक्त संदर्भ में रांची जिला से माननीय मुखिया मुन्नी देवी नामित हुई थी।

फैल रहा है बर्ड फ्लू, लक्षण दिखने पर हो जाएं सावधान : डॉ सुशील प्रसाद

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : एक हफ्ते पहले ही बोकारो जिले में बर्ड फ्लू के कारण मुर्गियों और बत्तखों की मौत हुई थी. अब राजधानी रांची में मृत मुर्गियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है. रांची के जेल मोड़ में कुछ मुर्गियों की मौत के बाद पोल्ट्री के सैंपल भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल भेजे गए थे, जिसमें एवियन इन्फ्लुएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है. केंद्र सरकार ने भी रांची में मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) के प्रकोप की पुष्टि की है, इसके नियंत्रण और रोकथाम के लिए राज्य सरकार को निर्देश दिया है. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डीन वेटनरी एवं पोल्ट्री विशेषज्ञ डॉ सुशील प्रसाद ने बताया कि ऐसे हालात में संक्रमित इलाके की निगरानी और संक्रमित पोल्ट्री तक आम आदमी की पहुंच को प्रतिबंधित करने की जरुरत है. साथ ही पक्षियों को नष्ट करने, मृत पक्षियों के निपटान समेत सुरक्षा के सभी उपाय अपनाने की आवश्यकता है. संक्रमित इलाके के एक किलोमीटर के अंदर के मुर्गियों को मारने के उपाय और साथ ही 10 किमी के दायरे के क्षेत्रों में भी निगरानी की जानी होगी. उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह बोकारो जिले में कड़कनाथ मुर्गे में बर्ड फ्लू फैलने की पुष्टि के बाद मुर्गियों और बत्तखों समेत कुल 3,856 पक्षियों को मार दिया गया था. भारत में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ते जा रहे हैं. बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की वजह से होता है. राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड और हिमाचल प्रदेश में इस वायरस को लेकर अलर्ट

जारी किया गया है.

डॉ सुशील प्रसाद बताते है कि बर्ड फ्लू एक वायरल इंफेक्शन की तरह है, जो ना सिर्फ पक्षियों बल्कि दूसरे अन्य जानवरों और इंसानों के लिए भी उतना ही खतरनाक है. हल्ठड के मुताबिक, एच5एन1 भी इन्फ्लुएंजा वायरस का एक प्रकार है, जो बेहद संक्रामक होता है और पक्षियों में एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) बीमारी को जन्म देता है. हालांकि, इंसानों में एच5एन1 के संक्रमण के मामले कभी-कभी सामने आते हैं, लेकिन इसका एक इंसान से दूसरे इंसानों में फैलना मुश्किल होता है.

बर्ड फ्लू के लक्षण

बर्ड फ्लू होने पर कफ, डायरिया, बुखार, सांस से जुड़ी दिक्कत, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश, नाक बहना और बेचैनी जैसी समस्या हो सकती है. इन लक्षणों के दीखने और बर्ड फ्लू की चपेट या संपर्क में आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं. मनुष्यों में संक्रमण के लक्षणों में पीठ के ऊपरी हिस्से में गंभीर दर्द, बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सर्दी और थूक में खून शामिल हैं. ऐसे में मृत पक्षी देखे जाने पर लोगों को इसकी सूचना देने की जरुरत है.

क्यों होता है बर्ड फ्लू

बर्ड फ्लू कई तरह के होते हैं. लेकिन एच5एन1 पहला ऐसा एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस है, जो इंसानों को संक्रमित करता है. इसका पहला मामला 1997 में हॉन्गकॉन्ग में आया था. उस समय बर्ड फ्लू के प्रकोप को पोल्ट्री फार्म में संक्रमित मुर्गियों से जोड़ा गया था. एच5एन1 प्राकृतिक रूप से पक्षियों में होता है. लेकिन ये पालतू मुर्गियों में आसानी से फैल जाता है. ये बीमारी संक्रमित पक्षी के मल, नाक के स्राव, मुंह के लार या आंखों से निकलने वाली पानी के संपर्क में आने से होता है. संक्रमित मुर्गियों के 165 डिग्री सी पर पकाए गए मांस या अंडे के सेवन से बर्ड फ्लू नहीं फैलता है, लेकिन संक्रमित मुर्गी के अंडों को कच्चा या उबालकर नहीं खाना चाहिए.

किन लोगों को होता है बर्ड फ्लू का खतरा

एच5एन1 में लंबे समय तक जीवित रहने की क्षमता होती है. संक्रमित पक्षियों के मल और लार में ये वायरस 10 दिनों तक जिंदा रहता है. दूषित सतहों को छूने से ये संक्रमण फैल सकता है. इसके फैलने का सबसे ज्यादा खतरा मुर्गीपालन से जुड़े लोगों को होता है. इसके अलावा संक्रमित जगहों पर जाने वाले, संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले, कच्चा या अधपका मुर्गा-अंडा खाने वाले या संक्रमित मरीजों की देखभाल करने वाले लोगों को भी बर्ड फ्लू हो सकता है.

क्या है इलाज

अलग-अलग तरह के बर्ड फ्लू का अलग-अलग तरीकों से इलाज किया जाता है. लेकिन ज्यादातर मामलों में एंटीवायरल दवाओं से इसका इलाज किया जाता है. लक्षण दिखने के 48 घंटों के भीतर इसकी दवाएं लेनी जरूरी होती हैं. बर्ड फ्लू से संक्रमित व्यक्ति के अलावा उसके संपर्क में आए घर के अन्य सदस्यों को भी ये दवाएं लेने की सलाह दी जाती है, भले ही उन लोगों में बीमारी के लक्षण ना हों.

कैसे करें बचाव

इन्फ्लूएंजा से बचने के लिए डॉक्टर फ्लू की वैक्सीन लगवाने की सलाह दे सकते हैं. इसके अलावा लोग खुले बाजर में जाने, संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने और अधपका चिकन खाने से बचें. लोग अपने आपको हाइजीन बनाए रखें और समय-समय पर अपने हाथ धोते रहें.

विधानसभा के बजट सत्र में छठे दिन नियोजन नीति पर विपक्ष का हंगामा

भाजपा विधायकों को स्पीकर की फटकार

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन शनिवार को नियोजन नीति को लेकर भोजनावकाश के बाद भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्ष के विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे।इस दौरान विपक्षी विधायक सदन में रिपोर्टर मेज को थपथपा कर नारेबाजी करते नजर आए। विपक्षी विधायकों के इस आचरण पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो काफी नाराज हो गए। उन्होंने बार- बार विधायकों से मेज नहीं थपथपाने की अपील की लेकिन विपक्ष के विधायक उनकी अपील को नजरअंदाज करते रहे। विधायक मुख्यमंत्री इस्तीफा दो, वादा तोड़ने वाली सरकार हाय-हाय, युवा विरोधी सरकार होश में आओ के नारे लगा रहे हैं। विधायकों के हंगामे से स्पीकर नाराज हो गये और विधायकों को फटकार लगायी। इस बीच कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और उमा शंकर अकेले वेल में आकर बीजेपी विधायकों का विरोध किया। इस हंगामे के बीच विधायक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाय हाय के नारे लगा रहे हैं। विपक्ष के आचरण से नाराज स्पीकर ने कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आपलोग रिपोर्टिंग टेबल से हटकर हंगामा करें नहीं तो बहुत कुछ हो सकता है। विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पर चर्चा जारी है। भाजपा के विधायक चर्चा में भाग नहीं ले रहे हैं।

सदन में सो रहे थे मंत्री बादल पत्रलेख और विधायक दीपक बिरूवा

इधर विपक्ष नियोजन नीति पर विपक्ष सदन में जोरदार हंगामा कर रहा था और दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के मंत्री बादल पत्रलेख और विधायक दीपक बिरूवा सदन में सो रहे थे। भाजपा विधायक ने उनका मजाक उड़ाया। विधानसभा के संतरी ने जाकर मंत्री बादल पत्रलेख को जगाया तो विधायक मथुरा महतो ने विधायक दीपक बिरुआ को जगाया। भाजपा विधायक ने कहा कि देखो सरकार सो रही है। इस बीच भाजपा विधायक फर्श पर बैठ गये ओर नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायक नियोजन और स्थानीय नीति की मांग कर रहे हैं। विधायक प्रदीप यादव ने बीजेपी विधयकों को सदन से बाहर निकालने की मांग की। भाजपा विधयकों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।

सदन में गूंजा नियोजन नीति का मुद्दा

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन शनिवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा और आजसू के विधायकों नियोजन नीति के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्नकाल पूरी तरह से बाधित रहा। स्थिति यह रही कि स्पीकर को दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के कारण न तो सदन में एक भी अल्पसूचित, तारांकित और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आये। पहले स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजे दिन तक के लिए स्थगित की थी। दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने सरकार से नियोजन नीति पर जवाब देने की मांग करने लगे।

ऊहापोह की स्थिति : लोबिन हेम्ब्रेन

विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रेन में अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि राज्य में नियोजन नीति को लेकर उहापोह की स्थिति है। उन्होनें कहा कि इसी सदन से नियोजन नीति पारित हुई थी और अब दो दिन पहले सरकार ने कैबिनेट से नई नियोजन नीति को मंजूरी दी है, जो विधेयक सदन से पारित हो गया उसे बिना वापस लिए फिर से कैबिनेट से पारित कराना नियमसंगत नहीं है। उन्होनें कहा कि सरकार सदन का अवमानना कर रही है। चलते सत्र में सरकार ने 1932 आधारित नियोजन नीति पारित कराई।

क्यों बैकफुट पर आये : नीलकंठ

भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी सरकार पर सदन की अवमानना करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसी सदन से सर्वसम्मति से नियोजन नीति पारित हुई है। इस समय 1932 आधारित स्थानीय नीति पारित की गई थी। अभी जो कैबिनेट आए नियोजन नीति आयी है वाज 2016 वाली नीति है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि 1932 पर सरकार क्यों बैकफुट पर आई है। यह झारखंड के लोगों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति पर हाई कोर्ट ने क्या निर्णय दिया है यह सरकार को सदन में बताना चजिये। पिछले दरवाजे से सरकार ने नई नियोजन नीति को मंजूरी दी है। यह सदन का अवमानना है। पहले नियोजन नीति पर चर्चा होनी चाहिए। यह सरकार बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार ऐसे ही 2024 पार करने के चक्कर में है। नियोजन नीति पर फैसला कैबिनेट में लिया गया। क्या सरकार सदन से ऊपर है। उन्होंने कहा कि अगर नियोजन नीति पर जवाब नहीं मिला, तो विधानसभा में आयोजित होली मिलन में भाजपा शामिल नहीं होगी। इसके बाद विपक्ष के विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू किया। आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति राज्य का ज्वलंत मुद्दा रहा है लेकिन नियोजन नीति का प्रस्ताव कैबिनेट में आता है। विधानसभा पर भरोसा नहीं किया गया।

13 को सदन में जवाब देंगे : आलमगीर

संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि किस कारण से हाई कोर्ट ने नियोजन नीति को रद्द किया है यह सभी सदस्य जानते हैं। यह सही है कि नियोजन नीति को कैबिनेट से पारित कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार 13 मार्च को इस मामले पर सदन में जवाब देगी की किस कारण से नियोजन नीति पारित हुआ और किस कारण से रद्द हुआ। यह गलत है। विपक्ष के लगातार हंगामे को देखते हुए स्पीकर में विधानसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

एक नजर

59 बम निरोधक कर्मियों का होगा 55 लाख का बीमा

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से नक्सल विरोधी अभियान में लगे बम निरोधक दस्ते के 59 कर्मियों का 55 लाख रुपये का बीमा होगा। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से टेंडर जारी किया गया है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की गयी है। बीमा एक साल के लिए होगा। बीमा योजना के तहत प्रति कर्मचारी 2950 रुपये साल भर के लिए देय होंगे। बम निरोधक दस्ते के कर्मियों की मौत होने पर 100 प्रतिशत बीमा कवर दिया जायेगा। इसके तहत 55 लाख रुपये दिये जायेंगे। पूरी तरह से विकलांग होने पर भी 100 प्रतिशत बीमा का लाभ मिलेगा। आंशिक विकलांगता पर 50 प्रतिशत, चोट के कारण निजी या सरकारी अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 20 लाख रुपये का बीमा कवर मिलेगा। बम का पता लगाने, डिफ्यूज करने और सड़क दुर्घटना सहित अन्य दुर्घटना होने पर बीमा के तहत 15 लाख मिलेंगे।

शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाबालिग को एसिड पिलाए जाने के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए आज सुनवाई की। कोर्ट ने एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज से पूछा है कि पीड़ित बच्ची को मुआवजा मिला है या नहीं। इस संबंध में उन्हें शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के बाद कोर्ट मुआवजा के संबंध में आदेश पारित करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। दो महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। हजारीबाग के इचाक थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। इसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाई कोर्ट ने इस मामले में संज्ञान लिया था। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही है या नहीं। आरोपित गिरफ्तार हुआ है या नहीं।

विधायक कैश कांड में तीनों विधायकों को राहत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अदालत ने शनिवार को कैश कांड मामले में कांग्रेस के तीनों विधायकों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर को विधि सम्मत नहीं बताते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही विधायकों की याचिका स्वीकृत कर दी। इस मामले की सुनवाई 24 फरवरी को हुई थी और अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के विधायक कुमार जय मंगल ने सरकार गिराने का आरोप लगाते हुए विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और विकसल नमन कोंगाड़ी पर मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने विधायक अनूप सिंह द्वारा कैश कांड में करायी गयी जीरो एफआईआर के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

बर्ड फ्लू से डरने की जरूरत नहीं : बन्ना

रांची। होली से पहले बर्ड फ्लू की दस्तक ने चिकन प्रेमियों के रंग में भंग डाल दिया है। होली के त्योहार से पहले झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक से लोग परेशान हैं। बोकारो के बाद रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इस मामले पर शनिवार को विधानसभा के बाहर स्वास्थ्य मंत्री ने बयान दिया। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने को कहा है।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने कहा कि अखबारों में बर्ड फ्लू की खबरें आ रही हैं। पशुपालन मंत्री और विभाग सारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। डरने की बात नहीं है। साथ ही कहा कि जब-जब बर्ड फ्लू आया है, हम ज्यादा मुर्गा खाये हैं। हां, मुर्गा को थोड़ा ज्यादा भूनकर खाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, दुमका और अन्य जिलों के साथ साथ राजधानी रांची में भी तीन मार्च को बर्ड फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं। पशुपालन विभाग ने कोलकाता सैंपल भेजकर इसे कंफर्म किया है।

बोकारो में बर्ड फ्लू से मरी मुर्गियों के लिए मुर्गीपालकों को मिलेगा मुआवजा : बादल

कृषि मंत्री श्री बादल ने बोकारो में बर्ड फ्लू से हुई मुर्गियों की मौत का लेकर कहा कि हाल के दिनों में बोकारो जिला से मुर्गियों के मरने की सूचना आई थी। विभाग के द्वारा मृत मुर्गियों के नमूनों को जाँच हेतु भारत सरकार द्वारा चिन्हित कोलकाता एवं भोपाल प्रयोगशाला भेजा गया था। वहाँ से मुगियों की मौत बर्ड फ्लू से होने की पुष्टि की गई है। बादल ने कहा कि बर्ड फ्लू मुर्गियों एवं घरेलू पक्षियों में होने वाली एक घातक, संक्रामक विषाणुजनित रोग है और मनुष्यों में भी इसके संक्रमण का खतरा रहता है परंतु मनुष्यों में संक्रमण का अभी तक कोई भी केस राज्य में नहीं आया है। अतः बोकारो जिला अंतर्गत भारत सरकार के द्वारा निर्धारित कार्य योजना के तहत रोग के नियंत्रण हेतु कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा बीमारी फैलने के स्थान से 1 किलोमीटर के दायरे में सभी मुर्गियों का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण कर दिया गया है। जिन मुर्गी पालकों के मुर्गियों का निस्तारण किया गया है, उन्हें इसका मुआवजा देने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बोकारो में अभी स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है तथा कोई नया मामला प्रकाश में नहीं आया है। इस बीमारी से वहां किसी भी व्यक्ति को अबतक संक्रमण नहीं हुआ है। कृषि मंत्री ने कहा कि दिनांक 03.03.2023 को रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। सूचना मिलने के साथ ही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। अतः इससे आम नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। सरकार अपने स्तर पर रोग को नियंत्रित करने के लिए हर प्रयास कर रही है। आम जनों से अपील है कि आगामी होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ बिना किसी प्रकार के भय के मनायें।

रांची में भी जेल चौक के पास स्थित केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के आवासीय परिसर में आधा दर्जन मुर्गियों के बर्ड फ्लू से मरने की पुष्टि हो चुकी है। फिलहाल, पशुपालन निदेशालय की ओर से जेल मोड़ चौक के एक किमी की परिधि में आने वाली मुर्गियों का सर्वे करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया गया है। इस दायरे में आने वाली सभी मुर्गियों को मारे जाने की तैयारी है। साथ ही 10 किमी क्षेत्र को सर्विलांस घोषित कर दिया गया है।

सुकर पालन की उन्नत तकनीकी पर प्रशिक्षण का समापन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : निदेशालय अनुसंधान, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन पशु चिकित्सा संकाय में कार्यरत आईसीएआर - एफएमडी नेटवर्क यूनिट के जनजातीय उपपरियोजना (टीएसपी) के अधीन संचालित सुकर पालन की उन्नत तकनीकी विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को संपन्न हुआ.

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद में प्रशिक्षाणार्थियों को बताया कि कम खर्च में सस्ता संतुलित एवं पौष्टिक आहार सूकरों को उपलब्ध कराकर सुकरपालन व्यवसाय से अधिक से अधिक लाभ कमाया जा सकता है. उन्होंने प्रशिक्षाणार्थियों को बीएयू द्वारा विकसित संकर सुकर नस्ल झारसुक को अपनाकर अधिकतम लाभ अर्जित करने की सलाह दी. साथ ही सुकरपालन में स्वस्थ्य प्रबंधन, वातावरण, आवास, पोषण, रख-रखाव पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया. मौके पर बीएयू डीन पीजी एवं आईसीएआर : एफएमडी परियोजना

अन्वेंषक डॉ एमके गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षाणार्थियों को जल्द ही उनके गांव में एक नर एवं एक मादा सुकर का वितरण किया जायेगा. प्रतिभागी अपने पुरे गाँव में विभिन्न पशुओं की संख्या की जानकारी उपलब्ध करायें. ताकि एफएमडी परियोजना के अधीन विभिन्न पशुओं जैसे गाय, भेंस, भेड़, बकरी, सुकर एवं मुर्गी आदि में होने वाले विषाणु जनित रोगों के अग्रिम उपचार अधीन टीकाकरण अभियान कार्यक्रम चलाया जा सके.

मौके पर प्रशिक्षाणार्थियों ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अनुभव को साझा किया. प्रशिक्षण दौरान सुकर फार्म में झारसुक नस्ल की वैज्ञानिक तकनीक से सुकरपालन को ग्रामीणों के लिए उपयोगी बताया. प्रतिभागियों ने बताया कि गाँव के लोग पशुपालन के उन्नत तकनीक से अनजान है. प्रशिक्षण उन्हें काफी जानकारी मिली है. जिसका लाभ सभी अवश्य लेंगे.

इस अवसर पर डीन वेटनरी ने सभी प्रशिक्षाणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया. समारोह का संचालन एवं धन्यवाद कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ रविन्द्र कुमार ने दी. इस कार्यक्रम में रांची जिले के नामकुम प्रखंड अधीन रुदुंग कोचा गांव के कुल 26 जनजातीय महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया.

केवीके वैज्ञानिकों का प्रौद्योगिकी अभिसरण पर प्रशिक्षण का समापन

रांची क निदेशालय प्रसार शिक्षा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) द्वारा किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए संस्था, हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी अभिसरण विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ. बीएयू कृषक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) एवं बीएयू अधीनस्थ विभिन्न महाविद्यालयों के कुल 45 वैज्ञानिकों ने भाग लिया.

मौके पर डायरेक्टर सीड एंड फार्म डॉ एस कमार्कार ने किसानों की आय बढ़ाने में स्थानीय उपयुक्त एवं आय वृद्धि में उपयोगी तकनीक के अभिसरण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि सभी केवीके, अभिसरण कार्यक्रम में एक या दो मॉडल को चिन्हित कर उन्हें जिला में विभिन्न संस्था के सहयोग से बढ़ावा दे. इस अभियान में लघु एवं सीमांत किसानों के लिए उपयोगी समेकित कृषि प्रणाली को अभिसरण कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है.

मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ जगरनाथ उराँव ने कहा कि अभिसरण कार्यक्रम में स्थानीय कृषि एवं संबद्ध विभाग, आईसीएआर संस्थान एवं स्वयं सेवी संस्थान (एनजीओ) की सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है. जिला स्तर पर कृषि विकास में तकनीकी मार्गदर्शन के लिए सभी केवीके को तत्पर रहने की आवश्यकता है. मौके पर अपर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ केएस रिसम ने भी अपने विचारों को रखा.

इस अवसर पर केवीके वैज्ञानिकों ने निदेशालय द्वारा अद्यतन एवं अभिनव कृषि तकनीकी पर निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन की आवश्यकता जताई. जिला कृषि विकास की रफ़्तार देने में प्रशिक्षण के विषय को बेहद उपयोगी बताया. मौके पर डायरेक्टर सीड एंड फार्म एवं डायरेक्टर एक्सटेंशन एजुकेशन ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षाणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया. स्वागत भाषण एवं संचालन केवीके, चतरा के प्रभारी डॉ रंजय कुमार सिंह ने किया.

बीएयू : आईसीएआर मोनिटरिंग टीम ने गेहूं पर शोध कार्यों की समीक्षा की

आठ एकड़ में लगी गेहूं की फसल का अवलोकन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित आईसीएआर : अखिल भारतीय समन्वित गेहूं एवं जौ अनुसंधान परियोजना के कार्यक्रमों की चार सदस्यीय आईसीएआर मोनिटरिंग टीम ने शुक्रवार को समीक्षा की। इस दल में आईआईडब्लूबीआर के प्रधान वैज्ञानिक (गेहूं) डॉ ए शर्मा एवं प्रधान वैज्ञानिक (जौ) डॉ एल कुमार तथा बीएयू, सबौर के वैज्ञानिक डॉ दीपक प्रसाद एवं पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ सीएस प्रसाद शामिल थे. इस एकदिवसीय विजिट में दल ने विवि के वेस्टर्न सेक्शन स्थित शोध प्रक्षेत्रों में चालु रबी मौसम में कुल 8 एकड़ भूमि में गेहूं फसल के विभिन्न शोध गतिविधियों का अवलोकन किया. इस दौरान

दल ने समन्वित प्रयोग अधीन गेहूं प्रजनन, गेहूं शस्य एवं जौ प्रजनन के कुल 13, समन्वित गेहूं प्रयोग अधीन 3 राष्ट्रीय एवं 2 अंतरराष्ट्रीय नर्सरी कार्यक्रम के प्रायोगिक प्रक्षेत्रों तथा बीएयू द्वारा विकसित उन्नत किस्म बिरसा गेहूं - 4 के बीज उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा की. गेहूं फसल पर ताप सहिष्णु एवं सुखा सहिष्णु शोध कार्यो को देखा.

आईसीएआर ने रांची केंद्र को उद्योग उपयोग के उद्देश्य से डूरम गेहूं को विशेष प्राथमिकता देने की सलाह दी. चार सदस्यीय दल ने निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह से गेहूं एवं जौ पर चलाये जा रहें शोध कार्यो पर चर्चा की. परियोजना के अधीन रांची शोध केंद्र के कार्यो एवं प्रगति की सराहना की तथा रांची केंद्र द्वारा विकसित उन्नत किस्म बिरसा गेहूं झ 4 के बीजोत्पादन में गुणात्मक बढ़ोतरी करने एवं प्रदेश के किसानों को बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने का परामर्श दिया. इस आईसीएआर दल को परियोजना अन्वेंषक (गेहूं एवं जौ) डॉ सूर्य प्रकाश, शस्य वैज्ञानिक डॉ नैयर अली एवं गेहूं प्रजनक डॉ एसएस सुरिन ने शोध कार्यो की जानकारी दी.

वानिकी छात्रों ने विश्व वन्य जीव दिवस में भाग लिया

रांची : बीएयू अधीन संचालित वानिकी संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ बसंत चन्द्र उराँव एवं डॉ रास बिहारी साह के नेतृत्व में संकाय के यूजी कार्यक्रम के अंतिम वर्ष के 35 सदस्यीय छात्र झछात्राओं के दल ने शुक्रवार को वन्य प्राणी प्रमंडल, हजारीबाग में आयोजित विश्व वन्य जीव दिवस समारोह में भाग लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक, झारखंड एसआर नटेश ने विश्व वन्य जीव दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने वनस्पति एवं वन्य जीव के संरक्षण में वन रक्षा एवं संरक्षण से जुड़े सभी हितकारकों, ग्रामीण एवं शहरी लोगों की सहभागिता की जरुरत पर बल दिया. मौके पर जिला वन पदाधिकारी, हजारीबाग एके चौधरी, बीएयू वैज्ञानिक डॉ बसंत चन्द्र उराँव एवं डॉ रास बिहारी साह तथा वन्य जीव विशेषज्ञ दीपक कुमार ने विश्व वन्य जीव दिवस की जरुरत, महत्ता तथा झारखंड राज्य में इस दिशा में किये जा रहें प्रयासों के बारे में बताया.

इंजीनियर वीरेंद्र राम और सीए मुकेश मित्तल पर दिल्ली में एफआईआर दर्ज

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम और सीए मुकेश मित्तल सहित अज्ञात पर दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दिल्ली पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा में फर्जी पैन कार्ड के सहारे कंपनी बनाने और 100 करोड़ से अधिक की मनी लांड्रिंग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। ईडी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

ईडी की जांच में यह पता चला था कि श्री खाटू श्याम ट्रेडर्स, अनिल कुमार गोविंद राम ट्रेडर्स और ओम ट्रेडर्स नाम की कंपनियों के सहारे गेंदा राम की खाते में 4.30 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। वीरेंद्र राम ने पिता गेंदा राम के खाते में ट्रांसफर किए गए पैसों से दिल्ली में जमीन खरीदी थी। सचिन गुप्ता के नाम से बनाए गए फर्जी पैन के सहारे ही इन तीनों कंपनियों को खोला गया था।

मामले की जांच के बाद ईडी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर वीरेंद्र राम और सीए मुकेश मित्तल सहित कई अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया था।

ईडी की जांच में यह भी बात सामने आई है कि काली कमाई को सफेद करने के लिये वीरेंद्र राम ने फर्जी नाम से कई पैन कार्ड बनवाया था। पैन संख्या डीजीआरपीजी 506 एफ, डीजीआरपीजी 1369 ए, डीजीआरपीजी 3661 क्यू जांच में फर्जी पाए गए। इन पैन कार्ड के जरिये वीरेंद्र राम ने फर्जी कंपनियां बनवाई। इसके बाद साल 2021 में 18 करोड़, साल 2022 में 43 करोड़, साल 2023 में 23 करोड़ खाते में जमा करवाए गए।

जांच में पता चला कि गेंदा राम के बैंक खाते में हाल ही में 30 दिनों में एक बड़ी राशि प्राप्त हुई थी। यह राशि मुकेश मित्तल के कर्मचारियों-रिश्तेदारों के खातों से प्राप्त हुई थी। यह देखा गया कि गेंदा राम के बैंक खातों में प्राप्त धन मुख्य रूप से तीन व्यक्तियों से आया था। ये तीनों व्यक्ति या तो सीए मुकेश मित्तल के रिश्तेदार या कर्मचारी हैं। ईडी की जांच में पता चला कि ये व्यक्ति राकेश कुमार केडिया, मनीष और नेहा श्रेष्ठ या तो उनके रिश्तेदार और कर्मचारी के रिश्तेदार हैं।

होली व शब-ए-बारात में पुलिस हाई अर्लट, थानेदारों को सख्त निर्देश

चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

विवेक राज

रांची : राजधानी में शब-ए- बारात और होली पर्व को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह हाई अर्लट मोड है। पर्व त्योहार में किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नही हो,इसके लिये प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना है। शहर के सभी इलाकों में चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। जिसमें जिला पुलिस के अलावे रैप के जवान भी शामिल है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी थाना प्रभारी,इंस्पेक्टर और डीएसपी को आवश्यक आदेश जारी किया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा,एसएसपी किशोर कौशल और ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के द्वारा दोनों पर्व में विधि व्यवस्था को लेकर लगातार बैठक की जा रही है।

दंडाधिकारियों की मौजूदगी में होगी शांति समिति की बैठक

होली व शब-ए-बारात को लेकर शहर और ग्रामीण इलाकों के सभी थाना परिसर में डीएसपी और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में दंडाधिकारी की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने का आदेश मिला है। जिसमें शांति समिति का अविलंब पुनर्गठन कर समिति में सभी समुदाय और उम्र के लोगों को आलावे वार्ड पार्षद, मुखिया, गणमान्य व्यक्ति और स्वच्छ छवि वाले समाजिक व्यक्ति शामिल होंगे।

मंदिर, मस्जिद व कब्रिस्तान पर रहेगी विशेष नजर

होली और शब-ए-बारात को लेकर रांची पुलिस के द्वारा मंदिर, मस्जिद और कब्रिस्तान में विशेष नजर रखी जायेगी। पुलिस पदाधिकारियों व बलों के द्वारा ऐसे क्षेत्रों में लगातार गश्ती किया जायेगा। मुस्लिम समाज के द्वारा शब-ए-बारात के एक दिन पूर्व रात में कब्रिस्तान जाकर फातिहा पढ़ने और सुबह में नमाज पढ़कर घर जाने के दौरान होली खेलनेवालों के द्वारा उन सभी पर किसी प्रकार का किचड़ या रंग न फेंका जाये। इस पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

संवेदनशील क्षेत्रों में होगी पुलिस की लगातार गश्ती

वरीय अधिकारियों के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को पर्व-त्योहार को लेकर अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों को चिन्ह्रित कर पुलिस बलों के द्वारा गश्ती करने का आदेश जारी किया गया है। शांति समिति के सदस्यों से सूचना प्राप्त कर संप्रदायिक गड़बड़ी करनेवाले असमाजिक तत्वों और पूर्व की घटनाओं और उसके जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सूची तैयार कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

छेड़खानी की घटनाएं हुई तो थानेदार की खैर नहीं

होली में महिलाओं की सुरक्षा पर रांची पुलिस की विशेष ध्यान रहेगी। किसी भी क्षेत्र में अगर महिलाओं के साथ छेड़खानी या छिनतई की घटना घटी तो उस इलाके के थानेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। वरीय अधिकारियों ने सभी थानेदारों को इन घटनाओं पर रोक लगाने का आदेश दिया है।

अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर नपेंगे डीजे वाले

होली में किसी भी इलाके में अगर अश्लील भड़काऊ गाना बजाने पर डीजे वालों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। इसके लिये सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में डीजे उपयोग करनेवालों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित किया जा रहा है। अश्लील या भड़काऊ गाना बजने पर अगर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तो पुलिस साउंड सिस्टम जब्त करते हुये संबंधित डीजे वाले पर सख्त रवैया अपनाते हुये कार्रवाई करेगी।

6 मार्च के पूर्व थाना स्तर पर करे शांति समिति की बैठक

शब-ए-बारात और होली पर्व को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा विधि व्यवस्था संधारण के लिये आदेश जारी किया गया है। जिसमें दोनों पर्व को देखते हुए संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए त्यौहार के दौरान विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरतने का आदेश दिया गया है। उन्होंने सदर, बुंडू, सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिसमें जिला के सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में होली एवं शब-ए-बारात पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिये 06 मार्च 2023 के पूर्व थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का आदेश दिया गया है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव, शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनी रहे।

शांति समिति में सक्रिय व स्वच्छ छवि वाले होंगे नामित

साथ ही सभी थाना प्रभारियों को थाना स्तरीय शांति समिति की समीक्षा करते हुए योग्य एवं इच्छुक व्यक्तियों को जिनका जिला प्रशासन को सामाजिक सद्भाव बनाए रखने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्राप्त होता है, उनका नाम चयन कर वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के माध्यम से समर्पित करने का निर्देश दिया गया है ताकि उनका नाम केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों के रूप में नामित किया जा सके।

असमाजिक तत्वों पर होगी धारा 107 की कार्रवाई

वहीं उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में असमाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध धारा 107 की कार्रवाई करने के लिये संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को ससमय अपना प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

डीजीपी छह को करेंगे अपराध की समीक्षा

रांची। डीजीपी अजय कुमार सिंह छह मार्च को अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी रेंज के डीआईजी, जिले के एसएसपी और एसपी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय से सभी को पत्र जारी किया गया है। जारी किये गये पत्र में कहा गया है कि सभी रेंज के डीआईजी पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। साथ ही जिले के एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक में शामिल होने का आदेश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार समीक्षा बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। इसमें अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान, विधि व्यवस्था, अवैध शराब कारोबारी, मादक पदार्थ कारोबारी, मानव तस्करी सहित अन्य शामिल हैं। इसके अलावा डीजीपी वारंट, कुर्की निष्पादन की स्थिति, कोर्ट परिसर, जज और उनके आवासीय परिसर की सुरक्षा के संबंध में भी समीक्षा करेंगे।

वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि तीन दिन बढ़ी

रांची। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शनिवार को ईडी कोर्ट में पेश किया। ईडी के न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में ईडी की ओर से फिर से पूछताछ करने के लिए आवेदन दिया गया। ईडी ने अदालत से पांच दिनों का रिमांड मांगा लेकिन अदालत ने तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दी। इसके पूर्व ईडी ने 23 फरवरी को पांच दिनों की रिमांड पर वीरेंद्र राम को ईडी को सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से चार दिनों की पुलिस रिमांड पर ईडी को सौंपा था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

राज्य के 28 पुलिस कर्मियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

रांची। राज्य के 28 पुलिसकर्मियों पर एक साथ विभागीय कार्रवाई होगी। इस संबंध में आईजी ट्रेनिंग ने आदेश जारी किया है। जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखर तिवारी, अमित कुमार सिंह, पुष्पा कुमारी, अजय कुमार सिंह, मोहम्मद शाहिद हैदर, प्रियंका कुमारी, सुधाकर कुमार, हरिपद महतो, परमेश्वर उरांव, संदीप प्रताप सिंह, रूपसेन प्रमाणिक, चंद्रशेखर राव, हरेंद्र कुमार, लोदरो हेंब्रम, अनमोल कुमार, विनय कुमार पासवान, शैलेश कुमार, प्रताप साहू, मोहम्मद इरफान खान, सुजीत कुमार चौबे, ओम प्रकाश, विनय रंजन उपाध्याय, मनीष कुमार, संटू कुमार, उषा रानी महतो, मुकेश कुमार झा, सुरेश दांगी और सुधीर कुमार पर विभागीय कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि टीटीएस जमशेदपुर में 16 फरवरी को आयोजित द्वितीय पाली पीटीएस प्रशिक्षण के पेपर सात (मैनेजमेंट ह्यूमन बिहेवियर एंड एटीट्यूड विषय) के दौरान केंद्र अधीक्षक डीएसपी जयश्री कुजुर ने कुल 28 पुलिसकर्मियों को कदाचार करते हुए पकड़ा था। इसके बाद आईजी ट्रेनिंग ने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ इनके संबंधित जिला और इकाई में विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

चोरी की चार बाइक संग तीन गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : सदर थाना की पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य सोनु कुमार सिंह (कोर्रा, हजारीबाग), अनिश कुमार सिंह (कोर्रा, हजारीबाग) और अरुण कुमार (बगोदर, हजारीबाग) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से चोरी की चार बाइक बरामद की है।

इस संबंध में सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि 26 फरवरी को सदर थाना क्षेत्र के खिजुर टोला में रहनेवाले हरिकिशोर महतो की बुलेट बाइक (जेएच01डीटी-2333) चोरी होने की घटना घटी थी। गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों ने बताया कि बुलेट बाइक चोरी की घटना में दोनों शामिल थे। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर बरही थाना क्षेत्र के कारीमारी स्थित मनोज कु मार राणा के ईंट भट्ठे से चोरी की बुलेट बाइक सहित कुल चार बाइक बरामद की है। दोनों यह भी बताया कि बाइक चोरी करने बाद सभी बाइको को ईंट भट्ठे में छिपाकर रखते थे।

झारखंड में बदलने वाला है मौसम का मिजाज

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य के कई जिलों में छह मार्च को बादल छाये रहेंगे। इतना ही नहीं सात और आठ मार्च को बारिश की भी संभावना है। शेष दिनों में मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

विभाग के अनुसार सबसे अधिक तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में दर्ज किया गया। यह सामान्यि से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा केवीके में दर्ज किया गया। छह मार्च को राज्य के दक्षिण, पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा में देखने को मिलेगा।

सात मार्च को राज्य के उत्तगर-पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिम और निकटवर्ती मध्यक भागों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की आशंका भी है। इसका असर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रांची, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा आदि जिलों में देखने को मिलेगा। आठ मार्च को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्कीर बारिश होने की संभावना है। इसका असर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रांची, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा आदि जिलों में देखने को मिलेगा।

एक्वावर्ल्ड में पांच को होली हंगामा

रांची। रांची के एक्वा वर्ल्ड ,मछली घर की ओर से रविवार को शाम चार बजे से होली हंगामा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सारे कार्यक्रम और प्रतियोगिता होली के थीम पर रहेंगे। परिसर में एक रंगीन पूल बनाया गया है जिसमें लोग डुबकी लगा सकते हैं और रंगों से सराबोर हो सकते हैं।ठंडई पीने की प्रतियोगिता होगी। दीपांजलि ग्रुप की ओर से होली के गीतों के थीम पर डांस होगा।

यह लोक लुभावन बजट है : डॉ राजेंद्र

रांची : सदान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु ने कहा है कि यह बजट झारखंड की जनता के लिए एक छलावा है। पंचम झारखंड विधानसभा का एकादश बजट सत्र पेश किया गया लेकिन इसमें सदान हित का ध्यान नहीं रखा गया, पंचायत चुनाव में एकल पद आरक्षण लागू कर दिया गया और ओ बी सी आरक्षण लागू किये बिना पंचायत चुनाव करा दिया गया क्यों, इसका कोई जिक्र नहीं है। इस बजट सत्र में आदिवासियों मिशनरी के लिए सिर्फ स्कूल, हॉस्टल कॉलेज खोलने छात्र छात्राओं को उनके फायदे की बात की गई परन्तु 77 प्रतिशत सदान बेरोजगारों नौजवान लड़के लड़कियों को नौकरियों में भागीदारी की चर्चा इस बजट सत्र में नहीं है।

हास्य कवि सम्मेलन 6 मार्च को कई ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि भाग लेंगे

3000 लोग बैठेंगे, प्रवेश नि:शुल्क

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन मे संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कर 6 मार्च को मारवाड़ी भवन मे समिति द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। संवाददाता सम्मेलन मे समिति के मुख्य संयोजक ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि 6 मार्च दिन सोमवार को रात्रि 9:30 बजे से मारवाड़ी भवन में होने जा रहा है इस वर्ष कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेश अलबेला अरुण जैमिनी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, केसर देव मारवाड़ी, एवं कवियत्री गौरी मिश्रा हास्य रस, वीर रस एवं श्रृंगार रस की कविता प्रस्तुत कर दर्शकों को हंसी के ठहाके की बौछार के साथ-साथ तीखे वाण व्यंग का मधुर संगम पेश करेंगे। उन्होंने बताया विगत 8 वर्षों मे रांची में समिति द्वारा ख्याति प्राप्त काका हाथरसी, निर्भय हाथरसी, शैल चतुर्वेदी सुरेंद्र शर्मा, अशोक चक्रधर, प्रदीप चौबे, प्रभा ठाकुर, माया गोविंद, प्रदीप फौजदार, डॉक्टर सुनील जोगी, मुन्ना बैटरी, शंभू शिखर, गौरव चौहान, अब्दुल गफ्फार, सुदीप भोला, सुमन दुबे, अंकिता सिंह, कविता तिवारी सहित देश के कई नामी-गिरामी कवि भाग ले चुके हैं। 2019 मे विख्यात कवि कुमार विश्वास भी आ चुके हैं। समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कवि सम्मेलन में 3000 लोगों का बैठने की व्यवस्था की गई है। तथा महिलाओं के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई है। कवि सम्मेलन का प्रवेश नि:शुल्क है तथा कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने के लिए आयोजन स्थल पर कुर्सियां की विशेष व्यवस्था पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर की गई है। दर्शकों के लिए एलईडी भी मैदान में लगाए जाएंगे। पेयजल जलपान एवं ठंडाई का विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने हास्य कवि सम्मेलन मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने तथा लुफ्त उठाने की अपील की है। संवाददाता सम्मेलन को समिति के सचिव पवन पोद्दार, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, अशोक नारसरिया, कमल कुमार जैन ने भी कवि सम्मेलन के आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कवि सम्मेलन का प्रथम आयोजन 2015 में किया गया था। इस वर्ष हास्य कवि सम्मेलन का सातवां आयोजन है। उन्होंने कहा कि हास्य कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद सोमानी तथा कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता पुनीत पोद्दार होंगे।

ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

रांची। खलारी में ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त एसीसी कॉलोनी के रहने वाले राहुल सेन (21) के रूप में हुई। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह 10 बजे राहुल अपने दोस्त सुधांशु के साथ मोटरसाइकिल से खलारी से मैक्लुस्कीगंज की ओर जा रहा था। इसी बीच करकट्टा बस्ती के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे डकरा अस्पताल लाया गया, जहां बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। राहुल के पिता समर सेन एसीसी विद्यालय में शिक्षक है।

न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

[illegible]

PR 291883 (District) 22-23 (D)

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-27/2022-23

Date – 03/03/2023

[illegible]

Note :- Only e-Tender will be accepted

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 291917 (Lohardaga) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

[illegible]

लोगो पर चढ़ा होली का खुमार, बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास) : आपसी भाईचारे व रंगों का पर्व होली में अब तीन दिन शेष बच गए हैं। जिसकी खरीदारी को लेकर बाजारों में काफी चहल-पहल बढ़ गयी है। शहर व ग्रामीण इलाके से लोग होली की खरीदारी करने के लिए बाजारों में पहुंचने लगे हैं। नगर के बाजार होली पर्व में प्रयोग होने वाले रंग-अबीर, पिचकारी व मुखौटे आदि समाग्रियों से सजी हुई हैं। होली आने में अभी तीन दिन ही शेष बच गये है। लोगों में होली का खुमार सर चढ़कर बोलने लगा है। गली-मुहल्लों में रंग-अबीर उड़ने लगे है और गांव-शहर में बुजुर्गो द्वारा फगुआ गायन के साथ बच्चे व युवा समेत सभी होली के रंग में डूबने लगे है। छोटे-छोटे बच्चों व नौजावनों को होली का पर्व को लेकर उत्साह देखते बन रहा है। नगर के मेन रोड, बाजार रोड, थाना मोड़, पोस्टल रोड आदि के अधिकांश दुकानों पर होली पर्व पर प्रयोग में आने वाले परिधान से लेकर अन्य समाग्रियों से भरी हुई है। बाजार में मल्टी टाइप कलर्स रंग-अबीर, पिचकारी, टोपी, मुखौटा, बाल आदि की कई अस्थायी दुकाने भी खुल गयी हैं। रेडिमेड कपड़े व श्रृंगार की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। शहर के अलावा ग्रामीण इलाको से भी परिजनों के साथ महिला व बच्चे

भी खरीदारी करने के लिए बाजारों में पहुंच रहे हैं। बाजारों में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की पिचकारियां बच्चों को खूब पसंद आ रही है। होली के मौके पर आई चाइनीज पिचकारियों ने भारतीय पिचकारियों को पीछे छोड़ दिया है। कहीं बेन टेन तो कही डोरेमोन के आकार की प्रेशर पिचकारियां दुकानों की शोभा बढ़ा रही हैं। इसके अलावे गुलाल, स्प्रे कलर, टु इन वन, फाइव इन वन हर्बल कलर दुकानों पर बिक रहे हैं। पिचकारी विक्रेता गोरख प्रसाद का कहना है कि चीनी मार्केट ने बच्चों की मनपसंद लांग प्रेशर की कीमत (100-400 रुपया), पंप पिचकारी की कीमत(5-300 रुपया), बंदूक पिचकारी की कीमत (15-150 रुपया), मल्टी टॉय पिचकारी की कीमत (5-100रुपया), कार पिचकारी की कीमत (30-150 रुपया), बोतल पिचकारी की कीमत (10-70) जैसी अनेको प्रकार की पिचकारियां बाजार में उतारी हैं। जिनका प्रेशर भी तेज है और दाम भी कम हैं। बच्चे इन पिचकारियों के कायल हैं। बाजारों में आए पानी के कलरों की मांग कम होने से हर्बल गुलाल की मांग बढ़ रही है। वही मुखौटे भी पच्चास रुपए से लेकर तीन सौ रुपए तक के हर प्रकार के उपलब्ध है। वहीं धोनी बाल की कीमत 150 रुपए, मलिंगा बाल की कीमत 100 रुपए, लेडीज बाल की कीमत 150 और 200 रुपए में भी खूब बिक रही हैं। ग्राहकों को हर डिमांड को पुरी करने के लिए रंगों की अनेको प्रकार की समाग्रियों को मंगवाया गया है। लोगों में होली को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। दुकानदारों को उम्मीद है कि इस होली पर उनकी दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ हो सकती है। जिससे उनका मुनाफा भी काफी अच्छा होगा। बाजारों में रेडिमेड कपड़ो की दुकानों पर शर्ट-जीन्स के अलावा कई प्रकार के कुर्ता-पैजामा की कलेक्शन मौजूद हैं। कपड़ा व्यवसायीयों ने बताया कि दुकान पर पुरुषों के लिए दो सौ रुपए से हजार रुपए तक के कुर्ता-पैजामा उपलब्ध हैं। महिलाओ के लिए भी कई प्रकार के लहंगे, सलवार-सूट के आकर्षक कलेक्शन मंगवाए गए हैं। भारतीय लोक संस्कृति व एकता का प्रतीक गांवो की चौपालों में फगुआ गायन की परंपरा अब भी कई गांवों में बसन्त पंचमी के आगमन के साथ ही लोगो पर फागुन का रंग चढ़ जाता है। बसंत पंचमी से चढ़े होली के रंग पूरे फाल्गुन मास तक चलता रहता है। गांव के चौराहे, मंदिर आदि जगहों पर ढोल, मजीरा, झाल, तासा के साथ बुजुर्गो द्वारा फगुआ गाया जाता है। फागुन के महीने में घर आये रिश्तेदारों व मेहमानों के कपड़े लाल, हरे, पिले रंगों से सराबोर हो जाया करता है। तो लोगो के कपड़े पर चढ़े रंग से ही लोग समझ जाते हैं कि अमूक व्यक्ति जरुर किसी रिश्तेदार के यहां से लौट रहा है। फागुन मास चढ़ते ही ट्रैक्टर, बस, मैजिक आदि वाहनों में होली की गीत सुनायी देने लगती है। वहीं इस साल होलिका दहन गुरिवार व शुक्रवार को रंगों का त्योंहार मनाया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन भी अवैध रूप से शराब पीने व बेचने वालो पर कड़ी नजर रखी हुई है।

जिले की तीन महिला मुखिया को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से किया गया सम्मानित

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ बेतिया: जिला समाहरणालय सभाकक्ष में स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले की तीन महिला जनप्रतिनिधियों को उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान प्रदान किया गया। ज्ञातव्य हो कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत अपने पंचायत में उल्लेखनीय योगदान कार्य करके अपने गांवां को जैविक अपशिष्ट प्रबंधन, धूसर जल प्रबंधन, जन-जागरूकता एव खुले में शौच से मुक्ति के स्थायित्व (ओडीएफ-एस) के क्षेत्र में उक्त माननीया जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य कराया गया है। उत्कृष्ट कार्य के मद्देनजर पंचायत को ओडीएफ-प्लस मॉडल बनाने हेतु चनपटिया प्रखण्ड के पंचायत-गिद्धा की मुखिया तारा देवी, पंचायत-दक्षिणी घोघा की मुखिया अनन्ता देवी एवं सिकटा प्रखण्ड के सिकटा पंचायत की मुखिया नीला देवी को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निदेशक लेखा प्रसाशन, सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड समन्वयक, एसएलडब्ल्यूएम क्रियान्वयन हेतु चयनित पंचायतो के मुखिया स्वच्छता कर्मी आदि उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण से ही राष्ट्र का विकास संभव- जज कुमार धीरेंद्र

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ बेतिया। राष्ट्र का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब महिलाओं को समाज में उनका यथोचित स्थान और पद प्राप्त हो सके। उन्हें भी पुरुषों की तरह बराबरी का हक मिले। विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को मैंनाटांड प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सचिव, कुमार धीरेंद्र राजा जी ने कही। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं की प्रगति और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना है। शिविर में उपस्थित पैनल अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार एवं अमृता आनंद के द्वारा महिलाओं से भेदभाव समाप्त किए जाने, उन्हें बराबरी का दर्जा दिलाने के साथ-साथ प्रताड़ना, हिंसा को समाप्त कर बुनियादी अधिकार दिलाए जाने से संबंधित कानूनों पर चर्चा की। साथ ही नारी जागरण व विकास के प्रयास के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में महिलाओं को शक्तिशाली बनाए जाने को ही सशक्तिकरण कि मूल भावना बताया। सचिव के द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित योजनाओं एवं कानून पर विस्तार से उन्हें बताया। प्राधिकार के सहायक विभोर कुमार पांडे सहित आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, शिक्षिका, आशा कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

होली एंव शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



नवप्रदेश प्रतिनिधि/ काराकाट। स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ कुमार ने किया। उक्त बैठक में आग्रह किया गया कि होली एंव शबे ए बारात की त्योहार शांतिपूर्ण ढ़ग से मनाने में सहयोग करे, वहीं पुलिस प्रशासन की भी मुस्तैदी रहेगी। मौके पर अंचलाधिकारी काराकाट अमरेश कुमार, थानाध्यक्ष काराकाट आदित्य कुमार, प्रखंड प्रमुख अभिभावक नारायण पासवान,रविश रंजन (उपाध्यक्ष नगर पंचायत काराकाट), मुखिया आभिभावक सकला-संत कुमार, पंचायत समिति किरही-अजय साह,बाराडिह-कलाम अंसारी, बुढ़वल-जितेंद्र पाल,वार्ड पार्षद नगर पंचायत-संतोष यादव,संजय राम,अजय सिंह, सैयद मियाँ एंव ग्रामीण उपस्थित थें।

होली, शबे ए बरात पर्व को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि/कोचस। थाना परिसर में शनिवार को होली एवं शबे ए बरात को ले शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने की। इस बैठक मे स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए। थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि होली में किसी भी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डीजे एवं अश्लील गाना बजाने पर प्रतिबंध रहेगा, अगर कोई भी अश्लील गाना बजाता है या शोर शराबा करता है तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। थानाध्यक्ष ने बिगड़े हालातों पर नजर बनाए रखने के लिए सरकारी मोबाइल नंबर जारी कर कहा किसी भी प्रकार की कोई सूचना हो तो पुलिस को तुरंत दें, पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि पर्व को सौहार्दपूर्ण मनाएं अगर किसी को कोई परेशानी या दिक्कत होती हो तो अविलंब पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। पर्व को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाये। मौके पर मदन कुशवाहा, दिलीप केसरी, हरिहर सिंह, प्रमोद कुमार पटेल, खेदन सिंह, सोनू शर्मा, मुन्ना पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

ओरमांझी सीसी ने जे एस ए सी को हराया

रांची। नेहरू स्टेडियम मे खेले गए लिटिल विंग्स स्कूल बी डिविजन क्रिकेट मे ओरमांझी सीसी ने जे एस ए सी को 6 विकेट से हरा दिया, पहले बल्लेबाजी करते हुए जे एस ए की टीम 30 ओवरों मे 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए, प्रदीप ने 50 सकील ने 25 और सुशील ने 22 रन बनाए, रूपेश और नितेश ने 2-2 विकेट लिए, जवाब मे ओरमांझी की टीम ने 23.3 ओवरों मे 4 विकेट खोकर 167 रन बना लिए, सूरज ने 72 संदीप ने 40 विशाल ने 29 रन बनाए, इंदरजीत को 2 विकेट प्राप्त हुआ।

निजी नर्सिंग होम का जाप सुप्रिमो पप्पू यादव ने किया उद्घाटन

नवप्रदेश प्रतिनिधि/मोतिहारी। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद पप्पू यादव एकदिवसीय दौरे के तहत मोतिहारी पहुँचे जहाँ जन अधिकार पार्टी के पिपरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अंकुश कुमार सिंह के नये प्रतिष्ठान रम्भा ट्रॉमा हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। साथ में मोतिहारी मेयर प्रीति गुप्ता भी मौजूद रही। इसके पश्चात प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों पर लगातार अत्याचार, हत्या, मारपीट और लूटपाट हो रही हैं वहाँ की प्रशासन मुखदर्शक बनी हुई है। वही बिहार के उपमुख्यमंत्री वहाँ के मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर शामिल होते हैं और केक काटते हैं लेकिन मजदूरों की सुरक्षा को लेकर न सरकार से बातचीत करते हैं और न ही मजदूरों के बीच जाकर उनके हाल समाचार पूछते हैं। जाप सुप्रीमों पप्पू यादव ने कहा कि उतर भारतीय समेत बिहार के मजदूरों पर लागातर हमला हो रहा है लेकिन केंद्र सरकार इसमे उनके सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के बजाय मुखदर्शक बनी हुई हैं। पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि वोट की राजनीति करने गृह मंत्री बिहार आते हैं लेकिन बिहारी मजदूरों को देश के विभिन्न राज्यो में प्रताड़ित किया जाता हैं उसको लेकर एक प्रतिक्रिया तक नही देना बिहार और उत्तर भारतीयों का अपमान हैं। श्री यादव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाये अन्यथा बिहार से एक भी ट्रेन तमिलनाडु नही जाने देंगे। साथ ही बिहार में रह रहे तमिलनाडु के लोगो का भी विरोध करेंगे। उद्धघाटन समारोह में डॉ नीरज कुमार एमबीबीएस, डॉ राकेश कुमार, चंदन कुमार श्रीवास्तव, हिमांशु राज, रौनक राज , लक्की कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मोख्तार प्रसाद गुप्ता, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता अभिजीत सिंह,प्रदेश सचिव धीरज सिंह, जिलाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जन अधिकार छात्र परिषद आकाश कुमार सिंह, बिट्टू दुबे, युवा जिलाध्यक्ष नुरैंन आलम, कृष्णमोहन चौधरी, सतीश कुमार, ग्यासुदीन अंसारी, धर्मेंद्र ठाकुर, पुन्नू सिंह मौजूद थे।

इंद्रपुरी थाने में एसडीपीओ ने की अनुमंडल पुलिस की मासिक अपराध गोष्टि



नवप्रदेश प्रतिनिधि/इंद्रपुरी थाना में एसडीपीओ नवजोत सिमी की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी में अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने होली, सबेबरात शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने,अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाने , शराब की बिक्री पर रोक लगाने को ले सोन तटीय इलाकों में लगातार अभियान चलाने,अपराध नियंत्रण को लगातार गश्ती करने को कही। उन्होंने लंबित कांडो का तेजी से निष्पादन व फरार अपराधियो को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। मौके पर डेहरी अंचल पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार, इंद्रपुरी थानाध्यक्ष अतवेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक सह डेहरी नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन डालमियानगर गौतम कुमार, एसटीएससी डॉ सुभेन्द् कुमार, अकोढ़ीगोला थाना अध्यक्ष रवि भूषण,चुटिया मंगल सिंह, तिलौथू कृपाल जी अमझोर कुसुम केसरी, महिला थानाध्यक्ष लक्ष्मी पटेल सहित अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

होली व शबे ए बरात पर्व को लेकर की गई शांति समिती की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ करगहर। करगहर थाना परिसर में शनिवार को होली एवं शबे-ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह व करगहर थानाध्यक्ष रामविलास प्रसाद ने की। बैठक में थाना क्षेत्र के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे। बीडीओ धर्मेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं। होली सभी पर्वों में से एक महत्वपूर्ण पर्व है और शबे बारात भी इसी प्रकार मुस्लिम समाज द्वारा मनाया जाता है, इसलिए शांति व सौहार्द के साथ दोनों त्यौहार को आप सभी लोग मनाएं। सरकार के निर्देश के अनुरूप ही होली एवं शबे बरात पर्व मनाए शराब से संबंधित बिक्री खरीद एवं सेवन सहित किसी भी प्रकार के लोंगो पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगीं। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा वही अश्लील गीत बजाने वालों लोगों को चिहिन्त कर करवाई की जायेगी। शांति व आपसी सौहार्द के साथ इस होली पर्व को मनाए। किसी भी जाति विशेष पर एक दूसरे पर टिका टिप्पणी ना करे, महिलाओं का सम्मान करे। मौके पर पूर्व प्रत्याशी करगहर विधान सभा महेंद्र प्रसाद गुप्ता, जगनारायण प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, सुशील मिश्रा, फेकू सेठ, सुदामा प्रजापति, विरेन्द्र लाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त हाजीपुर द्वारा रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन पर सुरक्षा बंदोबस्त का निरीक्षण किया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी/होली पर्व के मद्देनजर यात्रियों की भीड़ भाड़ को देखते हुए एस सी पाढी प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल हाजीपुर द्वारा वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी.राज की उपस्थिति में रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन का दौरा कर सुरक्षा बंदोबस्त का जायजा लेते हुए, सुरक्षा सम्मेलन लिया जिसमें यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानवीय एवं तकनीकी सामंजस्य से यात्री, यात्री सामानों की सुरक्षा एवं रेलवे संपत्ति सुरक्षा के उपायों को बताया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के अधिकारियों व स्टाफ को इस क्षेत्र में बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास का उचित निर्देश दिया' रेलवे सुरक्षा बल डेहरी ऑन सोन के अधिकारी व स्टाफ के समस्याओं को सुन, उनकी समस्या को जल्द से जल्द निपटारा के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया' अधिकारी व स्टाफ को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया'

होली पर्व को लेकर सरकारी एवं निजी संस्थानों में मची रही धूम

आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाने को लेकर थर्ड जेंडर की टीम ने लोगों को दी बधाई

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बिक्रमगंज। अनुमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी संस्थाओं में होली पर्व को लेकर मची रही धूम, साथ ही साथ आपसी भाईचारे के साथ होली के पर्व को अमन चैन, आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने को लेकर थर्ड जेंडर की टीम ने लोगों को दी बधाई। आपको बताते चलें कि स्थानीय शहर के डिवाईन लाईट पब्लिक स्कूल, डीएवी स्कूल सेमरा, डीएवी स्कूल आरा रोड तेंदुनी चौक बिक्रमगंज, एस बी डी पब्लिक स्कूल आरा रोड, माई छोटा स्कूल, द डान बास्को प्ले स्कूल, आयांश इंटरनेशनल स्कूल मठिया, संत एस एन ग्लोबल डुमरांव रोड, मॉडल चिल्ड्रन स्कूल नटवार रोड, प्राथमिक विद्यालय सोनी मठिया बिक्रमगंज, गुडविल अकैडमी, डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल इंटर स्कूल-पड़रिया रोड, स्मार्ट किड्स स्कूल आस्कामिनी नगर, प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज व काराकाट पीपीएस स्कूल स्कूल, शिशु शिक्षा मंदिर काराकाट, राजकीयकृत मध्य विद्यालय काराकाट, शिशु शिक्षा मंदिर सखवां, उच्च माध्यमिक विद्यालय मानिक परासी, राजकीयकृत मध्य विद्यालय इटवां, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़वल, ए पी एस स्कूल बुढ़वल सहित अन्य सरकारी एवं निजी संस्थानों में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के बीच होली पर्व को लेकर भारी उमंग एवं उत्साह देखा गया। इस पर्व को लेकर सभी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर साथ ही मुंह को मीठा करा कर एक दूसरे के साथ गले मिलकर राग और द्वेष को निकाल आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनाने का अपील किए। साथ ही साथ स्थानीय शहर में होली पर्व को अमन चैन व आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए थर्ड जेंडर भी अपने अंदाज में दिखे। पर्व को लेकर लाली किन्नर व खुश्बू किन्नर अपने टीम के साथ शहर में घूम-घूमकर शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ आपसी-भाईचारे के साथ किसी भी तरह का वैर व द्वेष निकालकर पर्व को मनाने की अपील की।

भूमि विवाद निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन



नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा/थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन थानाध्यक्ष सुशांत कुमार एवं आरओ दिव्यप्रकाश की नेतृत्व में किया गया, जिसमें भूमि विवाद के दो मामलों का निपटारा किया गया. एसआई बिजेंद्र कुमार राम ने बताया कि स्थानीय अंचल क्षेत्र के भूमि विवाद के एक मामला जबकि दूसरा मामला बिक्रमगंज अंचल के कुशमहरा पंचायत के लर्ड्डु गांव के भूमि विवाद के मामले का निपटारा किया गया, मौके पर प्रशिक्षु एसआई राजू चौधरी, थाना मैनेजर कौशल्या कुमारी, मुन्ना अंसारी के साथ ही कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे

शोकाकुल परिवार से मिले सांसद व भाजपा नेता

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ/ मंडल भाजपा के मीडिया प्रभारी संजीत सिंह के असामयिक निधन की खबर, सुन शोक संतप्त परिजनों से शनिवार को औरंगाबाद सांसद सुशिल कुमार व प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री राजेंद्र सिंह मिलने पहुंचे.मृतक संजीत सिंह के बड़े भाई अजीत सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व इलाज के क्रम में वाराणसी में उनकी मौत हो गयी.वह अपने पिछे पत्नी के साथ ही एक 8 माह की बेटी छोड़ गया हैं वहीं दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिजनों से मिल कर ढाढस बंधाया और हर संभव मदद करने की बात कही. मौके पर मंडल अध्यक्ष बिनोद सिंह, डा. अजय सिंह, रवि रंजन सिंह , मुखिया संतोष सिंह, संजय सिंह, पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह मनोज सिंह, गोपाल सिंह, अभय सिंह हरिहर राय आदि उपस्थित थे.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई-प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(11th Call)
जिसका PR No. 255940 (Drinking Water and Sanitaion) 2021-22 है।
Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 04-03-2023

S.No	Name of the Work	Cluster Name	Sub Cluster/Group No.	Block	Estimate Cost (in Lac)	Ernest money (in Lac)	BOQ cost (in Rs.)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis)	2A	2A (i)	[illegible]	[illegible]	[illegible]	10000.00
2			2A (ii)	Chanho	817.72	8.18	10000.00
3	[illegible]			09 Months + 3 months (trial and run)			
4	[illegible]			06-03-2023 at 04:00 P.M			
5	[illegible]			11-03-2023 up to 04:00 P.M			
6	[illegible]			13-03-2023 up to 04:00 P.M [illegible]			
7	[illegible]			13-03-2023 up to 05:00 P.M			
8	[illegible]			[illegible]			
9	[illegible]			0651-2401247			

• [illegible] http://jharkhandtenders.gov.in [illegible]
• [illegible] http://jharkhandtenders.gov.in [illegible]
• [illegible]
कार्यपालक अभियंता,
PR.NO.291931 Drinking Water and Sanitation(22-23):D [illegible]

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई-प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(सातवां कॉल)
जिसका PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion) 2021-22 है।
Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 04-03-2023

S.No	Name of the Work	Cluster Name	Sub Cluster/Group No.	Block	Estimate Cost (in Lac)	Ernest money (in Lac)	BOQ cost (in Rs.)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis)	9A	9A (ii)	Namkum	603.65	6.04	10000.00
2		10A	10A (i)	Kanke	737.10	7.38	10000.00
3	[illegible]			09 Months + 3 months (trial and run)			
4	[illegible]			06-03-2023 at 04:00 P.M			
5	[illegible]			11-03-2023 up to 04:00 P.M			
6	[illegible]			13-03-2023 up to 04:00 P.M [illegible]			
7	[illegible]			13-03-2023 up to 05:00 P.M			
8	[illegible]			[illegible]			
9	[illegible]			0651-2401247			

•[illegible] http://jharkhandtenders.gov.in [illegible]
•[illegible] http://jharkhandtenders.gov.in [illegible]
•[illegible]
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची
PR 291936 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

उपायुक्त अबु इमरान ने हेरूआ डैम एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया औचक निरीक्षण

शहरी जलापूर्ति हेतु लगायें गए सात मोटर पंप की छमता का लिया जानकारी, शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से समय समय पर पेयजल की करें आपूति उपायुक्त

चतरा: गर्मी के मौसम को देखते हुए आज उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा शहरी क्षेत्र में पेयजल की समस्या न हो इसके लिए हेरूआ डैम पहुंच स्थिति का लिया जायजा।

निरीक्षण के क्रम में हेरूआ डैम का जलस्तर समेत पेयजल से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात हेरूआ डैम समीप अधिष्ठापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जो कि विशेष केन्द्रीय सहायता मद (एससीएस) अन्तर्गत चतरा शहरी जलापूर्ति के लिए लगायें गए 07 सात मोटर पंप का भी निरीक्षण किया। उक्त मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रण्मडल चतरा से लगाये गए मोटर पंप की क्षमता की जानकारी लेते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि बढ़ते तापमान को देखते हुए आम नागरिकों को पेयजल की समस्या न हो इसका खास ख्याल रखा जाय।

उक्त मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अविक अंबाला, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा गणेश रजक उपस्थित थे।

भुसूर जंगल में लगी आग,ग्रामीणों के प्रयास से बुझा आग

अनगड़ा/भुसूर जंगल में शनिवार को आग लग गई। वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष महाबीर महतो के नेतृत्व में वन सुरक्षा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार किसी शरारती तत्व ने आग लगाई होगी। आग बुझाने में विजय महतो, बलदेव महतो, गुड्डू महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बालकृष्ण हाई स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने अनगड़ा में किया शैक्षणिक भ्रमण

अनगड़ा। उषा मार्टिन विवि में शनिवार को बालकृष्ण हाई स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। उन्नत भारत अभियान के तहत यूनिवर्सिटी के फैकल्टी आफ कम्प्यूटिंग एंड इनफार्मेशन टेक्नोलाजी एवं फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंस विभाग ने कंप्यूटर लिटरेसी प्रोग्राम और इंजीनियरिंग वर्कशाप के हैंड्स आन सेशन का आयोजन किया गया। विद्यार्थी इसमें शामिल होकर कंप्यूटर की बारीकियों को समझा। इस प्रोग्राम में उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के डीन एकेडेमिक्स प्रो० हिमांशु नारायण, कंप्यूटर विभाग की हेड डा. शर्मिष्ठा राय, डा. ऋतुश्री नारायण, इंजीनियरिंग विभाग से राहुल कुमार और विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

गरुड़ फॉल बोंगई बेड़ा में शिव मन्दिर निर्माण का भूमि पूजन

अनगड़ा। गरुड़ फॉल बोंगईबेड़ा में शनिवार को शिव मन्दिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन तपोवन मन्दिर निवारणपुर रांची के महंत ओमप्रकाश शरण के द्वारा किया गया। पुरोहित के रुप में प्रणय कुमार वर्मा व प्रीती वर्मा उपथित थे। प्रणय वर्मा ने बताया की यहां भव्य एवं आकर्षक शिव मन्दिर का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर धनीनाथ महतो, जगेश्वर महतो, सोनलाल भोगता, छोटेलाल महतो, रूपचन्द भोगता, महेश महतो, कपिल महतो, कार्तिक महतो, अजय मुंडा, धर्मा महतो समेत बेनियाजारा, मसरीजारा एवं बोंगईबेड़ा के ग्रामीण उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला द्वारा राष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत की गई

गुमला/ झालसा के निर्देश पर तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, श्री संजय कुमार चांधरियावी के मार्गदर्शन पर तथा जिला प्रशासन की सहयोग से आज दिनांक 4 -3-23 को गुमला प्रखंड में विधिक सेवा प्राधिकार गुमला द्वारा राष्ट्रीय महिला सप्ताह के कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में महिला दिवस जो 8 मार्च को मनाया जाता है, उसे अर्थ पूर्ण रूप से मनाने के लिए 4 मार्च से 11 मार्च तक के दिवस को महिला सप्ताह के रूप में मनाया जाना है, इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह की शुरूआत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा गुमला प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम से शुरू किया गया जिसमें पीएलबी नवीना साहू, नीलम लकडा, तेतरू उरांव थे, तथा रिसोर्स पर्सन में बुंदेश्वर गोप, तथा इंदु पांडे, जो लीगल एड डिफेंस काउंसिल के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुमला में कार्यरत है, महिलाओं से संबंधित कानून ,विवाह कानून, तलाक, मेंटेनेंस, संपत्ति का अधिकार, घरेलू हिंसा, भारतीय दंड संहिता से महिला संबंधी अपराध, मातृत्व लाभ, महिला के स्वास्थ्य संबंधी कानून, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री सुनील झा तथा मुक्ता सोरेन प्रोबेशन डिप्टी कलेक्टर ने भी महिलाओं से संबंधित अनेक विंदूओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने महिला संबंधी कानूनों की पर्याप्त जानकारी प्राप्त की जिसे उन्हें भविष्य में लाभ मिलेगा।

नरेश पाण्डेय पंचायत सचिव के पद से हुए सेवानिवृत्त, परिजनों ने केक काटकर किया स्वागत

चतरा: नरेश पाण्डेय पंचायत सचिव के पद से विगत 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए हैं। वे चतरा जिले के कुंदा प्रखंड में कार्यरत थे। इनके सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष में इनके परिजनों ने केक काटकर इनका भव्य स्वागत किया और जश्न मनाया। श्री पांडे वर्ष 1995 ई से सेवा में आए थे। हंसमुख व्यक्तित्व तथा प्रतिभा के धनी श्री पांडे अपने कार्य अवधि के दौरान जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड से सर्वप्रथम अपने कैरियर का शुरूआत किया था। अपने सेवा अवधि में वे सिमरिया, टंडवा, चतरा, इटखोरी तथा कुंदा प्रखंड में कार्य किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने जीवन का एक मूल सिद्धांत था कि मैं जहां भी रहा पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य किया। मुझे जो भी दायित्व मिलता था उसे समय पूरा करने का कार्य किया अब चुकी मेरा सेवा अवधि समाप्त हो चुका है इसलिए मैं अपने परिवार के लोगों के बीच ज्यादा साथ समय दूँगा। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही मैं अपना एक व्यवसाय स्थापित करूंगा तथा कॉफी बनाने का व्यवसाय प्रारंभ करूंगा। श्री पांडे जिले के टंडवा प्रखंड के सिसई गांव के रहने वाले हैं। इस मौके पर पंचायत सचिव दिगंबर पांडे, बैजनाथ तिवारी, राजन पांडे, पुत्र उज्जवल कुमार तथा पत्नी एवं पुत्री सहित कई परिजन उपस्थित थे।

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के निर्माण में आने वाले समस्याओं के संबंध में उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

गुमला: उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अधिकरण अंतर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के संबंध में बैठक का आयोजन उपायुक्त सभाकक्ष में किया गया। जिले के बसिया प्रखंड के अलावा सभी 11 प्रखंडों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के निर्माण करने हेतु प्रस्ताव पारित है। रायडीह, विशुनपुर एवं पालकोट के अलावा बाकी सभी प्रखंडों में एकलव्य विद्यालय बनाने का कार्य प्रारंभ है। जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत सीलम, विशुनपुर अंतर्गत निरासी एवं पालकोट अंतर्गत बंगरू में एकलव्य विद्यालय बनाए जाने हैं, भूमि संबंधित विवादों के कारण कार्य स्थगित है। उपायुक्त ने सभी विवादों को सुनते हुए 14 मार्च से पूर्व सभी भूमि संबंधित विवादों का निवारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को सभी संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक करते हुए विवादित समस्याओं का निवारण करते हुए विद्यालय निर्माण का कार्य प्रारंभ करने को कहा। इस दौरान अपर समाहर्ता गुमला, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

एससीए मद अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की उपायुक्त ने निर्माण कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का दिया निर्देश

गुमला: उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से कार्य की प्रगति के बारे जानकारी लिया एवं निर्देश दिया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में एससीए मद से किए जाने वाले निर्माण कार्यों का स्वयं जा कर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही डुप्लीकेसी वाले योजनाओं पर विशेष नजर रखने की बात कही। उपायुक्त ने एससीए की राशि से किये जा रहे भवन जीर्णोद्धार कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार, आंगनवाड़ी केंद्रों निर्माण, विभिन्न सरकारी भवनों के जीणोर्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने छोटे छोटे कार्यों को अविलंब पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने पूर्ण हुए निर्माण कार्य के बाहर सूचना पट लगाने पर विशेष जोर दिया, सूचना पट में योजना के बारे में संक्षिप्त विवरण लिखने की बात कही। उपायुक्त ने सभी निमार्णाधीन कार्यों एवं पूर्ण हुए कार्यों का एस्टीमेट से मिलान करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया।

टाना भगत समुदाय के लिए बनने वाले विशेष निमार्णाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने उन सभी कार्यों की विवरणी सूची की मांग की।

सदर अस्पताल में बच्चे हुए सभी निर्माण कार्यों को पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एससीए मद से किए जाने वाले विद्यालयों। के कार्यों को 1 माह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इन सभी विद्यालयों का उपयोग परीक्षा सेंटर के रूप में किया जाना है जिस कारण उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप जिला योजना सह जिला परिवहन पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य

विभाग, सहकारिता, सांख्यिकी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

चतरा: समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सांख्यिकी विभाग समेत अन्य विभागों का किया गया समीक्षा बैठक। बैठक में मुख्य रूप से कृषि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना वहीं पशुपालन विभाग से संचालित योजना यथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, राष्ट्रीय कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम समेत मत्सय विभाग एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अघतन स्तिथि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति की मौजूदा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को किसी प्रकार के जल संकट से न गुजरना पड़े इसका खास खयाल रखा जाए। इस संबंध में उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिये। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, पंचायत राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, सीविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अविक अंबाला समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सक्षम ग्राम पंचायत को लेकर चतरा प्रखंड के मोक्तमा पंचायत में अयोजित की गई बैठक

चतरा : शनिवार को मोक्तामा पंचायत सचिवालय में, मुखिया की अध्यक्षता में सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया। ज्ञात हो कि चतरा प्रखंड के पांच पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की योजना पर कार्य हो रहा है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, स्वच्छता, एवं युवा सशक्तिकरण के दिशा में कार्य किया जायेगा। बैठक में पंचायत में उपमुखिया, कार्यरत सभी विद्यालयों के प्रभारी, आंगनवाड़ी की सेविका, सहायिका, सहिया, सामूदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, पंचायत के समाज सेवी सहित दर्जनों लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आकांक्षी जिला टीम (पीरामल फाउंडेशन) तथा जिले में कार्य कर रहे अन्य यंग प्रोफेशनल के माध्यम से क्रियान्वयन किया जायेगा। पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधी अफसर आजाद ने कार्यक्रम में अपने वक्तव्य के दौरान सक्षम ग्राम पंचायत एवं पंचायत ज्ञान केंद्र की योजना को उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को बताया। आजाद ने बताया कि सक्षम ग्राम पंचायत जिले के 17 पंचायतों में अभिसरण और सहयोग के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने की पहल है। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य-पोषण, स्वच्छता, को बेहतर और राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारने के साथ युवा तथा महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए इसे चतरा जिला के 17 पंचायतों में प्रायोगिक तौर पर कार्य किया जा रहा है। तथा पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की जाएगी जिसमें पुस्तकालय, ऑनलाइन शिक्षण वहीं संस्था की प्रतिनिधि नेहा ठाकुर ने पंचायतों में विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों को सुदृढ करने के साथ ही स्वच्छता तथा युवाओं के कौशल विकास तथा उनके लिए रोजगार के अवसरों के विकास योजना पर कार्य करने के तरीकों पर बात की। पिरामल के दीपक मिश्रा ने कहा सक्षम ग्राम पंचायत की अवधारण राष्ट्रपति महात्मा गांधी की अवधारण है जो गांधी जी की प्रसिद्ध पुस्तक ग्राम स्वराज में दी गई है। गांव और पंचायत को सक्षम बनाए बिना मानव विकास की बात पूरी तरह से सही नही हो सकती। पिरामल फाउंडेशन सक्षम ग्राम पंचायत में तकनीकी सहयोग के साथ साथ सार्वजनिक जागरूकता के लिए समुदाय के साथ काम करेगा। बैठक का समापन एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली और सबे बारात की शुभकामनाएं दीं गयी। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, उपमुखिया रीता देवी, सचिव मुन्ना रोजगार सेवक राकेश रंजन औरावं पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य, नरेश भारती सहित दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया।

सरायकेला में प्रधानमंत्री पंचप्राण पर आधारित युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन, चित्र प्रदर्शनी लगी

सरायकेला। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्राण पर आधारित भारत सरकार के खेल मंत्रालय तथा नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला मुख्यालय सरायकेला के कुंवर विजय प्रताप गर्ल्स उच्च विद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष मनोज चौधरी एवं अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ,जिला युवा पदाधिकारी नेहरू युवा केंद्र क्षितिज कुमार, केंद्रीय संचार ब्यूरो के शाहिद रहमान, उमाशंकर जेआईएस के स्टेट हेड, विद्यालय के प्राचार्य नारायण कुमार उपस्थित रहे। युवा महोत्सव के साथ एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है।इस भव्य चित्र प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर आजादी की लड़ाई पर विशेष जानकारियां दी गई। चित्र प्रदर्शनी के दूसरे हिस्से में मोटे अनाज तथा मिशन लाइफ पर भी आकर्षक और ज्ञानवर्धक जानकारियां छात्राओं को दिया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित की जाने वाली की प्रदर्शनी 5 मार्च तक रहेगी। प्रदर्शनी के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया

राष्ट्रपति ने स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से कोडरमा की पूजा देवी और पार्वती देवी को सम्मानित किया

कोडरमा। स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से कोडरमा की पूजा देवी और पार्वती देवी को राष्ट्रपति ने शनिवार को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में कोडरमा कि इन दोनों महिलाओं को सम्मानित किया। मरकच्चो प्रखंड के आकोर्सा की रहने वाली पूजा देवी को प्लास्टिक मुक्त अभियान को सार्थक बनाने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं जरगा पंचायत के कंझाटांड़ की पार्वती देवी को जल संरक्षण के बेहतर प्रयास और उसे साकार करने में अहम भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के लिए झारखंड से 3 महिलाओं का चयन किया गया था, जिसमें से 2 महिलाएं 2 दिन पहले सम्मान पाने के लिए नई दिल्ली रवाना हुई थी। कोडरमा जिले के कई ऐसे गांव हैं जिनमें जल संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान को सरकार बनाने में ग्रामीण जुटे हुए हैं। पार्वती देवी अपने पंचायत की पंचायत समिति सदस्य भी है। वही पूजा देवी अपने पंचायत में वार्ड सदस्य के रूप में निर्वाचित हुई हैं। इन दोनों महिलाओं ने पंचायती राज्य व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अहम भूमिका निभा रही हैं।

सरायकेला स्थित काशी साहु महाविद्यालय में कौशल महोत्सव का हुआ, आयोजन, अजुर्न मुंडा ने की शिरकत

सरायकेला। आजादी के अमृत मोहत्सव पर भारत सरकार के जनजातीय कल्याण कार्य मंत्रालय के पहल पर स्कील इँडिया, एनएसड़ीसी,एएसडीसी के सहयोग से सरायकेला स्थित काशी साहु महाविद्यालय में शनिवार को कौशल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑटोमोबाईल सेक्टर के कौशल विकास, रोजागर, अप्रैंटिशिप एवं कैरियर काउंसलिंग पर कार्यशाला सह रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री अजुर्न मुंडा ने किया। इस मौके पर श्री मुंडा के साथ उनकी धर्म पत्नी मीरा मुंडा, सरायकेला उपायुक्त अरवा राजकमल, नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनजातीय मंत्रालय युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कहा कि एकलव्य मॉडल स्कूल समेत कल्याणकारी केंद्र की योजनाओं से युवा छात्रों को जोड़ते हुए नियुक्तियां की जानी है जिसकी शुरूआत आज के इस आयोजन से हो रही है। इस दौरान जमशदेपुर समेत देश के विभिन्न हिस्सों से 10 से अधिक कंपनियां द्वारा स्टॉल लगा कर आवेदन लिया जाएगा। कौशल मेला में टाटा मोटर्स, एएसएल मोटर्स सहित कई नामी गीरामी कंपनीयों द्वारा अलग अलग पदों के लिए 4755 आवेदन लिया जाएगा व स्क्रुटनी के पश्चात नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसमें अलग अलग पदों के लिए आईटीआाई (फीटर, इलेक्ट्रेशियन, टर्नर) डिप्लोमा (मैकानिकेल, इलेक्ट्रिकेल, इलॉक्ट्रॉनिक) सहित अन्य योग्यता रखी गया है।

न्यायालय के आदेश का धज्जियां उड़ाने में लगे हैं चतरा के जिला शिक्षा पदाधिकारी

बकाये वेतन का भुगतान के लिए दर- दर की ठोकर खाने को विवश है ओम प्रकाश

चतरा: चतरा जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय इन दिनों चर्चा का विषय बनकर रह गया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि न्यायालय के आदेश को भी यहां अनदेखी करके अपनी मनमानी पेश किया जाता है। बड़े मियां तो बड़े मियां -छोटे मियां सुभान अल्लाहऱ के तर्ज पर इस कार्यालय में हाकिम से लेकर कार्यालय में कार्यरत बाबू लोग भी किसी को बेवजह परेशान करते रहते हैं। इस बात का सबसे ज्वलंत उदाहरण तो यह है कि झारखंड उच्च न्यायालय रांची के आदेश का भी यहां पालन नहीं किया जा रहा है और किसी को भी यहां बेवजह परेशान किया जाता है। इस बात का सबसे ज्वलंत उदाहरण यह है कि हजारीबाग तथा चतरा के जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय के ज्ञापांक 7179 /81दिनांक 12 सितंबर 1996 ईङ्ग के आदेश से दिनांक 13 .09.96 को ओम प्रकाश गुप्ता को लिपिक के रिक्त पद पर रखा गया था। वह राम नारायण उच्च विद्यालय, कान्हाचट्टी में दिनांक 13 .09.1996 से लेकर 09.01.97 तक नियमित रूप से कार्य किया परंतु पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा अकारण उसकी उपस्थिति बनाने पर रोक लगा दिया गया जबकि इस संदर्भ में ऊपर से किसी प्रकार का कोई आदेश नहीं आया था। इस संदर्भ में आर डी डी ए उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग ने भी अपने कार्यालय के पत्रांक 179 दिनांक 25.04.98 को आदेश निर्गत दिनांक 20.04.98 से ओम प्रकाश गुप्ता का उपस्थिति को मान्य करार दिया था तथा इस बाबत उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी अपने कार्यालय के पत्रांक 04 दिनांक 2 जून 2021 तथा तत्कालीन डी. ई.ओ.चतरा के ज्ञापांक 657 दिनांक 21जून2021 के द्वारा इसकी पुष्टि किया गया है जबकि दिनांक 13.0 9.96 से लेकर 09.01. 97 तक के कार्य अवधि का बकाया वेतन का भुगतान अभीतक नही हुआ है और उसे नौकरी से हटा देने के कारण वह बेरोजगारी का दंश झेल रहा है तथा दाने-दाने को मोहताज है। अपने बकाए राशि का भुगतान पाने के लिए भी उसे लगातार कार्यालय तथा न्यायालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। न्याय पाने का आश लेकर ओमप्रकाश अभी भी दर दर की ठोकर खा रहा है तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय का चक्कर काट रहा है। बहरहाल अब आगे देखना यह है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद ओम प्रकाश गुप्ता र्ङ्की न्याय मिल भी पाता है या फिर जिला शिक्षा पदाधिकारी के अड़ियल रवैया के कारण अपने अधिकार से वंचित रह जाता है।

संपादकीय

चुनाव आयोग पर फैसला

अदालतों के कुछ फैसले लोकतंत्र की जीत की तरह लगते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग के दो सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया में क्रांतिकारी सुधार से जुड़ा सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी इनमें से एक है। कोर्ट ने साफ किया कि अब राष्ट्रपति सिर्फ सरकार की सलाह पर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति नहीं कर सकेंगे। इसके बजाय अब प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) की सदस्यता वाली एक समिति रष्ट्रपति को सलाह देगी। इस तरह चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति से सरकार के नियंत्रण को खत्म करके कोर्ट ने एक पूरी तरह स्वतंत्र वॉचडॉग के जरिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने को सुनिश्चित किया है। निश्चित तौर पर यहां लोकतंत्र की जीत हुई है। परंतु पिछले 73 सालों में संसद की तरफ से इसे लेकर कानून बनाने की अनिच्छा के मद्देनजर कोर्ट का इस तरीके से विधायिका के काम में हस्तक्षेप की वजह से लोकतंत्र को नुकसान भी हुआ है। संविधान के अनुच्छेद 324 में एक सामान्य सा प्रावधान है- चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति तब तक करेंगे, जब तक कि संसद इसे लेकर कानून नहीं बनाती। संविधान में कई दूसरी जगहों पर कानून बनाने के लिए संसद को स्पष्ट तौर पर आदेशित किया गया है (जो बाध्यकारी हैं) जैसे- आर्टिकल 35 जहां संसद को कहा गया है कि वह अस्पृश्यता (छूआछूत) से जुड़े अपराधों और बेगारी के खिलाफ कानून बनाये। संविधान बनाने वालों ने निश्चित तौर पर संसद से जवाबदेह होने की उम्मीद की है कि वह नियुक्ति की ऐसी प्रक्रिया स्थापित करे, जो चुनाव आयोग की स्वतंत्रता की रक्षा करे। लेकिन उन्होंने जानबूझकर इसे आदेशित नहीं किया, बाध्यकारी नहीं किया। इसके उलट, शायद संविधान बनाने वालों को अंदाजा होगा कि संसद को कानून बनाने में समय लग सकता है, इसलिए उन्होंने खुद की उस तथाकथित वैक्युम को यह कहकर भर दिया कि जब तक ऐसा कानून नहीं बन जाता, तब तक नियुक्ति की शक्ति राष्ट्रपति के पास होगी। यहां संविधान को सिर्फ संसदीय शक्तियों के चार्टर के रूप में नहीं देखा जा सकता, यह कर्तव्यों का भी चार्टर है। कोर्ट को दखल देना चाहिए था या नहीं, ये अलग सवाल है। लेकिन इतना तो साफ है कि आर्टिकल 324 के तहत चुनाव आयोग में नियुक्तियों को लेकर पिछले सात दशकों में भी एक व्यापक कानून बनाने की अपनी ड्यूटी में संसद फेल हुई है। कर्तव्य के निर्वहन में इस नाकामी के बावजूद कोर्ट संसद का पूर्ण सम्मान बरतती रही है और कानून बनाने की उसकी संप्रभु शक्तियों को स्वीकार किया है। यही वजह है कि उसने न तो चुनाव आयुक्तों को पद से हटाने के लिए कोई नया नियम तय किया और न ही कोई इंडिपेंडेंट सेक्रेटेरियट का गठन किया, जिसकी याचिकाकर्ता ने मांग की थी, दलील दी थी। कोर्ट ने बस संसद से जरूरी बदलाव करने की जोरदार अपील की है। अब संसद को इस मामले पर कानून बना देना चाहिए, ताकि पूरी नियमावली तैयार हो सके।

सामयिकी

चार घटनाओं के निहितार्थ

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत में इस सप्ताह (गुरुवार) को घटी चार घटनाओं ने विशेष ध्यान खींचा है। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव परिणाम, चुनाव आयोग की नियुक्ति, अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच और जी-20 का विदेश मंत्री सम्मेलन। यह सम्मेलन पिछली तीनों घटनाओं के मुकाबले कम ध्यान आकर्षित कर सका लेकिन इसमें भारत के द्विपक्षीय हितों का उत्तम संपादन हो सका। यूक्रेन का मामला छाया रहा, कोई संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं हुआ लेकिन पहली बार रूस और अमेरिका के विदेश मंत्री मिले। भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से कई विदेशी नेताओं की आपसी भेंट में कई नए समीकरण बने। जहां तक त्रिपुरा, नगालैंड और मणिपुर के चुनाव का सवाल है तो तीनों राज्यों में भाजपा का बोलबाला हो गया है। मणिपुर में भी भाजपा सत्ता में शामिल हो जाएगी। दूसरे शब्दों में पूर्वोत्तर में भाजपा का बढ़ता हुआ वर्चस्व राष्ट्रीय एकता के लिए शुभ-संकेत है। एक तो पूर्वोत्तर के राज्यों में जो अलगाववादी प्रवृत्तियां सक्रिय रहती हैं, वे अब शिथिल पड़ जाएंगी। उनको हतोत्साहित करने में कांग्रेस से बड़ी भूमिका भाजपा की होगी। दूसरा, भाजपा के अपने स्वरूप को बदलने में इन चुनावों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भाजपा और नरेन्द्र मोदी को हिंदुत्व का कट्टर समर्थक माना जाता है, लेकिन पूर्वोत्तर राज्यों के ईसाइयों का समर्थन उनकी इस छवि को काफी नरम बनाएगा। गोवा और पूर्वोत्तर के ईसाइयों का यह समर्थन भाजपा के लिए दुनिया के ईसाई राष्ट्रों में भी लाभदायक सिद्ध हो सकता है। पूर्वोत्तर के ये राज्य जनसंख्या की दृष्टि से छोटे हैं लेकिन इनमें भाजपा की जीत 2024 के आम चुनाव को भी प्रभावित जरूर करेंगे। उसके पहले जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं, उनमें भी भाजपा के कार्यकताओं का उत्साह बढ़ेगा। इन चुनावों की जीत पर नरेन्द्र मोदी ने जो भाषण दिया, वह काफी संतुलित, तर्कपूर्ण और प्रभावशाली था। सर्वोच्च न्यायालय ने जो दो फैसले दिए हैं, उनसे हमारी न्यायपालिका की इज्जत में इजाफा ही हुआ है। उसने चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्षी नेता और मुख्य न्यायाधीश- ये तीन सदस्य अनिवार्य बताए हैं लेकिन यह भी कह दिया है कि यह प्रावधान संसद के कानून द्वारा लागू किया जाना चाहिए। कानून बनने तक अदालत का फैसला प्रभावी रहेगा। इस फैसले से चुनाव आयोग की प्रामाणिकता बढ़ेगी। जहां तक अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद का सवाल है, इस मामले में विपक्ष आक्रामक है। ह्यसेबीह्न ने भी जांच बिठाई है। अब सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज एएम सप्रे की अध्यक्षता में जिन पांच लोगों की कमेटी बनी है, वह अगले दो माह में सारे मामले की जांच करके सर्वोच्च न्यायालय को अपनी रपट देगी। इस कमेटी के सदस्य काफी प्रतिष्ठित, प्रामाणिक और जानकार लोग हैं। बावजूद इसके विपक्ष संसदीय कमेटी से जांच की मांग पर अड़ा हुआ है।

(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)

हिन्दुत्व सबसे महान जीवन मार्ग

हृदयनारायण दीक्षित

समूची सृष्टि और हम एक हैं। एक का ही विस्तार हैं। सब आत्मीय हैं। सब परिजन हैं। सबके प्रति हमारे दायित्व हैं। हिन्दू जीवन पद्धति में कर्तव्य प्रधानता है। अधिकार महत्वपूर्ण नहीं है। हिन्दू जीवनशैली में जीवन के सारे कर्म-धर्म हैं। प्रकृति में एक सतत यज्ञ चल रहा है।

भारतीय जीवन रचना हिन्दू और हिन्दुत्व की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है। इसे रिलीजन, पंथ और मजहब की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। बीते सोमवार को देश की सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा कि- 'हिन्दू एक महान धर्म है'। उन्होंने कहा कि तत्व मीमांसा के आधार पर शायद हिन्दुत्व सबसे महान जीवन मार्ग होगा। न्यायमूर्ति केएस जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने उक्त महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिए हैं। न्यायमूर्ति जोसेफ ने स्वागत योग्य टिप्पणी की है -'मैं एक ईसाई हूं लेकिन मैं हिन्दुत्व को भी पसंद करता हूं और इसका अध्ययन करने का भी प्रयास करता हूं। इसकी महानता को समझने की भी कोशिश की जानी चाहिए।' न्यायमूर्तियों के कथन में भारतीय दर्शन की तत्व मीमांसा का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा है-'तत्व मीमांसा के आधार पर संभवतः हिन्दुत्व सबसे महान धर्म होगा'। उन्होंने कहा है-'तत्व मीमांसा के आधार पर इसका भाव ठीक से समझा जा सकता है।'

तत्व मीमांसा का अर्थ है सृष्टि के मूलभूत तत्वों के आधार पर सत्य का विवेचन करना। वैशेषिक दर्शन में भी तत्व मीमांसा का समुचित प्रयोग हुआ है। वैशेषिक दर्शन में गुणों की संख्या 17 बताई गई है। पदार्थ धर्म संग्रह में गुणों की सूची में सात गुण और जोड़े गए हैं। इस प्रकार वैशेषिक दर्शन में 24 गुण बताए गए हैं। वे रूप, रस, गंध, स्पर्श, शब्द, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, बुद्धि, सुख, दुख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म और संस्कार। वैशेषिक दर्शन में आत्मा को भी द्रव्य माना गया है। मीमांसा स्वतंत्र दर्शन भी है। इसे जैमिनि ने सूत्र रूप दिया है। यह धर्म जिज्ञासा से प्रारम्भ होता है। न्यायमूर्तियों ने उचित ही तत्व मीमांसा की ओर इशारा किया है।

हिन्दू और हिन्दुत्व एक विशेष प्रकार की जीवनशैली हैं। सर्वोच्च न्यायपीठ की ताजा टिप्पणी नई नहीं है। सन 1995 में भी सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिन्दुत्व को जीवन की एक शैली बताया था। तब के प्रधान न्यायधीश जेएस वर्मा ने हिन्दुत्व को जीवन शैली बता कर सारी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था। इससे पहले भी न्यायालय की सकारात्मक टिप्पणियां आई हैं। 1966 के फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा था-'यह मजहब नहीं है। यह एक विशेष प्रकार की संस्कृति को प्रकट करने वाला शब्द है।' दुनिया में भिन्न- भिन्न प्रकार की जीवन शैली प्रचलित हैं।

मजहब, रिलीजन या पंथ विश्वास आधारित हैं। यह आस्था का विषय हैं। जीवन शैली किसी देवदूत की उद्घोषणा का परिणाम नहीं होती। प्रत्येक जीवन शैली का अपना एक अनुभव शास्त्र होता है। परस्पर कार्य व्यवहार के लिए एक विशेष प्रकार की आचार संहिता का विकास होता है। जीवन शैली में मानव जीवन के सभी कार्य व्यापार समाहित हैं। सोचने की दृष्टि भी जीवन शैली का भाग होती है। जीवन शैली में ही जीवन के ध्येय सम्मिलित होते हैं। जीवन को सर्वोत्तम बनाने के लिए प्राचीन अनुभव, परंपरा और ज्ञान-विज्ञान से लाभ उठाया जाता है। प्रत्येक जीवन शैली का एक भू-क्षेत्र होता है। उस भूक्षेत्र में रहने वाले निवासियों का साझा इतिहास होता है। सबके स्वप्न और उमंग साझा होते हैं। भारत के लोकजीवन में भी सबका साझा इतिहास है। न करने योग्य कार्यों की सूची भी एक समान है। करणीय और अनुकरणीय कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता भी एक जैसी है।

जीवन शैली सामान्य आचार संहिता नहीं होती। इसका एक जीवन दर्शन भी होता है। दर्शन बुद्धि विलास नहीं होता। दर्शन में व्यक्ति और अस्तित्व के बीच के सम्बंध होते हैं। सृष्टि निर्माण के आदितत्व, आदिकारण और आदि हेतु जैसे प्रश्न दर्शन का विषय बनते हैं। हिन्दू दर्शन बहुआयामी है। भारत में छह प्राचीन दर्शन और महावीर व बुद्ध को मिलाकर आठ दार्शनिक विचारधाराएं हैं। अध्ययन के दौरान सभी विचारधाराएं भिन्न-भिन्न दिखाई पड़ती हैं। यहां दार्शनिक विचारधाराओं से अपनी दिशा तय करने की स्वतंत्रता है। भारतीय दर्शन का मुख्य उद्देश्य दुख समाप्ति है। सृष्टि रहस्यों की जानकारी दुख का निवारण करती है और सुख प्राप्त कराती है। दर्शन का सामाजिक गठन पर भी प्रभाव पड़ता है। सामाजिक रिश्तों पर भी दर्शन अपना प्रभाव डालता है। गीत, संगीत, कला और साहित्य लोक से जीवनरस प्राप्त करते हैं। दार्शनिक ज्ञान की प्रयोगशाला भी है। हिन्दू दर्शन में लोक और शास्त्र के बीच कोई द्वन्द्व या द्वैत नहीं है। शास्त्र लोक अनुभवों से सामग्री लेता है। लोक शास्त्र से सुखपूर्ण जीवनशैली के सूत्र लेता है। हिन्दू दर्शन में सूक्ष्म से स्थूल की यात्रा है। प्रमाण अनुमान और शब्द विश्लेषण के आधार बनते हैं। प्रमाण और अनुमान सुस्पष्ट हैं। प्राचीन ऋषियों से लेकर आधुनिक काल तक उपलब्ध ज्ञान शब्द प्रमाण की श्रेणी में आता है। दर्शन में भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण और विचार भिन्नता भी है। सभी विचारों अनुभवजन्य विश्वासों और शब्द प्रमाण का केन्द्रीय विचार 'एक सत्य' ही है।

ऋग्वेद के ऋषि बता गए हैं-'यहां अनेक देवता हैं। इन्द्र हैं। अग्नि हैं। लेकिन सत्य एक है।' विद्वान उसे भिन्न भिन्न नामों से पुकारते हैं। एक सत्य की यह ध्वनि ऋग्वेद से लेकर महाभारत की गीता और अष्टावक्र- जनक संवाद की अष्टावक्र महागीता तक विस्तृत है। अष्टावक्र ने जनक को बताया था-'वह विराट तत्व ज्योतिरेकं है। वह एक है। अभिव्यक्तियां अनेक हैं। विश्व के सभी प्राणी भिन्न भिन्न रूपों के बावजूद उस परम एक का विस्तार हैं। समूची वसुधा एक परिवार है -वसुधैव कुटुंबकम। प्रकृति और मनुष्य के बीच प्रगाढ़ आत्मीयता हिन्दू दर्शन का मुख्य तत्व है। इस जीवन दृष्टि में सूर्य विश्व परिवार के मुखिया हैं। ऋग्वेद में चन्द्रमा विराट पुरुष का मन हैं - चन्द्रमा मनसो जाता। चन्द्रमा पृथ्वी का भाई है और हम सब पृथ्वी के पुत्र हैं। इसी रिश्ते में माता-दादी हम सबको सिखाती थीं की चन्द्रमा मामा हैं। धरती माता हैं। आकाश पिता हैं। नदियां माताएं हैं। वनस्पतियां देवता हैं।

समूची सृष्टि और हम एक हैं। एक का ही विस्तार हैं। सब आत्मीय हैं। सब परिजन हैं। सबके प्रति हमारे दायित्व हैं। हिन्दू जीवन पद्धति में कर्तव्य प्रधानता है। अधिकार महत्वपूर्ण नहीं है। हिन्दू जीवनशैली में जीवन के सारे कर्म-धर्म हैं। प्रकृति में एक सतत यज्ञ चल रहा है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया-'अन्न से सभी प्राणी पोषण पाते हैं। अन्न वर्षा से पैदा होता है और वर्षा यज्ञ से आती है। यज्ञ सत्कर्मों से होता है।' यह यज्ञ अग्नि में सविधा डालकर हवन करना नहीं है। श्रीकृष्ण ने सत्कर्मों को यज्ञ बताया है। दार्शनिक स्तर पर यज्ञ को भी 'उस एक' को यज्ञ प्रतीक के माध्यम से समझाया गया है। इस प्रतीक के अनुसार 'ब्रह्म अग्नि में ब्रह्म की आहुति देता है। ब्रह्म ही स्वाहा बोलता है। ब्रह्म ही ब्रह्म को अर्पित करता है। अग्नि में सविधा डालने वाले मंत्र भी ब्रह्म हैं। ब्रह्म ही आहुति प्राप्त करता है।' हिन्दू जीवन शैली तनावग्रस्त विश्व की सभी चुनौतियों का उपचार है। हिन्दू हिंसक नहीं हो सकता। आक्रामक नहीं हो सकता। किसी दूसरे देश पर हमला करने की बात भी नहीं सोच सकता। हिन्दू अखिल विश्व का लोकमंगल चाहते हैं। इस आलेख के माध्यम से निवेदन है कि सब अपने जीवन कर्म में हिन्दुत्व का अंश जोड़कर कुछ प्रयोग करें। इसके परिणाम खूबसूरत आएंगे। हिन्दू दर्शन में आत्मरूपांतरण की विराट क्षमता है।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

किताबों और स्त्रियों के बीच इतनी दूरी क्यों



सुजाता

एक फिल्म में दृश्य था कि डायरी लिखती स्त्री आहट से जब चौंकती है, पति पूछता है- औरत का निजी क्या होता है? यह सब सवाल उन स्त्रियों से है, जिनकी पिछली पीढ़ियों की स्त्रियों ने इसलिए संघर्ष किए कि किसी औरत का पढ़ना-लिखना सहज हो जाए, किसी की आंख को खटके नहीं।

स्त्रियों का लिखने-पढ़ने का संसार विकसित हुए बहुत दिन नहीं हुए। यह सवा सौ साल पुरानी ही बात है कि राससुंदरी देवी छिप-छिपाकर अक्षर ज्ञान हासिल करने की कोशिश कर रही थीं। जिस रसोई में वह सारा दिन खटा करती थीं, वहीं रामायण रखी जाती थी। पति उसे उठा ले जाते थे, पढ़ते थे फिर वापस वहीं रख देते थे। क्या है यह किताब, इसमें लिखा हर अक्षर राससुंदरी देवी के लिए अनजाना, अनचीन्हा क्यों है? आखिर उन्होंने घरवालों से छिपकर बच्चों की किताबों से लिखना-पढ़ना सीखा, वह भी तब, जब यह अंधविश्वास प्रचलित था कि पढ़ने वाली स्त्रियों के पति मर जाते हैं।

पढ़ने की प्रिविलेज

मचलाऊ लिखना सीख कर उन्होंने अपनी आत्मकथा आमार जीबोन (1876) लिखी। इसमें वह बताती हैं कि लड़की होने की वजह से उन्हें न पढ़ने दिया गया और न ही अपनी मां के अंतिम समय में उनके पास जाकर अपना मानवीय कर्तव्य पूरा करने दिया गया। वह लिखती हैं, ह्यजब मेरा पहला बच्चा जन्मा, मैं अठारह की थी। और जब आखिरी बच्चा जन्मा तब इकतालीस की। सिर्फ भगवान जानता है कि इन 23 सालों में मैं किस हालात से गुजरी हूं। किसी को भी इसका अनुमान नहीं हो सकता ह्न आज हम शिक्षित और सुविधाओं की दृष्टि से बहुत हद तक बेहतर जीवन जीने वाली स्त्रियां क्या इस टीस का अंदाजा लगा सकती हैं? और जब राससुंदरी देवी इस बात पर थोड़ा संतोष व्यक्त करती हैं कि कम से कम अब माता-पिता लड़कियों को पढ़ा रहे हैं तो क्या आज हम अपने प्रिविलेज के बारे में सोच रहे हैं कि कायदे से इसका क्या करना चाहिए?

तो कौन समझेगा

रूसी कवि मरीना स्विताएवा अकेली ही तीन बच्चों को पाल रही थीं। एक बच्ची लगातार बीमार रहती थी, दूसरी को आर्थिक संकट के चलते अनाथालय भेजना पड़ा, जहां उसकी मौत हो गई। ऐसे में मरीना को महीनों कलम छूने को भी न मिलती थी, कविता लिखना दूर की बात। लिखने के लंबे-लंबे अंतराल उन्हें तड़पा देते थे। इस तड़प को हम स्त्रियां आज नहीं समझेंगी तो कौन समझेगा! कौन समझेगा कि शिक्षा की अलख जगाने के लिए सावित्रीबाई फुले को समाज का जो विरोध झेलना पड़ा, वह कैसा रहा होगा! कहते हैं सावित्रीबाई पढ़ाने निकलती थीं तो रूढ़िवादी लोग रास्ते में उन पर गोबर और कीचड़ फेंकते थे। स्कूल पहुंचकर वह साड़ी बदलतीं, फिर पढ़ातीं।

पुरखिनों का संघर्ष

पंडिता रमाबाई ने हिंदू विधवाओं के लिए शारदा सदन नाम से बोर्डिंग स्कूल खोला ताकि जिन बाल-विधवाओं को उनका परिवार मुफ्त का गुलाम या मुसीबत समझता है, समाज लानतें देता है, उन्हें शिक्षा की रोशनी दी जा सके। इसके लिए उन्हें पुणे के प्रबुद्ध, ताकतवर ब्राह्मण नेताओं और प्रगतिशील समाज सुधारकों का भी विरोध झेलना पड़ा। ऐसी तमाम पुरखिनों का संघर्ष सिर्फ इसलिए था कि स्त्री-जाति सदा सदा के लिए अज्ञान के अंधेरों में न भटकती रहे। उनका जीना-मरना हमेशा सिर्फ दूसरों के लिए न हो। उनका एक व्यक्तित्व हो, समझदारी हो, अपने स्वतंत्र विचार हों और उनका जीवन भी राष्ट्र और समाज के निर्माण में उपयोगी हो।

सिरहाने नहीं किताब

दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो कोविड के दो साल बाद आया है। हिंदी और भारतीय भाषाओं में, अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं का विविध लेखन उपलब्ध है। स्त्री-विमर्श पर ढेरों किताबें हैं। लेकिन इन मेलों से अपने लिए किताबें ले जाने वाली स्त्री-पाठक कितनी हैं? बच्चों की उंगली पकड़े कुछ स्त्रियां बाल-साहित्य खरीद रही हैं। क्या वे अपने सिरहाने रखने के लिए किताबें भी खरीद रही हैं, जिनकी चंद पंक्तियां पढ़कर वे सोएं?

एक फिल्म में दृश्य था कि डायरी लिखती स्त्री आहट से जब चौंकती है, पति पूछता है- औरत का निजी क्या होता है? यह सवाल उन सब स्त्रियों से है, जिनकी पिछली पीढ़ियों की स्त्रियों ने इसलिए संघर्ष किए कि किसी औरत का पढ़ना-लिखना सहज हो जाए, किसी की आंख को खटके नहीं। यह हम पर है कि इस धरोहर को कैसे संजोएं। सिर्फ नौकरी या अच्छी शादी के लिए पढ़ें या ज्ञान और विचार की तड़प के लिए भी!

हॉलिवुड को कैसे टक्कर देंगे हम



दुष्यंत

हवाएं और कलाएं सरहद नहीं देखतीं। सिनेमा जैसी कलाएं दिलों को जोड़ती हैं, दुख बांटती हैं, साझे सुंदर भविष्य के सपनों में रंग भरती हैं। जॉय लैंड की रिलीज का स्वागत होना चाहिए और यह भी होना चाहिए कि एक सिलसिला बने, क्योंकि मोहब्बतें भी कोई पड़ाव या घटना नहीं होतीं, बहते दरियाओं सा सिलसिला होती हैं।

भारत में सिनेमा की चर्चाएं अमूमन मुंबई के हिंदी सिनेमा तक केंद्रित रही हैं। पिछले कुछ समय से उसका विस्तार दक्षिण के सिनेमा की तरफ हुआ है। हालांकि अभी भी बहुत सी भाषाओं का भारतीय सिनेमा चर्चा से दूर है। ऐसे में हमें यह भी देखने की जरूरत है कि हम भारत के पड़ोसी देशों के सिनेमा को कितना और कैसे देखते रहे हैं। लंबे काल में विकसित सांस्कृतिक समानताएं, साझा इतिहास के साथ-साथ कुछ में तो भाषाओं की साझेदारी है, जैसे- पाकिस्तानी सिनेमा के साथ उर्दू और पंजाबी तो बांग्लादेश के साथ बांग्ला। कभी-कभार जब पड़ोसी देश की फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल करती है, कोई बड़ा पुरस्कार पाती है तो भारत में उसका नाम सुनने को मिलता है, वरना उनके सिनेमा को लेकर चर्चा नहीं होती। इस साल पाओ चोयनिंग दोरजी निर्देशित भूटान की एक सुंदर फिल्म लुनाना- ए याक इन द क्लासरूम ऑस्कर में अंतिम 5 में चुनी गई है। इत्तफाक है कि दोरजी की पढ़ाई- लिखाई भारत में हुई है, लेकिन फिल्म की भारत में वाजिब चर्चा नहीं हुई।

एक दशक का अंतराल

पाकिस्तानी फिल्मों को लेकर भी यही हाल है। पाकिस्तान की कोई फिल्म 11 साल बाद भारत के सिनेमा हॉल में आ रही है। इसका नाम है जॉयलैंड। यह पाकिस्तान की तरफ से इस साल ऑस्कर में भी गई है। दिलचस्प बात यह भी यह फिल्म पाकिस्तान में भी कुछ तबकों की घोर आलोचना का विषय रही है, यहां तक कि कुछ समय के लिए इस पर बैन भी लगाया गया था। पिछली रिलीज्ड फिल्म शोएब मंसूर की बोल थी। सोचिए कि हम में से कितने लोग जानते हैं कि सरमद सहबाई, फरजाद नबी, सरमद सुल्तान खूसट जैसे संजीदा लोग पाकिस्तानी सिनेमा में बड़े बदलाव ला रहे हैं। कुछ साल पहले माहे मीर नाम की पाकिस्तानी फिल्म की भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हुई थी। यह फिल्म भी पाकिस्तान से ऑस्कर अवॉर्ड के लिए ऑफिशल नॉमिनेशन थी। भारत में कुछ फिल्म फेस्टिवल में तो दिखाई गई, सराही गई पर आम जनता के लिए थिएटर रिलीज नसीब नहीं हुआ।

सांस्कृतिक आवाजाही में खलल

राजनीतिक-कूटनीतिक संबंधों ने सांस्कृतिक आवाजाहियों में भी खलल डाला है। उसके लिए सरकारों के पास अपने वाजिब तर्क भी होंगे, पर एक मुकम्मल तर्क यह भी है कि साझे इतिहास और सांस्कृतिक समानताओं वाले उपमहाद्वीप के देशों के बीच अमन और मुहब्बती रिश्ते सांस्कृतिक आवाजाहियों से बेहतर बनते हैं। कलाएं आएं-जाएं, कलाओं से जुड़े लोग आएं-जाएं, जोड़ने वाली बातों को पुख्ता किया जाए, तभी तो आनेवाला कल आज से बेहतर बन सकता है। द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट हाल ही पाकिस्तान में रिलीज होकर व्यावसायिक रूप से वहां की अब तक की सबसे कमाऊ फिल्म बनी है, जो पंजाबी भाषा में बनी है। इसे भारत में पीवीआर ने रिलीज करने की बात कही थी, तारीख भी तय की थी, लेकिन यह रिलीज नहीं हुई। किन्हीं कारणों से सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को पास नहीं किया, जबकि द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट दोनों ओर के पंजाब में सदियों से प्रचलित लोकप्रिय लोककथा का फिल्मी रूप है, जिस पर पहले भी दोनों तरफ फिल्में बन चुकी हैं। दक्षिण के सिनेमा ने जिस तरह पिछले कुछ समय में भारतीय सिनेमा, पैन इंडियन सिनेमा को पुनर्परिभाषित किया है, अखिल महाद्वीपीय सिनेमा के भी आसार मुझे दिखाई देते हैं। ऐसे खयाल या कहानियां जिसे उपमहाद्वीप अपने को रिलेट करते हुए महसूस करे, जिसे केवल विदेश के या पड़ोस के अच्छे सिनेमा से आगे अपने ही सिनेमा के रूप में ऑर्गेनिकली ग्रहण करे। माना जाता है कि किसी भौगोलिक सांस्कृतिक इलाके के दुख और उम्मीदें अगर समान हों तो सपने भी एक से होंगे। सिनेमा में वह एकता क्यों नहीं सकारात्मक आकार ले सकती? भारतीय उपमहाद्वीप के साझे दुखों और उम्मीदों की फेहरिस्त तो इतनी लंबी है कि गिनते-गिनते उंगलियां कम पड़ जाएं।

रामायण, महाभारत सहित सैकड़ों पौराणिक कहानियों का भौगोलिक लोकेल इतना साझा है, कहानी कहते- सुनते-देखते हुए उपमहाद्वीप का कोई इलाका अपरिचित या पराया नहीं लगता। कुछ साल पहले एक पंजाबी फिल्म आई थी- द ब्लैक प्रिंस। मुझे इस फिल्म से कम से कम भारतीय उपमहाद्वीप की फिल्म के रूप में दर्शकों के अच्छे रिसेप्शन की उम्मीद थी। पंजाबी के लोकप्रिय गायक सतिंदर सरताज की नायक के रूप में पहली फिल्म थी। पंजाबी के अलावा हिंदी, अंग्रेजी, फ्रेंच में भी रिलीज की गई, पर किन्हीं कारणों से दर्शकों पर वह जादू नहीं कर पाई। फिर भी मेरी उम्मीद कायम है। कोई न कोई फिल्म उपमहाद्वीप की सबसे बड़ी फिल्म होकर हॉलिवुड को टक्कर देगी और उसमें यह अहंकार भाव नहीं होगा कि यह बॉलिवुड फिल्म नहीं है या दक्षिण भारत की फिल्म है। पड़ोस के साथ संयुक्त निर्माण भी एक सुंदर खयाल है। भारत के चहेते, वरिष्ठ फिल्मकार श्याम बेनेगल की बांग्लादेश के निर्माता शेख मुजीबुर्रहमान पर फिल्म आने वाली है। क्या ही सुंदर इत्तफाक है कि हाल ही हंसल मेहता ने अपनी ताजा फिल्म फराज में बांग्लादेश के एक नायक को मुंबई के सिनेमा की तरफ से एक सौगात की तरह पर्दे पर उतारा है।

संबंधों की बेहतरी

यह विचार, कहानियों का आदान-प्रदान भी उपमहाद्वीप के सिनेमा ही नहीं, पहले सांस्कृतिक और फिर राजनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने में सहयोग करेगा। हम बेहतर दुनिया बना पाएंगे, क्योंकि जेहनी उदारताओं और एक दूसरे को समझने से ही अमन-बेहतरी के रास्ते बनते हैं। हवाएं और कलाएं सरहद नहीं देखतीं। सिनेमा जैसी कलाएं दिलों को जोड़ती हैं, दुख बांटती हैं, साझे सुंदर भविष्य के सपनों में रंग भरती हैं। जॉय लैंड की रिलीज का स्वागत होना चाहिए और यह भी होना चाहिए कि एक सिलसिला बने, क्योंकि मोहब्बतें भी कोई पड़ाव या घटना नहीं होतीं, बहते दरियाओं सा सिलसिला होती हैं। मोहब्बतों और दरियाओं की इन रवानियों में ही जिंदगी की, दिलों की धड़कनें है।

(लेखक हिंदी सिनेमा के गीतकार और स्क्रिप्ट राइटर हैं)

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

नवप्रदेश, कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का 3 मार्च 2023 को समापन हुआ। कार्यक्रम का प्रथम सत्र राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास किया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा गौशाला में स्वच्छता एवं सभी गौ माता को रोटी खिलाई गयी ' इसी दौरान स्वयंसेवक वकील कुमार सिंह द्वारा गौ माता के लिए एक मार्मिक कविता सुनाकर सभी स्वयंसेवकों को गौसेवा के लिए जागरूक किया 'कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के एस॰ एड॰ निदेशक डॉ विनोद रंजन ने दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को महाविद्यालय की उपनिदेशिका का डॉ॰ संजीता कुमारी ने पौधा भेंट किया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक श्रुति ,आरती एवं श्वेता सिंह ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी श्री सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ॰ बी सी स्वेन ने सभी को संबोधित कर कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आज के नवयुवकों को समाज सेवा के लिए आगे लेकर आती है । उन्होंने कहा कि सेवा की कोई सीमा नहीं होती है । सभी को निस्वार्थ होकर समाज सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में स्वयंसेवक विक्रम कुमार दांगी, राहुल कुमार यादव, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार एवं वकील कुमार सिंह ने सात दिवसीय विशेष शिविर का पीपीटी माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वकील कुमार सिंह द्वारा गीत गायन किया गया। मौके पर उपस्थित गोद लिए गांव की महिलाओं ने अपने अनुभव सभी के बीच साझा किए एवम कैंप के प्रति अपनी खुशी जाहिर की तथा बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवक गांव में लगातार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। साथ हीं महिला ने बताया कि किस तरह महाविद्यालय के स्वमसेवक हमेशा गांव के प्रति सजग रह कर सभी ग्रामीणों की सेवा करता है। इसके पश्चात शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को भी अनेक पुरस्कार से नवाजा गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ समूह के लिए विवेकानंद समूह को प्रथम स्थान के रूप में सरदार बल्लभ भाई पटेल को द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। वही सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में विकास कुमार सिंह एवं किरण कुमारी को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात गोद लिए गांव के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए शिविर की भूरी भूरी प्रशंसा की एवम प्रत्येक व्यक्ति को जीवन भर स्वयंसेवी होकर समाज की सेवा करने की प्रेरणा दी' डॉ विनोद रंजन ने सभी स्वयंसेवकों को अभिप्रेरित किया एवं शिविर में किए गए विभिन्न कार्यों की सराहना की' महाविद्यालय के निदेशक द्वय श्री मनीष कुमार कपसिमे एवं श्री अविनाश कुमार सेठ द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल एवं डॉक्टर संजीता एवं बचपन की प्रधानाचार्य नीरजा के द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन स्वयंसेविका श्वेता सिंह ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्वयंसेवक पवन कुमार, सोनी कुमारी, अमीषा, निखत, प्रीति, शबनम, सूरज प्रताप, काजू राणा, मनोज राणा, पूजा कुमारी, नीतू कुमारी, महानंद कुमार, मिताली गौतम आदि, बीएड सत्र 22-24 के प्रशिक्षु, सभी ग्रामीणवासी, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं शिविर की समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, सुचित, एवम रोहित उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका महिमा कुमारी सिंह ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा की देखरेख में संपन्न किया गया।

ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

नवप्रदेश, कोडरमा। लरियाडीह पंचायत स्थित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहारों एवं उत्सवों का आदि काल से ही काफी महत्व रहा है हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि भारत में मनाये जाने वाले सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि होली एक प्रमुख त्योहार है। होली आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका में उपस्थित सुनील कुमार, राज सिंह, इंद्रजीत यादव, अभिषेक कुमार, अभिनव सिंह, रूपा श्री, पूनम देवी, पिंकी देवी, चांदनी कुमारी, हीना खातून,सुमन देवी, संगीता देवी, संजू कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रियांशी कुमारी, दीपा कुमारी, अनन्या सिंह,पूजा देवी, नीलम देवी, ज्योति कुमारी, प्रीति कुमारी,ब्यूटी शर्मा आदि थे।

हेमंत सरकार बजट लोक कल्याणकारी - रविंद्र शांडिल्य

नवप्रदेश, सतगांवा। हेमंत सरकार का बजट वर्ष 2023- 24 झारखंड की जनता के लिए कल्याणकारी होगी इस बजट में आदिवासी अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, दलित अल्पसंख्यक सहित सामान्य वर्गों के सर्वांगीण विकास लिए समावेशी बजट का ध्यान रखा गया है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता रविंद्र शांडिल पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा ने कहीं हमीन कर बजट झारखंड की उन्होंने आगे कहा कि आम जनता के द्वारा लिए गए सुझावों को भी इस बजट में शामिल किया गया है हेमंत सरकार युवाओं को रोजगार से जुड़ने के लिए रोजगार सृजन एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बजटीय प्रावधान तय किए गए हैं। श्री शांडिल्य ने बताया कि हेमंत सरकार युवाओं के लिए खेल नीति, पर्यटन नीति के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम करेगी सरकार कामकाजी महिलाओं को शहर में रहने के लिए महिला हॉस्टल निर्माण कराने का प्रावधान बनाया गया है। जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह जिला सचिव वीरेंद्र पांडेय जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह झामुमो नेत्री मुन्नी कुमारी पांडेय उर्फ मुनिया देवी निर्मला तिवारी गणेश राय श्री राम पांडेय दिवाकर तिवारी कामेश्वर भारती अशोक सिंह दीपक विश्वकर्मा विकास शांडिल्य धर्मेंद्र शांडिल्य चंद्रदेव यादव सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा के सैकड़ों नेताओं ने सरकार के इस बजट को काफी सराहा है एवं इसे लोक कल्याणकारी बताया।

कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने शवदाह गृह का मामला सदन में पुनः उठाया

नवप्रदेश, कोडरमा। विधायक डॉ नीरा यादव ने शून्यकाल के माध्यम से सरकार से मांग करते हुए कहा कि कोडरमा विधानसभा अन्तर्गत कोडरमा नगर पंचायत एवं झुमरी तिलैया नगर परिषद में विद्युत शवदाह गृह निर्माण हेतु नगर विकास विभाग रांची झारखंड द्वारा कोडरमा के संबंधित विभाग से रिपोर्ट गई थी। जिसके तहत कोडरमा के दोनों संबंधित विभाग से नगर विकास विभाग को भूमि प्रतिवेदन एवं डीपीआर उपलब्ध करा दी गई थी । परंतु अभी तक इसकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दी गई है और यह मामला अधर में ही अटका हुआ है। अभी फिलहाल की लकड़ी की किल्लत के अनुसार एवं शहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न है। स्थानीय लोग इसकी बराबर विधायक से मांग करते आ रहे थे। इसके बन जाने से लोगों को शव को जलाने के वक्त लकड़ी की व्यवस्था से निजात मिलेगी। होली के पूर्व विधानसभा के बाहर सभी विधायकों से नीरा यादव एक अनोखे अंदाज में नजर आई। उन्होंने स्थानीय लोकगीत को गा कर हेमन्त सरकार की कमियों का बखान की। उनकी इस अनोखे अंदाज में विरोध का गीत लोगों के बीच सोशल मीडिया पर काफी वायरल होते देखा जा रहा है।

बीएड सत्र में ग्रिजली कॉलेज में 2023- 25 के लिए 10 मार्च 2023 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

नवप्रदेश, कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एडमिशन सेल द्वारा बीएड सत्र 2023-25 में नामांकन को लेकर प्राचार्य प्रो. डॉ॰ बीसी स्वेन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में महाविद्यालय के नामांकन प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि आवेदक झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के अधिकृत वेबसाइट http://jceceb .jharkhand.gov.in के होम पेज पर o»»fli»»fe form " B.Ed. Combi»»fed E»»ftrÔ»»fce Competitive ExÔmi»»fÔtio»»f -2023 बटन पर ,'' कर दिए गए निर्देश निर्देश ओं का पालन करते हुए राज्य के 136 बीएड कॉलेजों में सत्र 2023-25 में नामांकन के लिए 10 फरवरी से 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं ।जिसकी प्रवेश परीक्षा 23 अप्रैल को रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका और पलामू जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी। आवेदक परीक्षा शुल्क पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के द्वारा दे सकते है। सामान्य जाति के लिए परीक्षा शुल्क 1000, पिछड़ी जाति -1/ पिछड़ी जाति -11 (झारखंड राज्य के लिए) परीक्षा शुल्क 750 एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सभी कोटी की महिला (झारखंड राज्य के लिए) के लिए 500 है। परीक्षा का पैटर्न ऑफलाइन मोड में होगा। परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे। जिसमें 0.25 नेगेटिव मार्किंग प्रत्येक गलत उत्तर के लिए होगी। मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अजय कुमार गुप्ता, खुशबू कुमारी सिन्हा, शिक्षणेत्तर कर्मचारी दीपक पांडे,मुख्तार आलम, आदि मौजूद थे।

क्लोरोफिल स्कूल में खूब चली होली की मस्ती और धमाल

नवप्रदेश, झूमरी तिलैया। क्लोरोफिल स्कूल में होली की मस्ती की गई इस दौरान बच्चे खूब थिरके और होली में किया धमाल - होली के त्यौहार का आगाज आज क्लोरोफिल स्कूल के नन्हें छात्रों ने नृत्य और संगीत के साथ कर दिया। रंग, गुलाल, फूल, टोपी, मास्क और संगीत के साथ अपने अपने क्लास के बच्चों के लिए शिक्षकों ने मनभावन गतिविधियों की तैयारी कर रखी थी। गोल घेरा बनाकर बच्चों और शिक्षकों ने साथ साथ खूब आनंद मनाया गुलाल खेले और मस्ती की। छोटे बड़े सारे बच्चों की आकर्षक फ्रेम में फोटोग्राफी की गई। सुबह से ही होली धमाल की तैयारियों का दृश्य स्कूल परिसर में देखते ही बनता था। प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने कहा कि हम भारतीय त्योहारों का इस्तेमाल बच्चों के संस्कार की जड़ों को पक्का करने के लिए तो करते ही हैं, साथ ही उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास हो उसके लिए कई तरीके की रोचक और रचनात्मक एक्टिविटी आयोजित करते हैं। मौके पर उपस्थित निदेशक ने कहा कि जब प्रसन्न चित्त विकसित होते बच्चों के अभिभावकों से उत्साहजनक फीडबैक से हमें मोटिवेशन मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सीमा जैन, पंकज कुमार, संतोष कुमारी, प्राची जैन, नूतन, रूपम, एकता, सुलग्ना, अंचल, रिया, नफीसा इत्यादि मौजूद थी।

जुवा अड्डा से एक लाख नौ हजार दस रूपए नगदी सहित 17 एंड्राइड मोबाइल सहित 4 कीपेड मोबाइल बरामद

डोमचांच पुलिस ने जुवा अड्डा से 22 लोगो को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

नवप्रदेश, डोमचांच। थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां को मिली गुप्त सूचना पर शुक्रवार देर रात कार्यवाही करते हुए डोमचांच के कालीमंडा स्थित बंद रूम में छापेमारी कर 22 लोगो को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया और बंगाल जुआ अधीनियम के तहत कांड संख्या 21/23 के तहत 420, 3/4 गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिसमे (1) सुनील कुमार उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय कृष्णा साहू, ग्राम माथाडीह (2) सुमन कुमार मेहता उम्र 34 वर्ष पिता श्री महादेव मेहता, ग्राम कालीमंडा, थाना डोमचांच (3) अनिल कुमार उम्र 37 वर्ष पिता शंभू राम (4) बबलू कुमार ठाकुर उम्र 38 वर्ष पिता लखन ठाकुर ग्राम बंगाई कला (5) बबलू कुमार उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय लखन साहू, ग्राम माथाडीह (6) पप्पू कुमार मेहता उम्र 35 वर्ष पिता छोटी मेहता ग्राम जेरुआडीह थाना डोमचांच (7) विकास कुमारउम्र 28 वर्ष पिता शंकर साहू ग्राम माथाडीह, थाना डोमचांच (8) देवानंद मेहता उम्र 40 वर्ष पिता अंबिका मेहता, ग्राम तेतरियाडीह, थाना डोमचांच (9) सुनील कुमार उम्र 31 वर्ष पिता गोविंद साहू ग्राम माथाडीह, थाना डोमचांच (10) राजेश मेहता उम्र 35 वर्ष पिता श्री सदानंद माता ग्राम कालीमंडा, थाना डोमचांच (11) सूरज कुमार उम्र 24 वर्ष पिता महेश मेहता ग्राम नावाडीह, थाना डोमचांच (12) आकाश कुमार उम्र 20 वर्ष पिता स्वर्गीय रामचंद्र साहू ग्राम माथाडीह, थाना डोमचांच, (13) अजय कुमार यादव उम्र 27 वर्ष पिता छोटन यादव, ग्राम माथाडीह, थाना डोमचांच (14) चेतलाल कुमार मेहता उम्र 36 वर्ष पिता निकलकंठ मेहता ग्राम कालीमंडा, थाना डोमचांच (15) शिव कुमार मेहता उम्र 32 वर्ष पिता जगदीश मेहता ग्राम कालीमंडा, थाना डोमचांच (16) रंजीत कुमार मेहता उम्र 42 वर्ष पिता लक्ष्मण मेहता (17) बबलू कुमार उम्र 27 वर्ष पिता अमृत यादव, ग्राम जेरुआडीह, थाना डोमचांच (18) श्याम मेहता उम्र 32 वर्ष पिता गोपाल मेहता, ग्राम कालीमंडा, थाना डोमचांच (19) दिलीप मेहता उम्र 50 वर्ष पिता स्वर्गीय परमेश्वर मेहता (20) अरुण कुमार उम्र 25 वर्ष पिता मुन्नी लाल साहू बाजार रोड डोमचांच (21) शिव कुमार उम्र 32 वर्ष पिता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता बाजार रोड, (22) नीरज कुमार सिंह उम्र 22 वर्ष पिता प्रकाश सिंह ग्राम कालीमंडा, थाना डोमचांच का नाम शामिल हैं। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, एसआई चंद्रदेव प्रसाद सिंह, एएसआई नीरज कुमार, दिलशाद अली व पुलिस जवान मौजूद थे।

बांझेडीह दुर्गा मंडप के सामने भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

होली रंगों का त्योहार हम सबों को आपसी भाईचारा के साथ रहने की देती है सीख - जानकी



नवप्रदेश, कोडरमा। जिला अन्तर्गत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जयनगर प्रखण्ड, केटीपीएस बांझेडीह दुर्गा मंडप के सामने विस्थापित प्रभावित सहित पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के समर्थकों द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किए। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग होली मिलन समारोह में जुटे व जमकर एक दूसरे को गुलाल एवं गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दिए। इस क्रम में गायक ने होली की गीत और जोगीरा गाया गया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्योहार है। होली हम सबों को आपसी भाईचारा के साथ रहने की सीख देती है। पूर्व विधायक ने समस्त बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों, राज्य तथा देशवासियों को अपनी ओर से रंगों का त्योहार होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दिए। मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी, मुखिया प्रतिनिधि अजय यादव, भाजपा नेता सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि केटीपीएस दामोदर यादव, चलकुशा प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव, चौबे मुखिया कुमार अंशु, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, सतड़िहा मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, सदन यादव, पूर्व मुखिया रविशंकर यादव, उमेश यादव, युवा नेता बलराम राणा, बैजू यादव, मनोहर चौधरी, पंसस प्रतिनिधि अनिल यादव, पूर्व पंसस अर्जुन चौधरी, पूर्व भाजपा बेडोकला मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, मीना साव, उमाशंकर यादव, अशोक ठाकुर, आशीष यादव, रामविलाश यादव, पप्पू यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डोमचांच थाना मे होली व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नवप्रदेश, डोमचांच। थाना में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाने को लेकर दिन शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रदीप सिंह ने की। जिसमे होली का पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान ने कहा कि त्योहार के दौरान अश्लील गाना बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों ने पूर्व के दिनों में मनाये गये त्योहारों की जानकारी दी. साथ ही उन्होंने बताया कि विधि व्यवस्था को ठीक रखने के लिये पर्याप्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इस बैठक में डोमचांच प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा अंचल अधिकारी मां देव प्रिया, थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, डोमचांच प्रमुख सतनारायण यादव युवा शक्ति एक नई सोच के अध्यक्ष मिथिलेश यादव सचिव सुजीत मेहता सुदेश मोदी, प्रेमांशु कुमार अमरदीप कुमार, नीलकंठ मेहता, राजेंद्र मेहता, गुड्डू यादव पहलवान, राजेंद्र यादव, शकील अहमद, बसंत मेहता, प्रदीप सिंह, रामलाल यादव, अशोक यादव, परवेज खान, एसआई विनय कुमार, सीडी सिंह, रमेश मरांडी, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

टेंडर शिव मंदिर का तृतीय स्थापना दिवस का आयोजन

कलश यात्रा में 551 महिलाएं शामिल हुयी

रातू। बुढ़ाटंगरा टेंडर स्थित शिव मंदिर सह महावीर मंदिर का तृतीय स्थापना दिवस शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। दो दिवसीय यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 551 महिलाएं-युवतियां मंदिर परिसर से काठीटांड़ चौक होते रातू बडा तालाब पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी लालमोहन उपाध्याय ने जलाभिषेक कराया।इसके बाद कलश यात्रा वापस कई मुहल्लो से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। जहां तालाब से जल भरकर लाए गए कलश को यज्ञ स्थल में स्थापित किया गया। रविवार को बेदी पूजन रुद्राभिषेक, हवन, पुणार्हुति के बाद भंडारा का आयोजन होगा। मौके पर अनिल दयाल सिंह उर्फ बड़े लाल, विवेक कुमार, पंकज दयाल सिंह, मनोज सिंह, राकेश यादव,ब्रजेश सिंह,शैलेश सिंह, विजय दयाल सिंह, आशीष दयाल सिंह, भुनेश्वर, रामधन, शंकर, मंटू, दिवेश, बालेश्वर,कुणाल, गौतम सहित अन्य उपस्थित थे।

झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन कोडरमा इकाई ने मनाई होली मिलन समारोह कोडरमा जिले के पत्रकार हुए शामिल

नवप्रदेश, कोडरमाः- जिले के झुमरी तिलैया स्थित पीडब्ल्यूडी सभागार में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन कोडरमा इकाई के द्वारा होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। इस आयोजन में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन कोडरमा इकाई के सदस्य के अलावे जिले के वैसे पत्रकार भी शामिल हुए जो झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन में अपनी आस्था को रखते हैं और इसमें शामिल होना चाहते हैं। इस आयोजन के पीछे संगठन का उद्देश्य है कि हम सभी जिस तरह से वर्ष में होली त्यौहार आने पर होली मिलन समारोह करते हैं और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एकता का संदेश देते हैं इसी तरह हम पूरे वर्ष इस प्रकार संगठित होकर के रहे तो समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। और अपनी मजबूती भी कायम रहेगी। इस आयोजन में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए सांस्कृतिक धुन पर थिरकते हुए भी नजर आए और साथ ही साथ होली के पकवानों में तरह -तरह के पकवान का भी लुफ्त उठाया। इस आयोजन में मुख्य रूप से पत्रकार समूह के संजीव समीर, संतोष मिश्रा, राहुल कुमार सिंह, मुकेश गोस्वामी, महादेव दास, आलोक कुमार सिन्हा, विजय वर्णवाल, जयकांत कुमार मोदी, मनीष वर्णवाल, रामकुमार सिंह, अनिल सिंह,मंटू कुमार सोनी, अजय पांडे, वीरेंद्र पांडे,रवि छाबड़ा, संदीप मुखर्जी के साथ अन्य पत्रकार शामिल थे।

झारखण्ड बजट 2023 -2024 झारखण्ड राज्य को विकास की ओर ले जाने वाला बजट झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा

नवप्रदेश, कोडरमा। झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा जो बजट 2023- 2024 पास किया गया। वो झारखण्ड राज्य को विकास की ओर ले जाने वाला बजट है। उक्त बातें झामुमों झूमरी तिलैया नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने कहा उन्होंने कहा कि झारखण्ड के विकास के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार प्रयास कर झारखण्ड को विकास की ओर लगातार ले जा रहें है। जिस जगाह नक्सलियों का दबदबा रहता था। उस जगह लोगो को सरकारी सुविधाओं से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा जोड़ा जा रहा है। और झारखण्ड के गरीबो एवं सभी लोगो का विकास किया जा रहा है। आज उसका जीता जागता बजट 2023 - 24 को पास कर करोड़ो रुपिया का विकाशसिल बजट पास किया गया उसके लिए झामुमों नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एवं झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जी को तहे दिल से हार्दिक- हार्दिक शुभकामनाएं एवं झारखंड जोहार करता है जो उन्होंने झारखंड के विकास के लिए इतना अच्छा बजट लाएं।

मरकच्चो थाना परिषर मे होली व शब-ए- बारात को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

नवप्रदेश, मरकच्चो। थाना परिसर मे शनिवार को होली और शब-ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। वहीं बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सह राजद प्रखंड अध्यक्ष बिजय कुमार सिंह ने किया वहीं संचालन मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार ने किया। वहीं इस दौरान मुख्यरूप से डोमचांच पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह, अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद उपस्थित थे। बैठक मे शांतिपूर्वक, आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ होली और शब-ए-बारात मनाने की अपील की गई।अधिकारियों नें त्योहारों की खुशियों में खलल डालने वाले लोगों से सख्ती से पेश आने की बात कही। वहीं इंस्पेक्टर ने कहा कि त्योहार में किसी प्रकार का भड़काऊ और अश्लील संगीत बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा। अवैध शराब बेचने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा की सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी तरह के भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध फौरन एक्शन लिया जाएगा । लोगों से भी सोशल मीडिया के किसी भी भड़काऊ पोस्ट या अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि समाज के उपद्रवी तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। होली और शब-ए-बारात के अवसर पर सभी चिन्हित जगहों और चौक- चौराहों पर पुलिस बल व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दिए। मौके पर एएसआई दयाराम सिंह, मुखिया टिपन पांसी, रंजीत कुमार सिंह, सुनील यादव, मुखिया प्रतिनिधि संजू उर्फ दशरथ यादव, बसन्त साव, बिजय यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि मंटू तिवारी, उप प्रमुख प्रतिनिधि जनार्दन यादव, समाजसेवी महेश यादव, आनेस्वर सिंह, खलील अंसारी, दिवाकर तिवारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता

[illegible]

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

[illegible]

एप्पल आईफोन में अपने खुद के 5जी मॉडम का कर सकता है इस्तेमाल

सैन फ्रांसिस्को। (एजेंसी)

चिप निर्माता क्वालकॉम के सीईओ ने कहा कि यह उम्मीद कर रहा है कि बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2023 में एप्पल अपने 2024 आईफोन के लिए इन-हाउस 5जी मॉडम चिप्स बनाने में आगे बढ़ सकता है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि एप्पल के सबसे हालिया आईफोन 14 मॉडल क्वालकॉम मोडेम का उपयोग करते हैं, कंपनी कई वर्षों से वायरलेस कनेक्टिविटी बाजार में अकेले जाने का प्रयास कर रही है।क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो अमोन ने कहा' कि हम 2024 के लिए कोई योजना नहीं बना रहे हैं, मेरी योजना धारणा है कि हम 2024 में (एप्पल) एक मॉडम प्रदान नहीं कर रहे हैं, लेकिन यह उनका निर्णय है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेक दिग्गज ने 2019 में इंटेल का मॉडम बिजनेस खरीदा था और ऐसी अटकलें थीं कि वह इस साल इन-हाउस पार्ट्स का इस्तेमाल करना शुरू कर देगी। एमोन ने कहा था कि क्वालकॉम ने 2021 में निवेशकों से कहा था कि उसे 2023 में आईफोन के लिए मॉडम प्रदान करने की उम्मीद नहीं है, लेकिन एप्पल ने फिर एक और साल जारी रखने का फैसला किया। जैसा कि रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि हालांकि, उन्होंने पुष्टि नहीं की कि क्या एप्पल क्वालकॉम क्यूटीएल लाइसेंस का भुगतान करेगा यदि वह अपने स्वयं के मोडेम में जाता है, लेकिन कहा कि रॉयल्टी एक चिप

प्रदान करने से स्वतंत्र थी। इस बीच, क्वालकॉम ने घोषणा की है कि उसकी स्नैपड्रैगन उपग्रह तकनीक अधिकांश एंड्रॉइड स्मार्टफोन में आ रही है। कंपनी ने कहा कि ऑनर, मोटोरोला, नथिंग, ओप्पो, वीवो और शाओमी के आने वाले स्मार्टफोन्स में स्नैपड्रैगन सैटेलाइट का इस्तेमाल किया जाएगा।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट

मुंबई। (एजेंसी)

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 32.5 करोड़ डॉलर घटकर 560.942 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट जारी रही। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.68 अरब डॉलर घटकर 561.267 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले, अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए की विनिमय दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट देखी जा रही है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 24 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में, मुद्राभंडार का अहम हिस्से, विदेशीमुद्रा आस्तियां 16.6 करोड़ डॉलर घटकर 495.906 अरब डॉलर रह गई। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट जारी रही और स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 6.6 करोड़ डॉलर कम होकर 41.751 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी आठ करोड़ डॉलर घटकर 18.187 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.2 करोड़ डॉलर घटकर 5.098 अरब डॉलर रह गया।

फॉक्सकॉन भारत में करेगी 576 करोड़ का निवेश

- फॉक्सकॉन के निवेश से भारत में लगभग 100,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद

मुंबई। (एजेंसी)

एप्पल इंक की पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ाने के लिए भारत में एक प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है, जिसके लिए वह लगभग 700 मिलियन यानी 576 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह निवेश भारत में फॉक्सकॉन के अब तक के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट में से एक है। ब्लूमबर्ग ने एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन को अपनी फ्लैगशिप यूनिट होन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री कंपनी के लिए भी जाना जाता है। कंपनी ने दक्षिणी भारतीय राज्य कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हवाई अड्डे के करीब 300 एकड़ की साइट पर आईफोन के पार्ट्स बनाने के लिए प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई है। जानकारों का कहना है कि फैक्ट्री एप्पल के हैंडसेट को भी यहां असेंबल कर सकती है। इसके अलावा कुछ लोगों कहना है कि फॉक्सकॉन अपने नए इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार के लिए भी यहां कुछ उत्पादन कर सकती है। फॉक्सकॉन का भारत में निवेश चीन के लिए चिंता का विषय है। पिछले कई सालों से हम देख रहे हैं कि चीन में स्थापित कंपनियां भारत को अपना नया ठिकाना बनाती जा रही हैं। फॉक्सकॉन के इस निवेश से पता चलता है कि कैसे चीन को कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में अपनी स्थिति खोने का खतरा मंडरा रहा है। अगर चीन को लेकर वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ता है तो भारत को आने वाले समय में और फायदा होने की उम्मीद है। फॉक्सकॉन के इस निवेश से भारत में लगभग 100,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। चीनी शहर झेंझाऊ में कंपनी का विशाल आईफोन असेंबली कॉम्प्लेक्स इस समय लगभग 200,000 को रोजगार देता है, हालांकि पीक प्रोडक्शन सीजन के दौरान यह संख्या बढ़ जाती है। होन हाई के अध्यक्ष यंग लियू ने इस सप्ताह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। हालांकि निवेश से जुड़ी योजनाओं पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। कर्नाटक सरकार ने भी तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

कच्चा तेल महंगा, कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल में बदलाव

ब्रेंट क्रूड 1.08 डॉलर उछलकर 85.83 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली।

वैश्विक बाजार में शनिवार को कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.52 डॉलर (1.94 फीसदी) बढ़कर 79.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। उधर, ब्रेंट क्रूड 1.08 डॉलर उछलकर 85.83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। कच्चा तेल पिछले काफी समय से इन्हीं दामों के आसपास कारोबार कर रहा है। देश में तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में संशोधन किया है। कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दाम बदले हुए नजर आ रहे हैं। बिहार में पेट्रोल 28 पैसे महंगा होकर 109.15 रुपए हो गया है। डीजल यहां 26 पैसे महंगा हुआ है और इसकी कीमत 95.80 रुपए प्रति लीटर है। हरियाणा में पेट्रोल 26 पैसे और डीजल 25 पैसे बढ़ा है। हिमाचल में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 49 पैसे बढ़ी हैं। इसी तरह झारखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और त्रिपुरा में पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ है। दूसरी ओर तेलंगाना में पेट्रोल 1.48 रुपये गिरकर 110.35 रुपए और डीजल 1.39 रुपए की गिरावट के साथ 98.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। राजस्थान में पेट्रोल 59 पैसे और उत्तर प्रदेश में 47 पैसे नीचे आया है। दोनों राज्यों में डीजल की कीमतों में क्रमशः 53 पैसे और 46 पैसे की गिरावट है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

बिल गेट्स ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रगति की प्रशंसा की

वाशिंगटन। (एजेंसी)

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने स्वास्थ्य, विकास एवं जलवायु जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति की सराहना की है। गेट्स ने कहा कि देश यह दिखा रहा है जब नवाचार में निवेश किया जाता है, तो क्या-क्या संभव है। 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स ने 'कई सुरक्षित, प्रभावी और किफायती टीके विकसित करने की अद्भुत क्षमता' के लिए भारत की प्रशंसा की। इनमें से कई टीके विकसित करने में 'गेट्स फाउंडेशन' ने मदद की है। उन्होंने कहा कि इन टीकों ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान लाखों लोगों का जीवन बचाया और दुनियाभर में अन्य बीमारियों को फैलने से रोका। गेट्स ने कहा कि उन्होंने भारत की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने एक लेख में कहा' कि ऐसे समय में जब दुनिया के सामने इतनी सारी चुनौतियां हैं, भारत जैसी गतिशील और रचनात्मक जगह की यात्रा से प्रेरणा मिलती है। गेट्स ने कहा कि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण पिछले तीन वर्षों में उन्होंने ज्यादा यात्रा नहीं की, लेकिन वह खासकर कोविड के

टीके विकसित करने और भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश के मामलों को लेकर मोदी के संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि नये जीवनरक्षक टीकों के उत्पादन के अलावा, भारत उनके वितरण में भी उत्कृष्ट रहा और उसकी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली ने कोविड टीकों की 2.2 अरब से अधिक खुराक वितरित की हैं।

अमेजन पे पर 3.06 करोड़ का जुर्माना

मुंबई। (एजेंसी)

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अमेजन पे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड पर 3.06 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) और अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) से संबंधित कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर लगाया गया। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह पाया गया कि संस्थ केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) आवश्यकताओं पर आरबीआई के निर्देशों का पालन नहीं कर रही थी।आरबीआई ने अमेजन पे (इंडिया) को एक कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा था कि आखिर निर्देशों का पालन न करने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। इसके बाद कंपनी के जवाब पर विचार करने के बाद आरबीआई इस नतीजे पर पहुंचा कि उसके निर्देशों का पालन नहीं करने के आरोप सही हैं और ऐसे में उस पर मौद्रिक जुर्माना लगाया गया। केंद्रीय बैंक ने हालांकि कहा कि यह जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों के कारण लगाया गया है और इसका मकसद अमेजन पे (इंडिया) का अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर टिप्पणी करना नहीं है। अमेजन पे ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन की डिजिटल भुगतान शाखा है।

एनसीएलटी ने एचडीएफसी की दो सहायक कंपनियों के विलय की अनुमति दी

नई दिल्ली। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने एचडीएफसी प्रॉपर्टी वेंचर्स और एचडीएफसी वेंचर कैपिटल के एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स के साथ विलय को मंजूरी दे दी। इन दो सहायक कंपनियों के विलय से पैरेंट कंपनी एचडीएफसी के साथ एचडीएफसी बैंक के विलय की प्रकिया एक कदम और करीब आ गई है। हालांकि ट्रिब्यूनल को अभी तक अपनी दो बीमा शाखाओं और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के विलय की मंजूरी नहीं मिली है, साथ ही 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रिवर्स मर्जर के हिस्से के रूप में बैंक में पेरेंट भी है। एचडीएफसी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि एनसीएलटी ने अपने फाइनल ऑर्डर में एचडीएफसी प्रॉपर्टी वेंचर्स और एचडीएफसी वेंचर कैपिटल के एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स में विलय की एक समग्र योजना को मंजूरी दे दी है। इस विलय के परिणामस्वरूप समूह की संरचना और कुशल प्रशासन का सरलीकरण, सुव्यवस्थित और अनुकूलन होगा। इस सप्ताह की शुरुआत में ट्रिब्यूनल ने एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के मर्जर की मंजूरी के लिए ऑर्डर सुरक्षित रख लिया था, क्योंकि पक्षों ने प्रक्रिया के लिए 180 दिन और मांग थे। एचडीएफसी को पहले ही सेबी, एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के शेयरधारकों, पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। यह मंजूरी एचडीएफसी बैंक में एचडीएफसी के विलय का मार्ग प्रशस्त करने में मदद करेगी, जिसके अगले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही तक तय होने की उम्मीद है।

यस बैंक में से अपनी हिस्सेदारी घटा सकता है एसबीआई

नई दिल्ली। साल 2020 में यस बैंक में गड़बड़ी की खबरों से यह बैंक दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गया था। संकट के बीच आरबीआई ने यस बैंक के पुराने बोर्ड को भंग कर इसका टेकओवर कर लिया था। इसके बाद निवेशकों के कुछ शेयर डीमैट अकाउंट से अचानक गायब हो गए थे। दरअसल ये स्टॉक लॉक इन पीरियड में चले गए थे। अब 6 मार्च को ये लॉक इन अवधि खत्म होने वाली है। खबर है कि सबसे बड़ा हिस्सेदार एसबीआई यस बैंक में से अपनी हिस्सेदारी घटा सकता है। आरबीआई के एक्शन प्लान के बाद ईसीआईसीआईबैंक, एक्सिस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक ने पूंजी डालकर यस बैंक को डूबने से बचाया था। अब खबर है कि यस बैंक को 2020 में बेलआउट करने वाला देश का सबसे बड़ी सरकारी बैंक एसबीआई यस बैंक में अपनी हिस्सेदारी घटा सकता है। यस बैंक में एसबीआई के लिए लॉक इन पीरियड 6 मार्च 2023 को खत्म होने जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार एसबीआई यस बैंक में हमेशा के लिए अपनी हिस्सेदारी बनाये रखने के पक्ष में नहीं है और अपना स्टैक कम करने पर विचार कर रहा है। हालांकि इसके लिए एसबीआई को भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी लेनी होगी।

(शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा) बीते सप्ताह शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ

मुंबई। (एजेंसी)

वैश्विक बाजारों से मिले जुले संकेतों, बेहतर मैक्रो-इकोनॉमिक डेटा और अडानी ग्रुप के शेयरों में विदेशी निवेश की खबरों से बीते 03 मार्च को शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर बढ़त लेकर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार 3 मार्च को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स करीब 900 अंक बढ़कर 59,808 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 272 अंक की तेजी रही। यह 17,594 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयरों में तेजी और सिर्फ 5 शेयरों में गिरावट रही। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 133 अंक गिरकर 59,331 पर खुला और 175.58 अंक की गिरावट के साथ 59,288.35 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 37 अंकों के नुकसान के साथ 17,429 पर खुला और 73.10 अंक की गिरावट के साथ 17,392.70 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 59 अंकों की तेजी के साथ 59,347 पर खुला और 326.23 अंक गिरकर चार माह के निचले स्तर 58,962.12 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 10 अंक गिरकर 17,383 पर खुला और 88.75 अंक की गिरावट के साथ 17,303.95 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 174 अंक चढ़कर 59,136 पर खुला और 448.96 अंक चढ़कर 59,411.08 पर बंद हुआ। निफ्टी 70 अंकों की तेजी के साथ 17,374 पर खुला और 146.95 अंक चढ़कर 17,450.90 फीसदी पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 124 अंकों की गिरावट के साथ 59,287 पर खुला और 501.73 अंक की गिरावट के साथ 58,909.35 पर बंद हुआ। निफ्टी 66 अंक गिरकर 17,385 पर खुला और 129.00 अंक टूटकर 17,321.90 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 500 अंकों की उछाल के साथ 59,404 खुला और 900 अंकों की तेजी रही है और यह 59,809 पर बंद हुआ। निफ्टी 156 अंकों की उछाल के साथ 17,448 पर खुला और 272 अंक बढ़कर 17,594 पर बंद हुआ।



1 अप्रैल 2024 से सोना और उसके आभूषणों पर एचयूआईडी लिखना अनिवार्य

- अब 4 डिजिट वाली हॉलमार्किंग बंद होगी, 6 अंकों वाला हॉलमार्क की मान्यता होगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोना और उसके आभूषणों की बिक्री और खरीद से संबंधित नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। बदलाव के अनुसार, 1 अप्रैल 2024 से गोल्ड और उसके आभूषणों पर अनिवार्य से रूप से हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर (एचयूआईडी) होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह सोना बाजार में बेचा नहीं जा सकेगा। 16 जून 2021 तक हॉलमार्क का इस्तेमाल करना विक्रेता की इच्छा पर निर्भर था। हालांकि, इसे धीरे-धीरे अनिवार्य किया जाने लगा। अभी तक यह 288 जिलों में अनिवार्य रूप से लागू हो चुका है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की अतिरिक्त सचिव निधि खरे ने बताया है कि अभी 4 और 6 अंकों वाले हॉल मार्क का इस्तेमाल होता है। मंत्रालय का कहना है कि अब केवल 6 अंकों वाला हॉलमार्क ही मान्य होगा। सरकार के अनुसार 4 और 6 अंकों के हॉलमार्क समझ में नहीं आ रहा था। एक और हॉलमार्क के लिखने के तरीके में किया गया है। पहले डिजिट हॉलमार्किंग होती थी जिसे बदलकर अल्फान्यूमेरिक (अंक और अक्षर से मिलकर) कर दिया गया है। अब 4 डिजिट वाली हॉलमार्किंग बंद हो जाएगी। यह हर आभूषण की अपनी विशिष्ट पहचान होती है। इस नंबर की मदद से ग्राहक को सोना और उसके आभूषण से जुड़ी सारी जानकारी मिल जाएगी। इससे धोखाधड़ी की आशंका को बहुत हद तक किया जा सकेगा। ज्वेलर्स को इसकी जानकारी बीआईएस के पोर्टल पर भी डालनी होगी। हर ज्वेलरी पर मैनुअली यूनिक नंबर लगाया जाएगा। आपको बता दें कि दुकानदार नए हॉलमार्क के बिना सोना या गहना नहीं बेच पाएंगे लेकिन ग्राहक 1 अप्रैल के बाद भी पुराने हॉलमार्क वाले गहने ज्वेलर को बेच सकते हैं। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बीआईएस एक को परीक्षण के लिए आधारभूत ढांचा मजबूत करने के निर्देश दिए गए। बीआईएस को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं की जांच और बाजार की निगरानी को भी बढ़ा दिया जाए। बेहद छोटे स्तर पर क्वालिटी को बढ़ावा देने के लिए यह भी तय किया गया कि बीआईएस सर्टिफिकेशन या मिनिमम मार्किंग शुल्क पर 80 फीसदी तक की छूट देगा।

सरकार ने क्रूड ऑयल पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स

- एटीएफ और डीजल के टैक्स में की कटौती

नई दिल्ली। (एजेंसी)

सरकार ने एक तरफ देश की पेट्रोलियम कंपनियों को राहत दी है तो दूसरी तरफ झटका भी दिया है। सरकार ने आज से क्रूड, डीजल और एविएशन फ्यूल के विंडफॉल टैक्स में बदलाव किया है। एक तरफ सरकार ने क्रूड ऑयल के विंडफॉल टैक्स में बढ़ोतरी की है, वहीं डीजल और एयर टरबाइन फ्यूल के एक्सपोर्ट पर अतिरिक्त ड्यूटी में कटौती की है। क्रूड ऑयल के विंडफॉल टैक्स में मामूली बढ़त की गई है और यह 4,359 रुपए प्रति टन से बढ़कर 4,400 रुपए प्रति टन हो गया है। वहीं डीजल के एक्सपोर्ट ड्यूटी को 2.5 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 0.5 रुपए लीटर कर दिया गया है। वहीं एयर टरबाइन फ्यूल के एक्सपोर्ट पर लगने वाला टैक्स को खत्म कर दिया गया है। यह सभी टैक्स 4 मार्च, 2023 से लागू हो चुके हैं। बता दें कि विंडफॉल टैक्स खासतौर पर ऐसी कंपनियों पर लगाया जाता है जो खासतौर की स्थिति के कारण मोटा मुनाफा कमाती हैं। सरकार ने यह टैक्स पहली बार केंद्र सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर विंडफॉल टैक्स लगाने का फैसला किया था। उस समय सरकार ने ऐलान किया था कि इस टैक्स को पेट्रोल के साथ-साथ डीजल, एटीएफ पर भी लगाया जाएगा। उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर 6 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया था। वहीं कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन पर 23,250 रुपए प्रति टन विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स लगाया गया था।

निवेशक 6 मार्च से कर सकेंगे एसजीबी में निवेश के लिए आवेदन

नई दिल्ली। (एजेंसी)

सरकारी स्वर्ण बांड (एसजीबी) योजना में निवेशक सोमवार 6 मार्च से फिर निवेश कर सकेंगे। पांच दिन के लिए खुल रहे स्वर्ण बॉन्ड के लिएकीमत 5,611 रुपए प्रति ग्राम तय की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि 2022-23 की चौथी श्रृंखला के तहत स्वर्ण बॉन्ड योजना खरीद के लिये छह मार्च से 10 मार्च के दौरान उपलब्ध होगी। इसके लिए निर्गम मूल्य 5,611 रुपए प्रति ग्राम रखा गया है। बयान के अनुसार ऑनलाइन या डिजिटल माध्यम से स्वर्ण बांड के लिए आवेदन और भुगतान करने वाले निवेशकों के लिए निर्गम मूल्य 50 रुपए प्रति ग्राम कम होगा। इस तरह के निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य 5,561 रुपए प्रति ग्राम है। केंद्रीय बैंक दरअसल भारत सरकार की तरफ से स्वर्ण बॉन्ड जारी करता है। ये निवासी व्यक्तियों, अविभाजित हिंदू परिवार (एचयूएफ), न्यासों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को ही बेचे जा सकते है। अभिदान की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए चार किलोग्राम, एचयूएफ के लिए चार किलोग्राम और न्यासों तथा समान संस्थाओं के लिए 20 किलोग्राम प्रति वित्त वर्ष है। सोने की भौतिक मांग को कम करने के इरादे से सबसे पहले गोल्ड बांड योजना नवंबर, 2015 में लाई गई थी।

बच्चों के झूठ बोलने की आदत ऐसे होगी ठीक

बच्चे में अक्सर अपनी बातें छिपाना, झूठ बोलना, आज का काम कल पर टालना, बहाने बनाना जैसी आदतें देखने को मिलती हैं। ज्यादातर बच्चे घर और स्कूल में अपने माता-पिता और टीचर्स से झूठ बोलते हैं। कई बार क्लास बंक करना, बीमारी का बहाना बनाकर असाइनमेंट पूरा न करना और स्कूल न जाने जैसी आदतों से पेरेंट्स परेशान रहते हैं। माता-पिता झूठ बोलने या बहाना बनाने पर बच्चों को डांटते-पीटते हैं मगर वो ये कारण नहीं जानना चाहते कि बच्चे को उनसे क्यों झूठ बोलना पड़ा। ऐसे में बच्चे धीरे-धीरे बिगड़ जाते हैं। बच्चों की बहनेबाजी और झूठ बोलने की आदत को इस प्रकार ठीक करें।

इस लिए झूठ बोलते हैं बच्चे

कई अभिभावक अपने बच्चों के साथ जरूरत से ज्यादा रोक-टोक करते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो उनके बच्चे हाथ से निकल जाएंगे और गलत संगत में पड़ जाएंगे जबकि ऐसा नहीं है। अभिभावकों का बच्चों के साथ बात-बात पर रोक-टोक करना उन्हें झूठ बोलने के लिए मजबूर करता है।

बच्चे भी प्राईवेसी चाहते हैं। अगर वो गलत नहीं है तब भी उन्हें अपनी बात किसी के साथ शेयर करना या सफाई देना अच्छा नहीं लगता है लेकिन कई पेरेंट्स इस बात को समझने के बजाय अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों पर शक करते हैं और अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें ताने मारते हैं।

बचपन से ही डांट-डपट कर रखने और हर बात पर टोकने से बच्चों के अवचेतन में मां-बाप के प्रति गुस्सा और घृणा भर जाती है। ऐसे बच्चे ज्यादातर समय मां-बाप से दूर रहना चाहते हैं और उन्हें कुछ भी बताने से घबराते हैं। वहीं दोस्तों के साथ उन्हें अपनी कोई भी बात शेयर करने में कोई परेशानी नहीं होती है क्योंकि दोस्तों के बीच उन्हें अपनापन महसूस होता है। इसलिए बच्चों को बचपन से प्यार दें और कुछ गलत करने या झूठ बोलने पर उन्हें प्यार से समझाएं। इस तरह बच्चे आपसे जुड़ाव महसूस करेंगे और अपनी बातें आपसे बताने में झिझक नहीं महसूस करेंगे।

जब अभिभावक बच्चों के साथ ज्यादा सख्ती बरतते हैं तो डांट या सज़ा से बचने के लिए वे ऐसे तरीके अपनाते हैं। अगर अभिभावकों को भी झूठ बोलने या बहाने बनाने की आदत हो तो उन्हें देखकर बच्चे भी ऐसा ही व्यवहार करने लगते हैं।

कैसे करें बच्चों को कंट्रोल

सबसे पहले तो आप अपने व्यवहार में बदलाव लाने की कोशिश करें, तभी बच्चे आपकी बात मानेंगे।

बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार अपनाएं, अगर उनसे कोई गलती हो भी जाए तो डांटने के बजाय प्यार से समझाएं।

ओवर रिएक्ट करने के बजाय बच्चे को प्यार से समझाएं।

जिस वक्त बच्चा अपनी गलती मानने को तैयार न हो, तब उसे समझाने की कोशिश न करें। थोड़ी देर बाद जब वह शांत हो जाए तो उसके सामने तार्किक ढंग से अपनी बात रखें। प्यार के साथ उसे अपनी गलतियां स्वीकारना, सुधारना और माफी मांगना सिखाएं।

बच्चे को ज्यादा डांटे-फटकारें नहीं।

बच्चों को कभी भी मारें नहीं और न ही उनके सामने गलत भाषा का प्रयोग करें।

जब घर में माता और पिता दोनों ही कामकाजी होते हैं तो वो अपने बच्चों के साथ वक्त नहीं बिता पाते हैं। ये सच है कि वो अपने बच्चों को मेड और सभी जरूरी चीजें उपलब्ध कराते हैं लेकिन माता पिता को ये समझना चाहिए कि बच्चों को आपकी जरूरत है। इसलिए अगर आप वर्किंग है तब भी अपने बच्चों के साथ दिन में कम से कम 1 घंटा जरूर बिताएं। इस एक घंटे में अपने बच्चे से पूछे कि उसने दिनभर क्या किया या वो क्या सोच रहा है। इससे बच्चे आपके करीब आयेंगे।

गर्मियों में बच्चों की देखभाल

सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में साक्षात्कार बेहद कठिन माना जाता है और इसकी तैयारी करते समय पूरी तरह गंभीर होना जरुरी है। साक्षात्कार द्वारा प्रतियोगी की आवेदित पद हेतु क्षमता का सही-सही आकलन किया जाता है। यह आकलन संबंधित विषयों के विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है, इसलिए प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सतही ज्ञान के बल पर भ्रामक उत्तर न दें। बेहतर तो यही होगा कि राज्य सेवा के अंतर्गत उपलब्ध पदों के लिए आवेदन करते समय ही उन पदों की प्रकृति तथा आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त कर उसकी पूर्ति हेतु सभी संभावित क्षेत्रों का ज्ञान अर्जित करें।

अकसर देखा गया है कि साक्षात्कार के दौरान प्रत्याशी से पहला सवाल यही किया जाता है कि उसने सिविल सेवा का क्षेत्र ही क्यों चुना या आवेदित पद के लिए ही वह क्यों आवेदन कर रहा है।

प्रत्याशियों के पास इसका सौद्देश्यपूर्ण जवाब होना चाहिए। महज देशसेवा, समाजसेवा जैसे उत्तर पर्याप्त नहीं होते हैं। जब तक प्रत्याशियों को इस बात का ज्ञान न हो कि साक्षात्कार में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएँगे या क्या किया जाएगा तब तक वे इसकी पूर्णरूपेण तैयारी भी नहीं कर पाएँगे। आमतौर पर सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार विश्वविद्यालयीन प्रायोगिक परीक्षाओं की मौखिक परीक्षाओं (वाइवा) जैसा नहीं होता है और न ही अन्य नौकरियों के लिए लिए जाने वाले साक्षात्कार की तरह प्रत्याशियों की खिंचाई वाला होता है।

इसके बोर्ड में बैठने वाले सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ होने के साथ ही साक्षात्कार लेने के प्रति अत्यंत गंभीर होते हैं। वे प्रत्याशियों को परेशान कर उलझाने के स्वाभाविक तरीके से बातचीत के लहजे में साक्षात्कार लेते हैं। उनका उद्देश्य प्रत्याशियों की प्रतिक्रया, व्यवहार, आत्वविश्वास, दृढ़ निश्चयता, सकारात्मकता, नकारात्मकता, अभिरुचि, निर्णय लेने की क्षमता, उसकी पृष्ठभूमि आदि का आकलन होता है। वे टालमटोल कर भ्रामक जवाब के बजाय ईमानदारीपूर्वक प्रत्याशियों द्वारा प्रश्न के उत्तर न जानने के जवाब को ज्यादा तरजीह देते हैं, क्योंकि उन्हें भी पता होता है कि कोई भी व्यक्ति सर्वज्ञाता नहीं होता है।

साक्षात्कार के दौरान उत्तर देते समय आत्मविश्वास तथा निश्चित दृष्टिकोण सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। यदि प्रश्न का विश्लेषण कर तर्कपूर्ण जवाब दिए जाएँ तो साक्षात्कार लेने वाला निश्चित ही प्रभावित होता है। हाँ, इसके लिए ज्यादा ज्ञान बघारने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपके ज्ञान के प्रमाण स्वरूप मुख्य परीक्षा के प्राप्तांकों की सूची उनके पास पहले ही उपलब्ध होती है। साक्षात्कार में बड़बोलेपन की बजाय मितभाषी प्रत्याशी के चयन की संभावना ज्यादा होती है, क्योंकि वह साक्षात्कार हेतु निर्धारित 15-20 मिनट में साक्षात्कार लेने वालों के ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों के जवाब देकर उन्हें संतुष्ट कर सकता है।

साक्षात्कार के समय केवल विषयगत ज्ञान की जानकारी नहीं ली जाती। अपने प्रदेश, उसके राजनीतिक, सामाजिक, भौगोलिक स्थिति की जानकारी ज्यादा से ज्यादा होनी चाहिए तथा समसामयिक विषयों की जानकारी के साथ-साथ समस्याओं के समाधान की भी जानकारी यथेष्ठ मानी जाती है। साक्षात्कार के लिए बौद्धिक ज्ञान जितना आवश्यक है, उतना ही व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी है, क्योंकि सिविल सेवा से जुड़े सभी पद लोकहित तथा जनसंपर्क के अंतर्गत आते हैं।

लिहाजा इन पदों के प्रत्याशियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उनका दृष्टिकोण लोकहित तथा कल्याणकारी भावनाओं के अनुरूप हो। बुद्धिमत्ता, व्यवहार के अलावा प्रत्याशी के हावभाव, वेशभूषा तथा प्रतिक्रिया का भी साक्षात्कार में आकलन किया जाता है। आकर्षक व्यक्तित्व तथा सौम्य व्यवहार साक्षात्कार में सफलता की कुंजी माने जाते हैं।

बच्चों की याददाश्त इस प्रकार होगी बेहतर

कुछ बच्चों की याददाश्त कमजोर होती है जिससे अभिभावक परेशान रहते हैं क्योंकि इस कारण ये बच्चे मेहनत करने के बाद भी पढ़ाई में पिछड़ जाते हैं। अगर आपका बच्चा भी याद की हुई बातें, जल्दी भूल जाता है तो निराश न हों। कुछ उपाय अपनाकर आप अपने बच्चे की याददाश्त बेहतर बना सकते है।

बच्चे को व्यायाम की आदत डालें। व्यायाम करने से न केवल बच्चे का शरीर फिट रहता है, बल्कि दिमाग में ऑक्सीजन की सप्लाई भी अच्छे से होती है, जो बच्चे के दिमाग को तेज करती है।

बच्चे को तनावरहित रहने की आदत डालें। दिमाग बिना तनाव के तेज काम करता है।

बच्चों को 8-9 घंटे की नींद रोज लेना चाहिए। नींद पूरी होने पर बच्चा किसी भी काम में ध्यान अच्छे से दे पाएगा।

जरूरी चीजें लिख लें। लिखने से चीजों को याद रखने में आसानी होती है और खुद की लिखी चीजें लंबे समय तक याद रहती हैं।

कई बार बच्चे जो चीजें पढ़कर याद नहीं कर पाते, वही चीजें उन्हें देखकर याद हो जाती हैं, जैसे फोटोग्राफ, चार्ट, टेबल वगैरह। अगर बच्चे को कोई चीज याद नहीं हो रही हो तो उन्हें दिमाग में ही उसकी कोई छवि बनाकर उस चीज को याद करने के लिए कहें।

बच्चा जो याद करना चाहता है, उसे जोर-जोर से पढ़ या बोलकर याद करने से भी उसे चीजें जल्दी याद होंगी।

इसके साथ ही बच्चे के खानपान का भी ध्यान रखें और उसे पौष्टिक पदार्थ दें। बादाम का सेवन भी स्मरण शक्ति को तेज करता है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

काकुरो पहेली - 2755



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2754 का हल



लॉफिंग ज़ोन

संपादक (प्रबंधक से) - अखबार में थोड़ी सी जगह बची है क्या लिखूं?
प्रबंधक - लिख दो, कल चांदनी चौक में डाका पडा, खून हो गया.
संपादक - थोड़ी सी जगह और है.
प्रबंधक - वहां लिख दो - बाद में पता चला यह सब अफवाह थी.

☺ ☺ ☺

वकील (मुजरिम से) - तुमने एक ही दुकान में दोबारा चोरी क्यों की?
मुजरिम - साहब जी, उस दुकान के बाहर लिखा था दोबारा जरूर आएं.

☺ ☺ ☺

मुकेश (ड्राइवर से) - यह टायर पंचर कैसे हुआ?
ड्राइवर - एक कांच की बोतल पर चढ़ गया था.
मुकेश - क्या तुम्हें बोतल दिखाई नहीं दी?
ड्राइवर - जी नहीं, बोतल उस आदमी की जेब में रखी थी जो गाड़ी के नीचे आ गया था!

☺ ☺ ☺

रमेश (नौकर से) - जरा देखाना तो कितने बजे हैं?
नौकर - मुझे समय देखाना नहीं आता.
रमेश - अच्छा कोई बात नहीं, यह देखकर बताओ कि बडी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकर - दोनों सुइयां घड़ी में हैं.

फिल्म वर्ग पहेली - 2755



ऊपर से नीचे:-

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2754

सूडोकु -2755

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2754 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

शब्द पहेली - 2755



बाएँ से दाएँ

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

ऊपर से नीचे

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

शब्द पहेली -2754 का हल

ह	ल	च	ल		टा		द	वा	खा	ना
	क्ष्य		व		ल	क	वा		र	ज
ज			कु	सु	म		त			नी
ब	द	मा	श		टो	ना		सौ	त	न
र		हि		फा	ल		प्रा		न	
न	ग	र	वा	सी		ग	ण	ना	य	क
	र		द		मा	ली		पा		ल
अ	ल	ग		म	न		चौ	की	दा	र
प			चि		सि	स	की			व
रा	ज		क	न	क		दा		मे	
ध	ड़	क	न		ता		री	मा	ला	गू

सचिन ने साझा की तस्वीर, कुंबले और युवराज के साथ नजर आये

मुम्बई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सोशल मीडिया के जरिये अपने प्रशंसकों से जुड़े रहते हैं। अब सचिन ने गोवा की एक तस्वीर साझा की है। इसमें वह दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले और आक्रामक ऑलराउंडर युवराज सिंह के साथ नजर आ रहे हैं। कुंबले इस तस्वीर में सचिन और युवराज के साथ सेल्फी लेते हुए भी दिख रहे हैं। सचिन ने इस तस्वीर के साथ लिखा, गोवा में हमारा दिल चाहता है मूमेंट, आपको क्या लगता है कि इनमें से आकाश, समीर और सिड कौन है? गौरतलब है कि साल 2001 में अभिनेता आमिर खान, सैफ अली खान और अक्षय खन्ना की फिल्म दिल चाहता है रिलीज हुई थी। वह फिल्म पूरी तरह से दोस्ती के ऊपर बनाई गई थी। उसी के पात्र थे आकाश, समीर और सिड। सचिन, कुंबले और युवराज की इस सेल्फी को सोशल मीडिया में काफी पसंद किया जा रहा है। इसपर 14 घंटे में ही 8 लाख से ज्यादा लाइक मिले हैं। प्रशंसकों के साथ ही क्रिकेटरों ने भी इस पर जमकर कॉमेंट किये हैं। सचिन, कुंबले और युवराज भारतीय क्रिकेट के ऐसे खिलाड़ी रहे है जिन्होंने अपने करियर के दौरान टीम को कई मुकाबले जिताए हैं। तेंदुलकर और युवराज साल 2011 की एकदिवसीय विश्वकप विजेता टीम में भी शामिल थे।

आईसीसी मापदंड पर खरी नहीं उतर रहीं भारतीय पिचें

पिछले चार बार से औसत से कम स्तर की पायीं गयीं

मुम्बई ।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मैच के बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के निशाने पर भारतीय पिचें हैं। आईसीसी ने इंदौर की पिच को खराब बताया है। इससे पहले भी भारत में खेले गए पिछले चार मुकाबलों की करें तो आईसीसी ने नागपुर और दिल्ली की पिच को औसत जबकि बेंगलुरु की पिच को औसत से नीचे और इंदौर की पिच को खराब बताया। ऑस्ट्रेलिया से पहले भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की टेस्ट सीरीज खेली थी उसमें भी पिच पर सवाल उठे थे। उस सीरीज का अंतिम मैच बेंगलुरु में खेला गया था। यह टेस्ट भी तीन दिन के अंदर ही समाप्त को गया था। इंदौर टेस्ट के बाद एक और आंकड़ा सामने निकलकर आया है। भारत की यह टेस्ट क्रिकेट में पिछले एक दशक में घर में तीसरी हार है और हैरानी की बात यह है कि इनमें से जो दो टेस्ट भारत हारा है उस मैच की पिचों को आईसीसी ने खराब करार दिया। इसके अलावा बात भारत में खेले गए आखिरी 10 टेस्ट मैचों की करें तो केवल एक ही मैच 5 दिन तक चला है। वहीं 6 मैच तीन दिन के अंदर समाप्त हुए और दो मैच चार दिन में ही समाप्त हो गये जबकि एक मैच दो दिन में ही समाप्त हो गया था।

इंदौर की पिच को तीन नकारात्मक अंक दिये

आईसीसी ने इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम की पिच को खराब बताते हुए तीन नकारात्मक अंक दिये हैं। आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने मैच अधिकारियों की चिंताओं को व्यक्त करते हुए और दोनों टीमों के कप्तानों के साथ परामर्श के बाद उन्होंने आईसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपी। उन मूल्यांकन के बाद आयोजन स्थल को तीन नकारात्मक अंक दिए गए हैं। इस मैच की रिपोर्ट बीसीसीआई को भेज दी गई है। बोर्ड इस मामले में 14 दिनों के अंदर अपील कर सकता है

संक्षिप्त समाचार

इंदौर की पिच को खराब दिये जाने से नाराज गावस्कर ने गाबा का उदाहरण दिया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईसीसी के इंदौर की पिच को खराब करार दिये जाने पर नाराजगी जताय है। गावस्कर ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिय के गाबा की पिच का उदाहरण दिया और कहा कि कि वहां दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट दो दिनों में ही खत्म हो गया था। गावस्कर ने कहा, एक बात मैं जानना चाहूंगा, नवंबर में ब्रिस्बेन गाबा में यह टेस्ट मैच था, जहां मैच 2 दिन में ही समाप्त हो गया। उस पिच को कितने नकारात्मक अंक मिले और वहां मैच रेफरी कौन था यह मैं जानना चाहता हूं। इससे पहले इंदौर की पिच को खराब रेटिंग देते हुए आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने दावा किया कि यह शुरू से ही स्पिनरों का पक्ष ले रही थी और यह बल्ले और गेंद के बीच संतुलित प्रतिस्पर्धा प्रदान नहीं करती। ब्रॉड ने कहा, पिच बहुत सूखी थी, शुरू से ही स्पिनरों के पक्ष में थी, बल्ले और गेंद के बीच यह संतुलन प्रदान नहीं करती थी।

अतिआत्मविश्वास बना भारतीय टीम की हार का कारण : मांजरेकर

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि तीसरे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम की हार का कारण अति आत्मविश्वास रहा। मांजरेकर के अनुसार पहले दो मैचों में जीत से भारतीय टीम को लगने लगा था कि वह आसानी से जीत जाएगी। वहीं तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने जाल में फंसा दिया। मांजरेकर ने कहा कि भारतीय टीम ने पिच का ठीक से आंकलन करने से पहले खेल पर थोड़ा हावी होने की कोशिश की, इससे टीम लड़खड़ा गयी। उन्होंने कहा, मुझे यह लगा कि भारतीय टीम अभी तक श्रृंखला में अपने दबदबे को लेकर आश्वस्त थी। इसी लिए भारतीय टीम ने टॉस जीतने के साथ ही बल्लेबाजी का फैसला कर लिया। भारतीय बल्लेबाजों ने मैदान पर उतरने के बाद पिच का आंकलन किये बिना ही शॉट लगाने शुरु कर दिये। ये शॉट्स इस भरोसे पर लगाये गये थे कि हमें पिच की जानकारी है। यहीं टीम से गलती हो गयी। मांजरेकर ने आर अश्विन और उमेश यादव की ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में मिलकर गेंदबाजी करने पर कहा, यह एक शानदार प्रयोग था। मुझे लगा कि जडेजा के साथ अश्विन का थोड़ा अतिरिक्त जुड़ाव था, उन्हें एकमात्र गेंदबाज के रूप में देखते हुए जो आपको विकेट दिलाने वाला था और एक बार जब उन्होंने अपना ध्यान अश्विन और यहां तक कि उमेश पर लगाया, तो खेल पूरी तरह से बदल गया।

गत विजेता डीएफए धार की टीम सीनियर महिला राज्य फुटबॉल स्पर्धा में भाग लेगी

सरदारपुर और धार की प्रतिभावान खिलाड़ी खिताब को बरकरार रखने के लिए तैयार है।

(एजेंसी)

धार (निप्र)डीएफए धार महिला टीम अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए बालाघाट (म.प्र.)में मार्च के प्रथम सप्ताह में शुरू होने जा रही राज्य सीनियर महिला फुटबॉल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। डीएफए सचिव सुभाष डेविड ने बताया की डीएफए धार टीम को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई। डीएफए धार का पहला मुकाबला डीएफए खरगोन से होगा। धार ,खरगोन, जबलपुर, हरदा, छिंदवाड़ा, बालाघाट ,खरगोन, सिंगरौली सहित प्रदेश की 16 श्रेष्ठ टीमें राज्य स्पर्धा में भाग लेगी इस राज्य स्पर्धा के माध्यम से मध्यप्रदेश सीनियर महिला फुटबॉल टीम का चयन किया जाएगा ।मध्यप्रदेश टीम आगामी 26 मार्च से छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल स्पर्धा में भाग लेगी।

डीएफए कार्यकारी अध्यक्ष श्री शमशेर सिंह यादव द्वारा सरदारपुर और धार की प्रतिभावान फुटबॉल खिलाड़ियों से सुसज्जित 16 सदस्य डीएफए धार टीम की घोषणा की गई। चीफ कोच शैलेंद्र पाल ,कोच ज्योति परमार, चीफ मैनेजर सुनीता भाबर और मैनेजर लखन भाटिया को बनाया गया है।

डीएफए टीम इस प्रकार है - गोलकीपर - दीपिका चौहान और कविता नाथ । रक्षा पंक्ति - चंचल खराड़ी ,पायल चौहान ,संस्कृति यादव, स्नेहा खराड़ी और राधिका नरेंद्र। मध्य पंक्ति - सुनीता भाबर, नेहा मकवाना, प्रिया सोलंकी, कंचन चतुर्वेदी, रक्षा खराड़ी। आक्रमण पंक्ति - किरण श्रवण, आरती गणपत टीना चौहान, और बुलबुल श्रवण।

राज्य फुटबॉल स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य प्रताप सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक शमशेर सिंह यादव, डीएफए सचिव सुभाष डेविड, फुटबॉल प्रशिक्षक राजीव डेविड, संतोष पुरोहित , शैलेंद्र पाल, संतोष राव, सुंदर रायकवार, मनोज चौहान, उत्कर्ष डेविड, लेखराज मकवाना, मोहित यादव, आशीष अमिलियार ,लखन भाटिया, राहुल पाल , सुश्री ज्योति चौहान, श्रीमती शलाका हिवाले डेविड, श्रीमती कल्पना यादव, श्रीमती हंसारानी डेविड, श्रीमती अमृता पांडे , सुश्री लक्ष्मी खड्सकर तथा ईशा मकवाना ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

अंतिम टेस्ट में भारतीय टीम को तलाशना होगा स्मिथ की रणनीति का जवाब

6 साल पहले भी स्मिथ की कप्तानी में जीती थी ऑस्ट्रेलियाई टीम

नई दिल्ली ।

भारतीय टीम अब बॉर्डर गावस्कर सीरीज के चौथे और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज पर कब्जा करने के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालीफाई करने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम की राह हालांकि आसान नजर नहीं आती है क्योंकि मेहमान टीम की कप्तानी अब स्टीव स्मिथ के पास है। उसी स्मिथ के पास जिसकी चालें भारतीय टीम समझ नहीं पाती है। पहले दो टेस्ट में मिली हार के बाद जैसे ही स्मिथ ने टीम की कमान संभाली सब कुछ बदल गया। कंगारुओं ने तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में वापसी का प्रयास किया है। इस खिलाड़ी ने 6 साल पहले ही भारत को झटका दिया था। स्मिथ की कप्तानी में साल 2016-17 बॉर्डर गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम जीती थी। गत 46 टेस्ट में भारतीय टीम को कुल मिलाकर तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। इसमें से एक मुकाबला इंग्लैंड जबकि दो मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और दोनो ही बार टीम की कपनी स्मिथ के पास थी। इस हार के बाद यह साफ है कि स्मिथ की रणनीति भारतीय टीम समझ नहीं पाती है। इस सबके बीच ही 9 मार्च से होने वाला अंतिम टेस्ट अब और भी रोमांचक रहेगा क्योंकि दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी।

यशस्वी ने ईरानी कप में बनाया नया रिकार्ड

मुम्बई ।



युवा बल्लेबजा यशस्वी जायसवाल ने ईरानी कप 2023 के खिताबी मुकाबले में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में शेष भारत की ओर से उतरे यशस्वी ने फाइनल मुकाबले के चौथे दिन ही एक तेज शतक लगाया। इस बल्लेबाज ने ये शतक 103 गेंदों में ही लगा दिया। इसी के साथ ही उन्होंने ईरानी कप में नया रिकार्ड अपने नाम किया है। यशस्वी ईरानी कप फाइनल में दोहरा शतक और फिर शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। यह उपलब्धि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर को भी नहीं मिली थी। जायसवाल ने पहली पारी में 259 गेंदों में 213 रन बनाए थे। वहीं इसके बाद इस बल्लेबाज ने दूसरी पारी में भी शतक लगा दिया। यह उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट का 8वां शतक है। इसी के साथ जायसवाल ईरानी कप के फाइनल में दोहरे शतक के साथ एक शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनसे पहले शिखर धवन के नाम फाइनल में दोनों पारियों में शतक का रिकार्ड था पर वह दोहरा शतक नहीं लगा पाये थे। यशस्वी के शानदार प्रदर्शन से शेष भारत ने पहली पारी में 484 रन बनाए थे, जिसमें अभिमन्यू ईश्वरन के 154 रन भी शामिल रहे। वहीं मध्य प्रदेश की टीम अपनी पहली पारी में 294 रन ही बना पायी। इस प्रकार शेष भारत ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। यशस्वी ईरानी कप में दोहरा शतक जमाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 21 साल और 64 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया है। वहीं धवन ने यह कारनामा साल 2011 के संस्करण में राजस्थान के खिलाफ जयपुर में किया था। तब उन्होंने पहली पारी में 177 और दूसरी पारी में उन्होंने 155 रन बनाए थे।

रोहित ने खोया धोनी के खास क्लब में शामिल होने का अवसर

नई दिल्ली ।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट में मिली हार के साथ ही पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के एक खास क्लब में प्रवेश का अवसर गंवा दिया। पहले दो मैच जीतकर रोहित के पास धोनी की तरह ही क्लीन स्वीप का अच्छा अवसर था। पहले दो मैचों के बाद लग रहा था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम सीरीज में 4-0 से हारेगी पर तीसरे टेस्ट के परिणाम ने इस पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि धोनी एकमात्र ऐसे भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने घरेलू घरती पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीन स्वीप किया था। उनसे पहले यह उपलब्धि किसी अन्य कप्तान ने हासिल नहीं की थी। धोनी ने यह रिकार्ड साल 2013 में रचा था। भारत दौरे पर आई कंगारू टीम को भारत ने उस समय 4-0 से हराया था। साल 2017 में जब इससे पहले स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया भारत दौरे पर आया था तो भारत ने 2-1 से सीरीज जीती थी। कंगारुओं ने सीरीज का पहला ही मैच 333 रनों के अंतर से जीतकर तहलका मचा दिया था, मगर इसके बाद विराट की कप्तानी में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी करते हुए अगले तीन में से दो मैच जीते थे। इस सीरीज का एक मैच ड्रॉ रहा था। वहीं रोहित के पास सीरीज के पहले दो मैच जीतकर धोनी के इस खास क्लब में शामिल होने का शानदार अवसर था, मगर वह नाकाम रहे। अब भारतीय कप्तान की नजरें सीरीज के आखिरी टेस्ट में टीम इंडिया को जीत दिलाकर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर रहेंगी।

गत विजेता डीएफए धार की टीम सीनियर महिला राज्य फुटबॉल स्पर्धा में भाग लेगी

सरदारपुर और धार की प्रतिभावान खिलाड़ी खिताब को बरकरार रखने के लिए तैयार है।

धार (निप्र)डीएफए धार महिला टीम अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए बालाघाट (म.प्र.)में मार्च के प्रथम सप्ताह में शुरू होने जा रही राज्य सीनियर महिला फुटबॉल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। डीएफए सचिव सुभाष डेविड ने बताया की डीएफए धार टीम को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई। डीएफए धार का पहला मुकाबला डीएफए खरगोन से होगा। धार ,खरगोन, जबलपुर, हरदा, छिंदवाड़ा, बालाघाट ,खरगोन, सिंगरौली सहित प्रदेश की 16 श्रेष्ठ टीमें राज्य स्पर्धा में भाग लेगी इस राज्य स्पर्धा के माध्यम से मध्यप्रदेश सीनियर महिला फुटबॉल टीम का चयन किया जाएगा ।मध्यप्रदेश टीम आगामी 26 मार्च से छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल स्पर्धा में भाग लेगी। डीएफए कार्यकारी अध्यक्ष श्री शमशेर सिंह यादव द्वारा सरदारपुर और धार की प्रतिभावान फुटबॉल खिलाड़ियों से सुसज्जित 16 सदस्य डीएफए धार टीम की घोषणा की गई। चीफ कोच शैलेंद्र पाल ,कोच ज्योति परमार, चीफ मैनेजर सुनीता भाबर और मैनेजर लखन भाटिया को बनाया गया है।

डीएफए टीम इस प्रकार है - गोलकीपर - दीपिका चौहान और कविता नाथ । रक्षा पंक्ति - चंचल खराड़ी ,पायल चौहान ,संस्कृति यादव, स्नेहा खराड़ी और राधिका नरेंद्र। मध्य पंक्ति - सुनीता भाबर, नेहा मकवाना, प्रिया सोलंकी, कंचन चतुर्वेदी, रक्षा खराड़ी। आक्रमण पंक्ति - किरण श्रवण, आरती गणपत टीना चौहान, और बुलबुल श्रवण।

राज्य फुटबॉल स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य प्रताप सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक शमशेर सिंह यादव, डीएफए सचिव सुभाष डेविड, फुटबॉल प्रशिक्षक राजीव डेविड, संतोष पुरोहित , शैलेंद्र पाल, संतोष राव, सुंदर रायकवार, मनोज चौहान, उत्कर्ष डेविड, लेखराज मकवाना, मोहित यादव, आशीष अमिलियार ,लखन भाटिया, राहुल पाल , सुश्री ज्योति चौहान, श्रीमती शलाका हिवाले डेविड, श्रीमती कल्पना यादव, श्रीमती हंसारानी डेविड, श्रीमती अमृता पांडे , सुश्री लक्ष्मी खड्सकर तथा ईशा मकवाना ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

जिस मैदान पर घास काटते थे लायन उसी से शुरु हुआ था क्रिकेटर सफर

मुम्बई ।

भारत दौरे में तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लायन की स्पिन का भारतीय बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। लायन के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलियाई टीम को तीसरे दिन ही टेस्ट में जीत मिली। लायन ने अपनी दूसरी पारी में कुल मिलाकर आठ विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी को ढ़हा दिया। लायन आज ऑस्ट्रेलिया के स्टार स्पिनर हैं पर उनका यहां तक का सफर आसान नहीं रहा है। वह कभी एडिलेड ओवल मैदान पर घास काटते थे। लायन ने एक बार कहा था, मैदान की घास काटने के लिए मैं साढ़े पांच बजे उठ जाता था पर घास काटने वाली बात को लेकर मैं करियर के दौरान कभी चिंतित नहीं रहा। बाद में लायन को उसी एडिलेड मैदान पर जनवरी 2012 में टेस्ट मैच खेलने का अवसर मिला था। इस इस गेंदबाज ने कुल पांच विकेट लिए थे। लायन को यहां तक पहुंचाने में रेडबैक्स के कोच डैरेन बेरी की अहम भूमिका रही थी। रेडबैक्स की टीम को एक अभ्यास मुकाबले के लिए गेंदबाज की कमी महसूस हो रही थी। बेरी को जब पता चला कि लायन जूनियर लेवल पर अच्छे गेंदबाज रह चुके हैं तो उन्होंने उस मैच के लिए लायन को अपनी टीम में जगह दी। लायन ने अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया और वह कुछ समय के अंदर ही बेहतर गेंदबाज बन गये। लायन ने साल 2011 में श्रीलंका के खिलाफ गाले टेस्ट से अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उसे बाद से ही लायन ने अबतक 118 टेस्ट मैचों में 31.11 के औसल से 479 विकेट लिए हैं हालांकि वह एकदिवसीय में अधिक सफल नहीं रहे और कुल 30 विकेट ही ले पाए हैं.

मेसी को मिली धमकी



ब्यूनस आयर्स । अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के कप्तान और स्टार फुटबॉलर लियोनन मेसी को धमकी मिली है। मेसी को ये धमकी रोसारियो में एक सुपरमार्केट पर हमला करने वाले बंदूकधारियों से दी। इसमे कहा गया कि हम आपका इंतजार कर रहे हैं। यहां के लावेल जिले में स्थित फूड स्टोर 'यूनिको' मेसी की पत्नी एंटोनेला रोक्कुजो के परिवार का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह हमलावारों ने स्टोर के शटर और दरवाजे पर फायरिंग की। वहीं पुलिस के अनुसार इस मामले में दो व्यक्तियों को मोटरसाइकिल पर भागते देखा गया है। उन्होंने ही मेसी के लिए धमकी भरे संदेश लिखे थे। गोलीबारी से स्टोर काफी क्षतग्रस्त हुआ है। बंदूकधारियों के संदेश में लिखा था, मेसी, हम आपका इंतजार कर रहे हैं। जेवकिन एक ड्रग डीलर है। वह आपकी देखभाल नहीं करने वाला है। इन संदेशों में रोसारियो शहर के मेयर पाब्लो जेवकिन पर भी निशाना साधा गया है। रोसारियो ब्यूनस आयर्स से 300 किलोमीटर उत्तर में अर्जेंटीना के सांता फे के केंद्रीय प्रांत का सबसे बड़ा शहर है। अर्जेंटीना की विश्वकप विजेता टीम के कप्तान मेसी का हाल ही में फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी 2022 का खिताब मिला था। उन्होंने गत वर्ष कतर में आयोजित फीफा विश्व कप में अपनी देश को तीसरा बार जीत दिलायी थी।

बाहुबली फेम प्रभास को अनुष्का ने दिया धोखा?

प्रभास और अनुष्का शेट्टी की जोड़ी बाहुबली में दर्शकों को काफी पसन्द आयी थी. रील लाइफ की ये जोड़ी रियल लाइफ में भी एक-दूसरे को डेट कर रहे थे, ऐसी कई रिपोर्टों में कहा गया. लेटेस्ट अपडेट की मानें तो दोनों का ब्रेकअप हो चुका है.

प्रभास और अनुष्का शेट्टी की जोड़ी बाहुबली में साथ में नजर आयी थी. फिल्म में उन दोनों की केमेस्ट्री दर्शकों को खूब पसन्द आयी थी. कहा जा रहा था कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे है. अक्सर दोनों की डेटिंग की खबरें सोशल मीडिया पर आती रहती थी. हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते को कभी कंफर्म नहीं किया. रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास और अनुष्का शेट्टी का ब्रेकअप हो गया है. जी हां, दोनों अब साथ में नहीं है. ब्रेकअप की वजह भी सामने आयी है. रिपोर्ट की मानें तो ब्रेकअप भी आपसी नहीं बल्कि अनुष्का के प्रभास को धोखा देने की वजह से हुआ. रिपोर्ट में दावा किया गया कि प्रभास ने अनुष्का को धोखा देने और एक सीनियर हीरो के साथ संबंध होने के बारे में जानने के बाद रिश्ता खत्म करने का फैसला किया. हालांकि इस रिपोर्ट में इस सीनियर एक्टर के नाम का खुलासा नहीं किया गया है.प्रभास और अनुष्का शेट्टी की मुलाकात 2009 में बिल्ला के सेट पर हुई थी. बाद में ये जोड़ी ने बाहुबली- द बिगिनिंग और बाहुबली- द कन्क्लूजन जैसी फिल्मों में साथ काम किया था. बता दें कि कुछ दिनों पहले खबरें वायरल हुई थी कि प्रभास को अपनी आदिपुरुष की को-स्टार कृति सेनन से प्यार हो गया है और दोनों मालदीव में सगाई करने वाले है. हालांकि बाद में एक्टर की टीम ने सगाई की अफवाहों का स्पष्ट रूप से खंडन किया. प्रभास इन दिनों मुंबई में दीपिका के साथ प्रोजेक्ट के की शूटिंग में बिजी चल रहे है. इसके अलावा प्रभास केजीएफ फेम निर्देशक प्रशांत नील द्वारा निर्देशित सालार में दिखाई देंगे. इसमें अभिनेता के साथ श्रुति हासन भी हैं. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मेकर्स ने प्रभास की फिल्म सालार का नया पोस्टर जारी किया था. ये फिल्म पूरे भारत में 5 भाषाओं में रिलीज हो रही है. पोस्टर के साथ रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया गया है. फिल्म 28 सितंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.



रूह बाबा बनकर पर्दे पर फिर लौटेंगे कार्तिक

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन किया था। भूल भुलैया 2 कार्तिक आर्यन के करियर की सबसे हिट फिल्म साबित हुई थी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी, तब्बू, रामपाल यादव और संजय मिश्रा अहम किरदार में नजर आए थे। फैंस भूल भुलैया फैंचाइजी की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब कार्तिक आर्यन ने अपने फैंस को सरप्राइज देते हुए भूल भुलैया 3 का ऐलान कर दिया है। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भूल भुलैया 3 का टीजर शेयर किया है। टीजर में कार्तिक रूह बाबा के लुक में नजर आ रहे हैं। वहीं टीजर के बैकग्राउंड में मंजूलिका की पायल की आवाज आ रही है। टीजर की शुरुआत हवेली से होती है। इसके बाद कार्तिक आर्यन की आवाज आती है, क्या लगा? कहानी खत्म हो गई? दरवाजें तो बंद होते ही इसलिए हैं ताकि एक दिन उन्हें फिर से खोला जा सके। वीडियो में कार्तिक ने रूह बाबा के रूप में नजर आते हैं वह अमी जे तोमर गाते हैं। वीडियो में कार्तिक आर्यन पिछली कहानी से अपने डायलॉग को रिपीट करते हुए कहते हैं, मैं आत्मा से सिर्फ बात ही नहीं करता, आत्मा में मेरी अंदर आ भी जाती है। इस टीजर को शेयर करते हुए कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, रूह बाबा रिटर्न्स दिवाली 2024। भूल भुलैया 3 का निर्देशन अनीस बज्मी करने वाले हैं। फिल्म को टी-सीरीज प्रोड्यूस करेगी। इस हॉरर कॉमेडी को दीवाली 2024 में रिलीज करने की तैयारी है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कौन सी एक्ट्रेस नजर आएंगी फिलहाल इससे अभी पर्दा नहीं उठा है।

सोनाक्षी ने मारी बड़े मियां छोटे मियां में एंट्री

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में सोनाक्षी सिन्हा की एंट्री हो चुकी है। इस फिल्म से पहली बार सोनाक्षी टाइगर श्रॉफ के साथ काम करने जा रही हैं। सोनाक्षी ने कहा- मैं बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा बनने के लिए काफी उत्साहित हूं। सोनाक्षी सिन्हा अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। डायरेक्टर अली अब्बास जफर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां इस साल की बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म बताई जा रही है और ऐसे में इस फिल्म का हिस्सा बनकर सोनाक्षी बेहद खुश हैं। बता दें कि सोनाक्षी के पास इस साल 2023 में कई फिल्में हैं जिनमें एसएलबी की हीरामंडी, एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के साथ दहाड़ के अलावा कुछ और दमदार भूमिकाओं में नज़र आएंगी। दहाड़ डिजिटल डेब्यू माना जा रहा है। इस साल दो दमदार परफॉरमेंस वाले प्रॉजेक्ट्स के बाद सोनाक्षी ने कमर्शियल फिल्म की ओर रुख किया है, आपको बता दें कि अली अब्बास ज़फर की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में सोनाक्षी की बतौर लीड एक्ट्रेस एंट्री हो चुकी है। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ नज़र आएंगे। सोनाक्षी सिन्हा ने इस खबर पर मुहर भी लगा दी है। सोनाक्षी सिन्हा ने मीडिया से बात करते हुए कहा है, मैं बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा बनने के लिए काफी उत्साहित हूं। अक्षय के साथ काम करना हमेशा अच्छा अनुभव रहता है। यह टाइगर के साथ मेरी पहली मूवी होगी। अली अब्बास जफर कमाल के डायरेक्टर हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि बड़े मियां छोटे मियां ब्लॉकबस्टर रहेगी। मैं चाहती हूं कि दर्शक इस मूवी को थिएटर में देखें और जमकर इंजॉय करें।

मुझे अकेले सोने में लगता है डर : टाइगर

बॉलीवुड के एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ 2 मार्च को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। टाइगर श्रॉफ का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है। बचपन में पिता उन्हें प्यार से टाइगर बुलाते थे। इसी वजह से उन्होंने बॉलीवुड में टाइगर नाम से अपना डेब्यू किया। टाइगर श्रॉफ को ताइक्वांडो में महारत हासिल है और ब्लैक बेल्ट भी हासिल कर चुके हैं। टाइगर श्रॉफ ने साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से अपना करियर शुरू किया था। क्या आप जानते हैं फिटनेस और बॉडी के साथ मार्शल आर्ट में बड़े-बड़ों के छक्के छुड़ाने वाले टाइगर श्रॉफ को सांप, बिच्छू और छिपकली से काफी डर लगता है। इस बात का खुलासा टाइगर ने करण जौहर के चैट शो में किया था। अपने डर की वजह से टाइगर को बागी 2 की शूटिंग में काफी परेशानियां भी आई थीं। फिल्म का क्लाइमैक्स घने जंगल में शूट हो रहा था, जहां सांप, बिच्छू आसानी से दिखाई दे रहे थे। टाइगर श्रॉफ ने इस बात का भी खुलासा किया था कि उन्हें अकेले सोने में डर लगता है। उन्होंने बताया था कि एक हॉरर फिल्म देखने के बाद उन्हें इतना डर लगा कि उसके बाद वो कभी भी अकेले नहीं सो पाते। टाइगर ने कहा था, मैं जब भी घर से बाहर या सफर पर होता हूं तो किसी ना किसी टीम मेंबर को अपने साथ रोकता हूं और जब मैं अपने घर पर होता हूं तब अपनी मां के पास सोता हूं।

बॉलीवुड में अपनी एक पहचान बनाऊंगा : जगजीत सिंह रिसम

अभिनेता जगजीत सिंह रिसम आगामी फिल्म द एरा ऑफ 1990 में एक सिख पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जिसमें सारा खान, अर्जुन मन्हास और मीर सरवर हैं। अभिनेता जगजीत सिंह रिसम आगामी फिल्म द एरा ऑफ 1990 में एक सिख पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जिसमें सारा खान, अर्जुन मन्हास और मीर सरवर हैं। फिल्म में जगजीत, मेरी पगड़ी मुझे झुकना नहीं सिखाती जैसे दमदार डायलॉग बोलते नजर आएंगे, जो निस्संदेह कई दिल जीत लेगा। जम्मू और कश्मीर के अभिनेता जगजीत सिंह रिसम, जिन्होंने 2014 में एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू किया और पूरे भारत में कई फैशन शो में भाग लिया। उन्होंने कई पुरस्कार और ट्रॉफियां जीतकर अपने शहर को गौरवान्वित किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म निर्माण और अभिनय के लिए अपने जुनून को पुरा करने के लिए खुदकी प्रोडक्शन कंपनी एच.एस. रिस्सम प्रोडक्शन्स शुरु की। अपने बैनर के तहत उन्होंने दो प्रमुख बॉलीवुड फिल्में द एरा ऑफ़ 1990 और बी टाउन का निर्माण किया जो भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार हैं। अपने मॉडलिंग के दिनों में उन्होंने अपने अभिनय कौशल्य को निखारने के लिए कई मंचीय नाटक में भी भाग लिया। जिससे उन्हें अपने अभिनय करियर में आगे बढ़ने में मदद मिली। जगजीत ने अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू कर अपने लिए एक प्लेटफॉर्म स्थापित किया। उन्होंने अपने द्वारा निर्मित दो प्रोजेक्ट्स द एरा ऑफ़ 1990 और बी टाउन में भी अभिनय किया। बाद में वे नेटफ्लिक्स, स्टार गोल्ड और अन्य कई ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई फिल्मों में दिखाई दिए। सिख अभिनेता जगजीत सिंह रिसम ने कहा कि मैं अपनी पगड़ी से बॉलीवुड में अपनी एक पहचान बनाऊंगा। हम सिख पुरुषों के लिए पगड़ी हमारा ताज है, यह हमारे स्वाभिमान, हमारे गौरव की निशानी है। मैं अपने आदर्शों पर कायम हूं। मेरे पिता ने भी मुझे यही सलाह दी कि मैं अपनी पगड़ी गर्व के साथ रखूं और जो भी पेशा चुनूं उसमें अपने समुदाय को गौरवान्वित करूं।

ऑस्कर्स में हिस्सा लेंगी दीपिका

सिप्लिगुंज और काल भैरव ऑस्कर्स 2023 में नाटू नाटू पर लाइव परफॉर्म करेंगी, वहीं दीपिका पादुकोण प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। वहीं भारत की छेल्लो शो, नाटू नाटू सॉन्ग समेत दो डॉक्युमेंट्री ऑस्कर की रेस में शामिल हैं। यह साल ऑस्कर 2023 में हमारे देश भारत के लिए एक नहीं बल्कि गर्व करने वाले पल लेकर आया है। जहां एक तरफ छेल्लो शो और आरआरआर का नाटू नाटू सॉन्ग ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुआ है, वहीं दूसरी ओर अब दीपिका पादुकोण को भी ऑस्कर अवॉर्ड के साथ कनेक्शन जुड़ गया है। दीपिका पादुकोण 13 मार्च को होने वाले ऑस्कर्स की प्रेजेंटर बनेंगी। खुद दीपिका पादुकोण ने इसकी जानकारी फैन्स को दी है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी जानकारी दी, फैन्स खुशी से झूम उठे और जश्न मनाने लगे। यह न्यूज उन लोगों की बोलती बंद करने के लिए काफी है, जिन्होंने पठान में एक्ट्रेस की बिकीनी पर बवाल मचाया था और फिल्म को बायकॉट करने की मांग करने लगे थे। दीपिका पादुकोण के ऑस्कर की प्रेजेंटर बनने की खबर ने बॉलीवुड स्टार्स के बीच भी एक्साइटमेंट जगा दी। नेहा धूपिया से लेकर पति रणवीर सिंह ने उन पर खूब प्यार लुटाया और बधाइयां दी।

भुवन बाम को बिना ऑडिशन लिए कर दिया जाता था रिजेक्ट

एक एंटरटेनमेंट पोर्टल के साथ एक इंटरव्यू में भुवन बाम ने स्टारडम हासिल करने से पहले रिजेक्शन और संघर्षों से जूझने के बारे में बात की थी. भुवन बाम ने कहा कि कुछ साल पहले जब वह ऑडियशन देने जाते थे, तो उन्हें घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता था. हालांकि, लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया. भुवन बाम ने यह भी खुलासा किया कि टेलीविजन रियलिटी शो में अपनी किस्मत आजमाने के दौरान उन्हें ऑडिशन का मौका दिए बिना ही बाहर कर दिया गया था. भुवन ने आगे कहा कि उन्हें अपने करियर के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन उन्हें यकीन था कि वह पढ़ाई जारी नहीं रखना चाहते हैं. वह संगीतकार बनना चाहते थे, लेकिन किस्मत ने उन्हें कॉमेडियन बना दिया.

राजकुमार की श्री 15 सितंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की श्री 15 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर भी हैं, बॉयोपिक दृष्टिबाधित उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की कहानी पर आधारित है। आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में एक किसान परिवार में जन्मे बोल्ला ने अपनी विकलांगता का हवाला देते हुए दसवीं कक्षा की परीक्षा पास करने के बाद विज्ञान विषय में आगे बढ़ने की अनुमति नहीं मिलने पर राज्य सरकार को अदालत में ले गए थे। उन्होंने न केवल केस जीता, बल्कि बारहवीं कक्षा में अपने स्कूल में टॉप किया। वह दिवंगत राष्ट्रपति ए.पी.जे. द्वारा शुरू किए गए लीड इंडिया 2020 अभियान में भी शामिल थे। अब्दुल कलाम के साथ, उन्होंने विकलांग लोगों के पुनर्वास और सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए संगठनों की स्थापना की और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की, जो बेकार सामग्री से पुन-प्रयोज्य उत्पाद बनाती है। फिल्म का निर्देशन सांड की आंख फेम तुषार हीरानंदानी ने किया है, जिसमें तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म जगदीप सिद्धू और सुमित पुरोहित द्वारा लिखी गई है, जिसे प्रथम मेहता ने चित्रित किया है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत श्री टी-सीरीज फिल्म्स और चॉक एन चीज फिल्म्स प्रोडक्शन है, जिसमें भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी निर्माता के रूप में काम कर रहे हैं।

धूम्रपान सेहत के लिए हानिकारक है, एक कश लगाते ही युवक ने गंवाई आवाज

राजकोट। धूम्रपान सेहत के लिए हानिकारक है ऐसी चेतावनी कई जगह लिखी देखने को मिल जाती है। धूम्रपान से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों के रोग से बचने के लिए धूम्रपान ना करने की हिदायत दी जाती है। लंबे समय तक धूम्रपान करने से कैंसर इत्यादि की बीमारी होने की बात सुनी होगी, लेकिन सिगरेट का एक कश लगाने के साथ आवाज गंवाने की घटना पहली बार सुनी है. यह चौंकानेवाली घटना राजकोट की है. जहां एक शख्स पशुओं को चरा रहा था. तब एक अज्ञात व्यक्ति ने युवक को पीने के लिए सिगरेट दी. सिगरेट पीते ही युवक की तबियत बिगड़ गई और उसे उपचार के लिए राजकोट के अस्पताल में भर्ती कराया गया. सिगरेट पीने से युवक की आवाज जाने की खबर के बाद धूम्रपान करने वालों में दहशत फैल गई. धूम्रपान से गंभीर बीमारियों के बारे में सुना है जो जान तक ले सकती हैं. लेकिन धूम्रपान और वह भी एक कश लगाने के बाद तुरंत आवाज गंवाने की घटना शायद ही सुनी होगी. सर्वोदय होस्पिटल एन्ड रिसर्च सेंटर के इन्टरनल मेडिसिन स्पेश्यालिस्ट और जनरल फिजिशियन डॉ. सुमित अग्रवाल के मुताबिक लंबे समय तक धूम्रपान करने से गले में दर्द हो सकता है, लेकिन इस मामले में और रिसर्च करने की जरूरत है. सिगरेट पीने से इस प्रकार आवाज को नुकसान नहीं पहुंचाती. उसके कई दुष्प्रभाव है लेकिन कंठस्थान पर तुरंत उसका प्रभाव देखने को नहीं मिलता.

गुजरात में शुरू होगा देश का पहला विदेशी यूनिवर्सिटी का कैम्पस

अहमदाबाद . गुजरात के विद्यार्थियों को अब पढ़ाई के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं होगी. क्योंकि गुजरात में ऑस्ट्रेलियन यूनिवर्सिटी शुरू होने जा रही है. ऑस्ट्रेलिया की दो वोलोनगोंग और डीकिन यूनिवर्सिटी गुजरात में कैम्पस शुरू करेगी. बता दें कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने 1 फरवरी को दिल्ली यूनिवर्सिटी के वैंकटेश्वर कॉलेज में आयोजित समारोह में घोषणा की थी कि ऑस्ट्रेलिया की दो यूनिवर्सिटी गुजरात के गिफ्ट सिटी में अपने कैम्पस स्थापित करेगी. भारत में पहली बार किसी विदेशी यूनिवर्सिटी का कैम्पस खुलने वाला है. गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में एक स्वतंत्र कैम्पस के माध्यम से भारत में प्रवेश करने वाली पहली विदेशी यूनिवर्सिटी बनने को तैयार है. संभावना है कि 8 मार्च को ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी नॉर्मन अल्बनिज अहमदाबाद यात्रा के दौरान इसकी घोषणा कर सकते हैं. आईएफएससी के श्रीनिवास के मुताबिक यूके की भी कई यूनिवर्सिटी गिफ्ट सिटी में कैम्पस शुरू करने पर विचार कर रही है. ऑस्ट्रेलिया के साथ किए जानेवाले करार में दोनों देशों के विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ पढ़ाई करने और नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. वोलोनगोंग यूनिवर्सिटी की शुरुआत साल के अंत में होगी. जिसमें वाणिज्य समेत मैनेजमेंट से संबद्ध पाठ्यक्रम पढ़ाए जाएंगे. डीकिन यूनिवर्सिटी की स्थापना भी इसी कैम्पस में होगी. भारतीय विद्यार्थियों के स्कील डेवलपमेंट पर ऑस्ट्रेलिया करीब 19 लाख डॉलर खर्च करेगी. डीकिन भारत में अपना कैम्पस बनाने वाली पहली विदेशी यूनिवर्सिटी होगी.

पूर्वोत्तर में जीत से गदगद श्रीनगर में भाजपा कार्यकर्ता, घाटी में बनेगी भाजपा सरकार

जम्मू । पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बाद से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल है। इस साल अभी छह और राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। इसकारण चुनावों की तैयारियों में जुटे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को लगता है कि पीएम मोदी का जादू बाकी सभी जगह भी चलेगा। जम्मू-कश्मीर के बारे में भी माना जा रहा है कि इस साल गर्मियों में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, क्योंकि परिसीमन का काम पूरा हो चुका है। इसलिए जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। तीन राज्यों के परिणाम ने इन कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ा दिया है। श्रीनगर में जिस तरह भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया वह देखते ही बन रहा था। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि हम पूर्वोत्तर के राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी सरकार बनाने वाले हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है, इसलिए हर कोई भाजपा के साथ जुड़ रहा है। बता दें कि जश्न के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और मोदी मोदी के नारे भी लगाए।

11 मार्च को जंतर-मंतर से न्यू विजन ऑफ इंडिया पेश करुंगा : सिब्बल

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व नेता और निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने दावा किया है कि वहां आगमी 11 मार्च को जंतर-मंतर से एक मुहिम की शुरुआत के तहत न्यू विजन ऑफ इंडिया पेश करुंगा। सिब्बल ने कहा कि ये कोई राजनीतिक मुहिम नहीं हैं। हम चाहते हैं कि सब मिलकर इस बदलाव के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि किसी भी शासन में सब चीजें बुरी नहीं होती पर अब उसकी हद हो चुकी है। इसकारण 11 मार्च को जंतर-मंतर पर हम इस मुहिम की शुरुआत करने वाले हैं। इसके लिए सिब्बल विपक्षी दलों के नेताओं और मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करने वाले हैं। इस सिलसिले में वहां महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ जाकर विपक्षी दलों के नेताओं को एकजुट करने वाले हैं। हालांकि सिब्बल ने कहा, मैं पीएम मोदी जी की आलोचना करने नहीं बैठा, मैं उन्हें सुधार दूंगा। ये कोई राजनिक मुहिम नहीं हैं। हम चाहते हैं कि सब मिलकर इस बदलाव के लिए काम करें। मैं पूछना चाहता हूं कि हिंदुस्तान के वकील चुप क्यों हैं। मुझे लगता है कि हिन्दुस्तान के वकीलों को एकजुट होकर एक नई आवाज उठानी चाहिए। देश का संविधान ये कहता है कि इंसाफ मिलना चाहिए न्याय (सामाजिक, आर्थिक और राजानिक) होना चाहिए। एक चुनी हुई सरकार को गिरा दिया गया, विश्व में कौन सा ऐसा लोकतांत्रिक देश है, जहां पर ऐसा होता है और इस पर कोर्ट, जनता और वकील चुप बैठे हैं। सिब्बल ने दावा किया कि केवल देश के सौ लोगों के पास 54 लाख करोड़ है। देश बिना बजट के इस पैसे से 18 महीने तक चल सकती है। किसी के पीछे भी ईडी और सीबीआई लगा दी जा रही है। हम देश में सरकार बनाम जनता देख रहे हैं। 121 लोगों खिलाफ ईडी पहुंची, इसमें से 115 विपक्षी लोग थे। जो बीजेपी में शामिल हुए, उनके खिलाफ केस भी खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा, एक नागरिक की डिग्निटी की रक्षा करना संविधान का कर्तव्य है, लेकिन सरकार उसी के धर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। ये वक्त आ गया है जानता को जागरूक करने का, आप हमारे धर्म के सिपाही बनिए, मैं चाहूंगा विपक्षी दलों के सीएम और नेता हमारे अभियान में सहयोग दें।

दुर्भाग्य से आजादी के बाद आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जोर नहीं दिया गया, हमारी सरकार ने दिया : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । (एजेंसी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुनियादी ढांचा और निवेश को लेकर आयोजित वेबिनार को संबोधित कर कहा कि इस साल का बजट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को नई ग्रोथ एनर्जी देगा। उन्होंने कहा कि देश के विकास की प्रक्रिया में इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करना हमेशा एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। इस क्षेत्र में हो रहे कार्यों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज, राष्ट्रीय राजमार्गों का औसत वार्षिक निर्माण 2014 से पहले की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से आजादी के बाद आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना बल नहीं दिया गया, जितना दिया जाना चाहिए था। हमारे यहां दशकों तक एक सोच हावी रही कि गरीबी एक मनोभाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स और कई प्रतिष्ठित मीडिया हाउसेस ने भारत के बजट और उसके रणनीतिक निर्णयों की तारीफ की है। नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइप लाइन के तहत सरकार आने वाले समय में 110 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ये समय प्रत्येक स्टेक होल्डर के लिए नए दायित्व, नई संभावनाओं और साहसपूर्ण निर्णयों का है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे यहां दशकों तक सोच हावी रही कि गरीबी एक मनोभाव है। इस सोच की वजह से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश करने में पहले की सरकारों को दिक्कत होती थी। हमारी सरकार ने इस सोच से देश को बाहर निकालकर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हर साल 600 रूट किलोमीटर रेल लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन होता था। आज ये लगभग 4000 रूट किलोमीटर तक पहुंच रहा है। एयरपोर्ट की संख्या 2014 की तुलना में 74 से बढ़कर 150 के करीब पहुंच चुकी है।

येदियुरप्पा ने कहा, लोकायुक्त की जांच में हस्तक्षेप का सवाल ही नहीं

बेंगलुरू । कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार रिश्वत के आरोपी पार्टी विधायक और उनके बेटे को नहीं बचाएगी। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त की जांच में हस्तक्षेप का सवाल ही नहीं उठाता है। येदियुरप्पा ने कहा कि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई इस संबंध में पहले ही एक बयान जारी कर चुके हैं। उन्होंने कहा, कोई भी जांच में हस्तक्षेप की कोशिश नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कानूनी ढांचे के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी। मैं इसके बारे में आगे नहीं बोलूंगा। येदियुरप्पा ने बोम्मई के इस्तीफे की मांग कर रहे कांग्रेस नेताओं के विरोध पर टिप्पणी करने से इनकार किया। इस बीच, लोकायुक्त सूत्रों ने बताया कि वे मामले के संबंध में चन्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मदल विरुपक्षप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके पुत्र प्रशांत मदल को निविदा आवंटन के एवज में 40 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। विधायक विरुपाक्षप्पा को मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया है। प्रशांत मदल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बीच कांग्रेस बोम्मई के इस्तीफे की मांग को लेकर उनके आवास के सामने धरना दे रही है।

सिसोदिया को झटका, जमानत पर 10 मार्च को सुनवाई

सीबीआई ने कहा, जांच में नहीं कर रहे सहयोग

नई दिल्ली । (एजेंसी)

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शनिवार को अदालत में पेश किया। सीबीआई और सिसोदिया की ओर से पेश वकील ने अपने-अपने पक्ष रखें। विशेष जज एमके नागपाल ने केस की सुनवाई की। कोर्ट ने पूरे मामले को सुनकर पूछा कि जांच में सहयोग न करना रिमांड का आधार कैसे? सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब सिसोदिया की जमानत पर 10 मार्च को सुनवाई होगी। वहीं सीबीआई की ओर से 3 दिन की रिमांड पर कोर्ट ने अपना फैसला दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की दो दिन की हिरासत में भेजा गया है। सीबीआई की ओर से सिसोदिया की तीन दिन की रिमांड मांगी गई। कोर्ट में सीबीआई की तरफ से कहा गया कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। साथ ही आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने की बात कही। कोर्ट से कहा गया कि सिसोदिया एक अभियुक्त की तरह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। जज की तरफ से सीबीआई से केस डायरी मांगी है। सीबीआई ने कहा कि कुछ दस्तावेज जिनका जिक्र अन्य आरोपियों ने अपने बयान में किया वहां दस्तावेज मीसिंग हैं। वहां कह रहे हैं कि ये दस्तावेज सिसोदिया के पास है, जबकि पूर्व डिप्टी सीएम इस पर किसी भी तरह की हामी नहीं भर रहे हैं। इन गुम या गायब हुए दस्तावेज को ट्रेस करने के लिए सिसोदिया से पूछताछ किए जाने की जरूरत है। तभी पता चलेगा। वहीं सिसोदिया की ओर से पेश वकील ने रिमांड का विरोध किया। उनकी ओर से कहा गया कि इन पांच दिनों क्या हासिल किया गया? जब पांच दिनों में कुछ नहीं मिला तब अगले 3 दिनों में क्या मिलेगा? सिसोदिया ने कहा कि उनके पास सीबीआई की तरफ से हासिल करने के लिए कुछ नहीं है। जांच में सहयोग के आरोप निराधार है। सिसोदिया के वकील ने कहा कि सीबीआई हमसे वहीं जवाब हासिल करना चाहती है जो वहां सुनना चाहती है। सिसोदिया को कथित आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने अब रद्द की जा चुकी साल 2021-22 की आबकारी नीति बनाने एवं उस लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में 26 फरवरी की शाम को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के अनुसार, गिरफ्तार करने से पहले सिसोदिया से आठ घंटे तक पूछताछ की गई थी, लेकिन उनके जवाब कथित रूप से संतोषजनक नहीं थे। अदालत ने 27 फरवरी को सिसोदिया को सीबीआई हिरासत में भेज दिया था ताकि जांच एजेंसी उपयुक्त एवं निष्पक्ष जांच के लिए ''उनके सामने रखे जाने वाले सवालों का 'वास्तविक एवं वैध' उत्तर प्राप्त कर सके।

दो माह में दो रैलियां, लेकिन पीएम मोदी के खिलाफ विपक्ष का चेहरा कौन नहीं पता

केसीआर और स्टालिन ने ठोंकी अपनी-अपनी ताल

नई दिल्ली । (एजेंसी)

पिछले दो माह में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने 2024 लोकसभा चुनाव के तहत दक्षिण में हुई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी दो अलग-अलग सभाओं में भाग लिया, लेकिन केंद्रीय नेता को लेकर अब भी असमंजस कायम है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को पूरी तरह स्पष्ट कर अपनी पार्टी का नाम भी बदल दिया है, जबकि तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया कि वह पहले से ही राष्ट्रीय परिदृश्य में हैं।

स्टालिन ने एक मार्च को अपने जन्मदिन की रैली में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को हटाने के प्रयासों में कांग्रेस को अहम ताकत बताया, लेकिन तीसरे मोर्चे की संभावनाओं पर भी पानी फेरने की कोशिश की। राव एवं स्टालिन क्षेत्रीय क्षत्रप साबित हुए हैं, जो भाजपा की ताकत का मुकाबला कर सकते हैं, दोनों को ही हाल में शीर्ष राष्ट्रीय नेताओं के साथ देखा गया है।

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) द्वारा 18 जनवरी को खम्मम में हुई बैठक में अगले साल केंद्र में सत्ता परिवर्तन के लिए स्पष्ट आह्वान किया गया, तब स्टालिन के 70वें जन्मदिन पर चेन्नई में आयोजित रैली में विपक्षी एकता पर जोर दिया गया। बीआरएस नीत बैठक में केंद्र में सरकार बदलने की आवश्यकता को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की गई, जबकि चेन्नई में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी सोच के साझा जुड़ाव को रेखांकित किया और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला जैसे नेताओं ने स्टालिन के बड़ी भूमिका निभाने की वकालत की। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) का साझा सामाजिक दृष्टिकोण है।

वहीं इस पूरे प्रकरण में राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि खम्मम में आयोजित बैठक को तेलंगाना के मुख्यमंत्री की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को पेश करने के लिए उनके शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा गया, लेकिन जनसभा में राजनीतिक दुविधा नजर आई। केसीआर ने न तो बीआरएस के एजेंडे के बारे में कुछ बताया और न ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने राजनीतिक मित्रों के बारे में कोई संकेत दिया। उन्होंने कहा कि केसीआर के कार्यक्रम के लिए आए नेताओं में केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के शीर्ष नेता डी राजा शामिल थे, लेकिन उन्होंने भी केसीआर को अपना नेता घोषित नहीं किया। चेन्नई स्थित राजनीतिक पर्यवेक्षक ने कहा कि दोनों समूह 2024 में मोदी को हारते देखना चाहते हैं, लेकिन वे इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि किसे नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा, गठबंधन का नेतृत्व किसे करना चाहिए, इस बात को लेकर विपक्षी दलों में असमंजस की स्थिति है। इस तरह की दुविधा और असहयोग के कारण मोदी अगले साल तीसरी बार अपनी सरकार बना लेने वाले हैं।

आईआरसीटीसी के टूर पैकेज से करें चार धाम की यात्रा

नई दिल्ली । (एजेंसी)

चार धाम की यात्रा करने का प्लान बना रहे श्रद्धालुओं के लिए भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के पास एक खास पैकेज है। आईआरसीटीसी के अनुसार यह यात्रा 11 रातों/12 दिनों में पूरी होगी। इस पैकेज के तहत हरिद्वार यामुनोत्री गंगोत्री केदारनाथ बद्रीनाथ ऋषिकेश को कवर किया जाएगा। इसटूर पैकेज की शुरुआत 21 मई से होगी। आईआरसीटीसी की ओर से बताया गया है कि इस यात्रा की शुरुआत मुंबई एयरपोर्ट से की जाएगी जहां से यात्रियों को पिक किया जाएगा। इसके बाद शेड्यूल के अनुसार मुंबई से दिल्ली और फिर दिल्ली से आपकी यात्रा शुरू हो जाएगी सबसे पहले आप बद्रीनाथ पहुंचेंगे और यहां से फिर बरकोट गंगोत्री गुप्तकाशी हरिद्वार जानकी चट्टी केदारनाथ सोनप्रयाग उत्तरकाशी और यमुनोत्री लेकर जाया जाएगा। आईआरसीटीसी के एयर टूर पैकेज की लागत की बात करें तो तीन लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति किराया 67000 रुपए होगा जबकि दो लोगों के साथ यात्रा पर प्रति व्यक्ति किराया 69900 रुपये देना होगा। इस पैकेज के किराए में ही यात्रियों के रहने और खाने की सुविधा भी होगी इसके लिए आपको अलग से जार्च नहीं देना होगा। पहली यात्रा- 21 मई 2023 से शुरू होकर 1 जून 2023 तक चलेगी दूसरी यात्रा- 28 मई 2023-8 जून 2023 तक तीसरी यात्रा- 4 जून 2023- 15 जून 2023 चौथी यात्रा- 11 जून 2023-22 जून 2023 पांचवी यात्रा 18 जून 2023- 29 जून 2023 छठी यात्रा 25 जून 2023-6 जुलाई 2023 तक चलेगी। यात्री अपनी सहूलियत के अनुसार निर्धारित तिथि पर यात्रा कर सकते हैं।

नेफ्यू रियो ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा, 7 मार्च को होगा नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली । (एजेंसी)

नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने शनिवार को अपना इस्तीफा राज्यपाल ला गणेशन को सौंप दिया है। नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी फिर भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाने वाली है। संभावना है कि 7 मार्च को नागालैंड में शपथ ग्रहण के कार्यक्रम होगा है। चुनावी नतीजे सामने आने के बाद नवनिर्वाचित एनडीपीपी विधायक कोहिमा में मिले और नेफ्यू रियो को विधायक दल का नेता चुना। नेफ्यू रियो सीएम के तौर पर अब तक सबसे अधिक कार्यभार संभाल चुके हैं।

नगालैंड में हाल में हुए चुनावों में 60-सदस्यीय विधानसभा में 37 सीट हासिल करने के बावजूद नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन ने राज्य में सरकार बनाने का अभी तक दावा पेश नहीं किया है। दोनों दलों के सूत्रों ने कहा कि उनके विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले निवर्तमान मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के साथ एक संयुक्त बैठक करने वाले हैं। मौजूदा सरकार का कार्यकाल 12 मार्च को खत्म होगा। रियो ने सरकार गठन पर राय जानने के लिए पार्टी प्रमुख के कार्यालय में एनडीपीपी के नए विधायकों के साथ बंद कमरे में बैठक की। सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर नवनिर्वाचित विधायक सरकार गठन तक एक साथ रह रहे हैं। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि पार्टी के विधायक रविवार तक एक समन्वय बैठक करने वाले हैं, जिसके बाद एनपीपीपी के विधायकों के साथ एक संयुक्त बैठक होगी। चुनाव में 37 सीट एनडीपीपी-भाजपा के चुनाव-पूर्व गठबंधन ने जीती, जिनमें से एनडीपीपी ने 25 और भाजपा ने 12 सीट हासिल की। एनडीपीपी ने 2018 में 18 सीट, जबकि भाजपा ने 12 सीट ही जीती थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सात सीट, एनपीएफ ने पांच और नगा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और आरपीआई (आठवले) ने दो-दो सीट जीती। जनता दल (यूनाइटेड) ने एक सीट, जबकि चार निर्दलीय जीते हैं।

74 रुपये के शेयर ने करा दी बिग बी को बंपर कमाई, 5 साल में 5 गुना रिटर्न

मुंबई । (एजेंसी)

बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन एक छोटी कंपनी के शेयर में दांव लगाकर बंपर कमाई कर रहे हैं। उनके पोर्टफोलियो में शामिल एक छोटी कंपनी के शेयर ने बीते 5 साल में 5 गुना रिटर्न दिया है। दरअसल, साल 2017 में वायरिंग कंपनी डीपी वायर्स का आईपीओ आया था। तब अमिताभ ने इस आईपीओ में दांव लगाया था। अमिताभ के पास वर्तमान में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में लिस्टेड डीपी वायर्स के 3,32,800 शेयर या 2.45 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी का आईपीओ आने के बाद बिग बी ने इसके शेयरों में निवेश किया था। बिग बी के पास कंपनी के शेयर सितंबर 2018 से ही हैं।

डीपी वायर्स के शेयर प्राइस में 4.87 गुना का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 3 सितंबर 2018 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 74 रुपये पर था। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते कारोबारी दिन यानी 3 मार्च 2023 को कंपनी के शेयर 359.85 रुपये के स्तर पर पहुंच गए हैं। इसके साथ कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 488.92 करोड़ रुपये पहुंच गया है। सितंबर 2018 में यह 100.40 करोड़ रुपये के स्तर पर था।

करीब पांच गुना रिटर्न देकर इस स्मॉलकैप शेयर ने बिग-बी को जोरदार कमाई कराई है। बीते एक साल में शेयर ने लगभग 20 फीसदी का रिटर्न दिया है। बिग बी ने जब इन शेयरों में निवेश किया था, तब उनका निवेश मूल्य करीब 2.5 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर करीब 12 करोड़ रुपये हो गया है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)